वर्ष 72 अंक 229 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 18 मई, 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
Sunday
www.dainikjagranmpcg.com

## एमपीपीएससी ने रोकी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025

MPPSC

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 पर रोक लगा दी है। यह परीक्षा नौ से 14 जून तक ऑफलाइन पद्धति से प्रदेशभर में आयोजित होनी थी। परीक्षा के संबंध में हाईकोर्ट में प्रकरण लंबित है। हाईकोर्ट ने परीक्षा पर स्थगन आदेश जारी किया हुआ है। इसके चलते आयोग को परीक्षा पर रोक लगानी पड़ी है। अब हाईकोर्ट में लंबित प्रकरण का निराकरण होने के बाद ही परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। आयोग परीक्षा की संशोधित तिथि जारी कर परीक्षा कराएगा। जानकारी के मुताबिक याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट की याचिका क्रमांक डब्ल्यूपी/9253/2025 तथा डब्ल्यूपी/11444/2025 में कहा कि आरक्षित वर्ग को मेरिट में स्थान मिलने पर चयनित किया जा रहा है जबकि आयु में आरक्षण सीमा का लाभ भी लिया जा रहा है। जो अभ्यर्थी मेरिट से चयनित हो, उसे आरक्षण के हिसाब से आयु सीमा में छूट नहीं मिलनी चाहिए। माना जा रहा है कि इस याचिका पर सुनवाई होने के बाद ही परीक्षा आयोजित हो सकेगी।

## आईपीएल में आज

IPL 2025 TATA IPL

**राजस्थान बनाम पंजाब**
समय : अपराह्न 3.30 बजे से

**गुजरात बनाम दिल्ली**
समय : शाम 7.30 बजे से

प्रसारण : स्टार स्पोर्ट्स जियो हॉटस्टार पर

### डेलिगेशन पर दंगल: विदेश जाने वाले सांसदों की लिस्ट देखकर कांग्रेस हैरान

# कांग्रेस ने नाम नहीं दिया फिर भी थरूर शामिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख दुनिया को बताने के लिए सर्वदलीय सांसदों के 7 डेलिगेशन बनाए हैं। ये डेलिगेशन दुनिया के बड़े देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों का दौरा करेंगे। संसदीय कार्य मंत्रालय ने शनिवार को डेलिगेशन को लीड करने वाले सांसदों के नाम भी जारी कर दिए। इसमें कांग्रेस से एकमात्र सांसद शशि थरूर का नाम शामिल है, जिससे विवाद हो गया है। दरअसल, थरूर का नाम कांग्रेस ने दिया नहीं था मगर केंद्र सरकार ने उन्हें शामिल कर लिया है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, शुक्रवार सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के नाम दिए थे। थरूर का नाम दिया ही नहीं था पर वे डेलीगेशन में शामिल होंगे, जबकि जिन लोगों के नाम दिए गए थे, उन्हें शामिल नहीं किया गया। जयराम रमेश ने इसे लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। रमेश ने शशि थरूर पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना, दोनों में जमीन-आसमान का फर्क है। जब किसी सांसद को किसी सरकारी प्रतिनिधिमंडल में भेजा जाता है, तो पार्टी से सहमति लेना एक लोकतांत्रिक परंपरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कांग्रेस से चर्चा किए बिना शशि थरूर का नाम सूची में शामिल किया।

### थरूर बोले- सम्मानित महसूस कर रहा हूं



दूसरी तरफ, शशि थरूर ने डेलिगेशन का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलने पर केंद्र का आभार जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं हाल की घटनाओं पर हमारे देश का दृष्टिकोण रखने के लिए पांच प्रमुख देशों की राजधानियों में एक सर्वदलीय डेलिगेशन का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार के निमंत्रण से सम्मानित महसूस कर रहा हूं। जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। इससे पहले शशि थरूर ने 8 मई को केंद्र सरकार की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तान और दुनिया के लिए मजबूत संदेश है। भारत ने 26 बेकसूर नागरिकों की मौत का बदला लेने के लिए सटीक कार्रवाई की है।

### भाजपा ने कसा कांग्रेस पर जोरदार तंज

भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि कहीं कांग्रेस ने शशि थरूर को इसलिए तो नहीं छोड़ा क्योंकि वे पार्टी हाईकमान से ज्यादा चमक रहे हैं। किरेन रिजिजू ने एक पोस्ट में थरूर का नाम सूची में होने की पुष्टि करते हुए कहा कि जब देशहित की बात होती है, भारत एकजुट खड़ा होता है। हम सोच रहे थे कि कांग्रेस शशि थरूर का नाम जरूर बताएगी, क्योंकि उनकी विदेशों में साख है, लेकिन उसने जिन चार सांसदों के नाम दिए, उनमें थरूर का नाम शामिल नहीं था। ऐसा क्यों? क्या इसलिए कि थरूर राहुल से होशियार हैं।

### श्रीकांत शिंदे भी करेंगे डेलिगेशन का नेतृत्व

संसदीय कार्य मंत्रालय ने डेलिगेशन का नेतृत्व करने वाले जिन 7 सांसदों के नाम जारी किए हैं, उनमें थरूर के अलावा भाजपा से रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, जदयू के संजय कुमार झा, डीएमके की कनिमोझी करुणानिधि, एनसीपी की सुप्रिया सुले और शिवसेना (शिंदे गुट) के श्रीकांत एकनाथ शिंदे शामिल हैं। इनके नेतृत्व में सातों डेलिगेशन 23 या 24 मई को भारत से रवाना होंगे। फिर अगले 10 दिनों के लिए दुनिया के बड़े देशों में जाएंगे। वहां बताएंगे कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृष्टिकोण क्या है।

### भाजपा लंबे समय से डाल रही थरूर पर डोरे

गौरतलब है कि भाजपा शशि थरूर पर लंबे समय से डोरे डाल रही है। दरअसल, उसे एक ऐसे नेता की जरूरत है जो केरल में भाजपा का चेहरा बन सके। थरूर पार्टी की यह जरूरत पूरी कर सकते हैं, क्योंकि राजनीति में उनकी छवि बेहद अच्छी है। उनकी पहचान नेता की कम, पूर्व राजनयिक और साहित्यकार की ज्यादा है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने मेट्रोमैन ई श्रीधरन पर दांव लगाया था, लेकिन वे चुनाव हार गए थे।

# पाक के लिए जासूसी करने के आरोप में यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा गिरफ्तार

**हिसार, जेएनएन।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया है। हिसार पुलिस ने शनिवार को ज्योति को कोर्ट में पेश कर 5 दिन की रिमांड पर भी ले लिया। पिछले एक हफ्ते में ज्योति के अलावा हरियाणा से 3 और पंजाब से 3 पाकिस्तानी जासूस अरेस्ट किए जा चुके हैं।

हिसार पुलिस के मुताबिक, ज्योति पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में थी। वह सोशल मीडिया के माध्यम से भारत की गोपनीय जानकारी भेज रही थी। तीन बार पाकिस्तान की यात्रा कर चुकी ज्योति पर भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की नजर थी। ज्योति दो बार सिख श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ पाकिस्तान गई। एक बार वह करतारपुर साहिब कॉरिडोर के जरिए वहां गई। उसने कुछ ऐसे वीडियो भी बनाए जिससे पाकिस्तान की छवि में सुधार आए। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात पाकिस्तानी कर्मचारी एहसान उर रहीम उर्फ दानिश ने ज्योति मल्होत्रा को डिनर पर बुलाया था। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत हुई और यूट्यूबर ने उसके साथ एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया था। बाद में दानिश और उसके साथी अली एहसान ने ज्योति को पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों से मिलवाया। यह वही दानिश है, जिसे भारत ने हाल ही में 24 घंटे का अल्टीमेटम देकर भारत से निकाला था। भारत और पाकिस्तान के तनाव के बीच दानिश के डिनर में शामिल होने के कारण खुफिया एजेंसियां ज्योति के पीछे लग गईं और उसकी गद्दारी के प्रमाण जुटा लिए।



### चर्चित ब्लॉगर है ज्योति

ज्योति मल्होत्रा पर्यटन से जुड़े ब्लाग बनाती है। उसने पाकिस्तान को लेकर सबसे ज्यादा वीडियो बनाए। फेसबुक पर उसके 3.21 लाख फॉलोअर्स हैं। इंस्टाग्राम 1.32 जबकि यूट्यूब पर 3.77 लाख सब्सक्राइबर हैं।

# विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर नजर रखने शुगर बोर्ड बनाएं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) अपने स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के लिए नई शुरुआत करने जा रहा है। सीबीएसई ने सभी स्कूलों को बच्चों को मीठा खाने से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करने के लिए 'शुगर बोर्ड' बनाने का निर्देश जारी किया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर सीबीएसई ने यह पहल की है।




सीबीएसई का निर्देश

सीबीएसई के अनुसार, पिछले कुछ सालों में बच्चों में टाइप-2 डायबिटीज तेजी से बढ़ रही है। यह बीमारी पहले सिर्फ बड़ों को होती थी, लेकिन अब बच्चों में भी देखी जा रही है। इसका बड़ा कारण चीनी और जंक फूड का ज्यादा सेवन है। यही वजह है कि शुगर बोर्ड जरूरी है और इसका इसका मकसद है बच्चों को पिज्जा, बर्गर, कोल्ड ड्रिंक्स और प्रोसेस्ड फूड से होने वाली बीमारियों, खासकर डायबिटीज के खतरे से बचाना। स्कूलों में सेमिनार और वर्कशॉप होंगे, जिनमें विशेषज्ञ बच्चे और पैरेंट्स को बताएंगे कि अधिक चीनी खाने से क्या नुकसान होता है। गौरतलब है कि अभी स्थिति यह है कि 4 से 10 साल के बच्चे 13 फीसदी तो 11 से ऊपर वाले बच्चे 15 प्रतिशत अधिक कैलोरी ले रहे हैं, जबकि इनके लिए सिर्फ 5 फीसदी कैलोरी निर्धारित है।

## दिल्ली में आप के 15 पार्षदों का इस्तीफा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में आप के 15 नगर पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। इन्होंने इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी नाम से अगल दल बनाने की घोषणा भी कर दी है। मुकेश गोयल नए मोर्चे का नेतृत्व करेंगे। इस्तीफा देने वाले अन्य पार्षदों में हेमचंद गोयल, हिमानी जैन, रुनाक्षी शर्मा, उषा शर्मा, अशोक पांडेय, राखी यादव, साहिब कुमार, राजेश कुमार लाडी, मनीषा, सुमन अनिल राणा, देविंदर कुमार और दिनेश भारद्वाज शामिल हैं।

पार्षदों ने एक प्रेस रिलीज में लिखा, हम सभी पार्षद एमसीडी में साल 2022 में आप की टिकट से चुने गए थे। हालांकि, 2022 में चुनाव जीतने के बावजूद पार्टी का शीर्ष नेतृत्व एमसीडी को ठीक से नहीं चला पाया। बड़े नेताओं का पार्षदों से आपस में समन्वय न के बराबर रहा, जिसके कारण पार्टी विपक्ष में आ गई है।



# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न: तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब





**जागरण, सतना।** सतना में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में आयोजित तिरंगा यात्रा में सर्व समाज के साथ सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा सिटी कोतवाली के पीछे गुरुनानक दरबार से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों अग्रसेन चौक जय स्तम्भ चौक रेल्वे स्टेशन रोड पन्नीलाल चौक चौक बाजार बिहारी चौक गांधी चौक हनुमान चौक मैथिलीशरण चौक लालता चौक जवाहर चौक सुभाष चौक से होते हुए जय स्तम्भ चौक पर समाप्त हुई। ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर सतना में निकली तिरंगा यात्राए गूंजे भारत माता के जयकारे ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक कामयाबी का जश्न शनिवार को सतना की सड़कों पर जोश और गर्व के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा मैदान से '500 फिट का तिरंगा' से एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गईए जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। हर हाथ में तिरंगा और हर दिल में देशभक्ति का जज़्बा साफ दिखाई दे रहा था। जैसे ही यात्रा आगे बढ़ीए देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा भारत माता की जय वंदे मातरम और जय हिन्द की गूंज से शहर की सड़कों में जोश भर गया। तिरंगा यात्रा अदम्य साहस और वीरता को समर्पित थी जिसमें युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना की सफलता और देश की एकता को नमन करना था। सतना में देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया बल्कि यह भी दिखाया कि देशवासियों का मनोबल हमारे वीर जवानों के साथ हमेशा अडिग खड़ा है। इस अवसर पर कार्यक्रम 'संयोजक महापौर योगेश ताम्रकार' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद को पस्त किया है और आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफकार्रवाई करने में सक्षम है और दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारने की क्षमता रखता है।

श्री ताम्रकार ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया के सामने हमारी सेनाओं ने साहस और शौर्य के प्रमाण दिए हैं। हमनें एक जुट होकर विश्व को यह संदेश दिया कि दुश्मन कितना ही चालाक क्यों न हो हम अपनी एकता को अक्षुण रखेंगे । राष्ट्रीय एकता सर्वोपरी है इसे यदि शत्रु ने हानि पहुचानें की कोशिश की तो उसे मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा । आज फिर से हमारी सेना ने वही शौर्य और पराक्रम दिखाया है । नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी' ने भी इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने में सफलता प्राप्त की है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि भारत अब किसी भी आतंकवादी घटना का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। श्री मती बागरी ने कहा कि राष्ट्र की वेदी पर अपने चिराग न्योछावर करने वाले शहीदों के परिवार जनों को प्रणाम किया । उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश कि आन.बान और शान है इसकी मर्यादा का सदैव ध्यान रखें।

'सांसद गणेश सिंह' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पाक प्रेरित आतंकवाद को जड़.मूल से नष्ट करने को संकल्पित है। देश की तीनों सेनाओं ने आतंकवादियों और दुश्मन देश को बताया कि पाक में बैठे आतंक के आका उसकी पहुंच से दूर नहीं हैं। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सेना ने पाकिस्तान में दाखिल होकर दुश्मनों से बदला लिया । भारतीय सेना के शौर्यए पराक्रम और अदम्य साहस पर संपूर्ण देश को गर्व है ।

# किसानों के लिए वरदान है सुपर सीडर - नरवाई का निदान और बुवाई एक साथ



**जागरण, सतना।** खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए शासन द्वारा कई योजनाएं लागू की गई हैं। किसानों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी का उदाहरण सुपर सीडर है। सुपर सीडर ट्रैक्टर के साथ जुड़कर कार्य करने वाला ऐसा यंत्र है जो नरवाई की समस्या का निदान करने के साथ-साथ बुवाई भी करता है। जो किसान धान की खेती के बाद गेंहू और चने की बुवाई करते हैं उनके लिए यह अत्यंत उपयोगी है। सुपर सीडर धान अथवा अन्य किसी भी फसल के डंठल जिसे नरवाई कहा जाता है उसे आसानी से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर मिट्टी मे मिला देता है। इसके उपयोग से नरवाई को जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे एक ओर पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण होता है वहीं दूसरी ओर मिट्टी के ऊपरी परत के उपयोगी जीवाणुओं के जीवन की रक्षा भी होती है। सुपर सीडर से नरवाई वाले खेत में सीधे गेंहू, चने अथवा अन्य फसल की बोनी की जा सकती है। इसके उपयोग से किसान को नरवाई की झंझट से मुक्ति मिलती है। जो नरवाई किसान के लिए समस्या है उसे सुपर सीडर खाद के रूप में बदलकर वरदान बना देता है। संभागीय कृषि अभियांत्रिकी विभाग सतना में सुपर सीडर उपलब्ध है। शासन की योजनाओं के तहत किसान को सुपर सीडर खरीदने पर 40 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। सुपर सीडर सामान्य तौर पर एक घण्टे में एक एकड़ क्षेत्र में नरवाई नष्ट करने के साथ बुवाई कर देता है। गेंहू के बाद जिन क्षेत्रों में मूंग की खेती की जाती है वहाँ भी सुपर सीडर बहुत उपयोगी है।

# डॉ. रश्मि सिंह की अगुवाई में कांग्रेस जनों ने फूंका पुतला




**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार पौड़ी चौकी पास कांग्रेसजनो ने डॉक्टर रश्मि की विशेष उपस्थिति में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा भारतीय सेना के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विरोध दर्ज कराते हुए पुतला दहन किया। एवं पुतला दहन करते हुए कांग्रेस जनो द्वारा सेना के सम्मान में कांग्रेस मैदान में, भारतीय सेना जिंदाबाद, जगदीश देवड़ा मुर्दाबाद,विजय शाह मुर्दाबाद, भाजपा मुर्दाबाद, सोफिया कुरैशी जिंदाबाद, कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाए जाते रहे। उक्त अवसर पर डॉक्टर रश्मि सिंह ने कहा कि मप्र की भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने कर्नल परए फिर उप.मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सेना पर और अब मंडला से सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने साबित कर दिया है कि इनके मन में देश और राष्ट्रहित के प्रति कोई सम्मान एवं अनुशासन नहीं है। प्रमुख रूप से कांग्रेसजन रामबिहारी परॉहा, बलिराम सिंह, चंद्रभान सिंह, अनुराग सिंह, अमित विश्वकर्मा,सुदामा कुशवाहा, रामबली जायसवाल, पुष्पांजलि यादव, पूनम जायसवाल, बेबी सिंह,महेंद्र सिंह, सौरव सेन, अनीश बंसल, गोलू तिवारी, आशीष पांडेय, अमरजीत वर्मा, रामसुरेंद्र सिंह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित जगदगुरु रामभद्राचार्य को सांसद ने दी बधाई



**सतना।** राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित जगदगुरु रामभद्राचार्य को सांसद गणेश सिंह ने बधाई दी है। सांसद ने कहा कि पूज्य संत पद्मविभूषित जगद्गुरु तुलसीपीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य महाराज को ज्ञानपीठ पुरस्कार.2023 से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक अभिनंदन है। यह केवल एक संत का सम्मान नहीं अपितु भारत की समृद्ध संत परंपरा सांस्कृतिक अस्मिता और संस्कृत साहित्य की महत्ता को गौरवगान है। आपकी रचनाएं भाष्य एवं व्याख्याएं न केवल विद्वत्ता का परिचायक हैंए बल्कि उनमें राष्ट्रधर्म अध्यात्म और संस्कृति का सुंदर समन्वय भी विद्यमान है। आपने संस्कृत भाषा के पुनर्जागरण में जो योगदान दिया हैए वह आने वाली पीढयि़ों के लिए पथप्रदर्शक बना रहेगा।

# मंदाकिनी नदी पुनर्जीवन में जनभागीदारी बढ़ाने विभिन्न माध्यमों से हो रहा प्रचार




**जागरण, सतना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चलाए जा रहे मां मंदाकिनी पुनर्जीवन जागरूकता अभियान के छठवें दिवस मंदाकिनी नदी के तटीय ग्रामों तथा चित्रकूट नगर परिषद के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों में दीवार लेखन का कार्य किया गया। दीनदयाल शोध संस्थान एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त समन्वय के आधार पर 11 मई से प्रारंभ किये गए मां मंदाकिनी नदी पुनर्जीवन जागरुकता अभियान के तहत नवांकुर समितियां द्वारा आमजन के बीच जल के संरक्षण एवं संवर्धन की जागरूकता के लिए विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर दीवार लेखन के माध्यम से संदेश लिखे जा रहे हैं। जिससे आम जनता इन संदेशों को पढकर जल के बचत के लिए जागरूक हो सके। नदी पुनर्जीवन हेतु जनभागीदारी बढाने के उद्देश्य से जल स्रोतों की सुरक्षा संबंधी नारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी द्वारा बताया गया कि इस अभियान के तहत नवांकुर संस्थाओं के सहयोग से ग्रामीण जन के साथ मिलकर विभिन्न तटीय ग्रामों में जन संवाद के माध्यम से ग्रामीणों को नदी पुनर्जीवन के विभिन्न विषयों से जोडा जा सका। साथ ही रैली नुक्कड नाटक और दीवार लेखन, मेहदी और पेंटिंग प्रतियोगिता जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय को आमजन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज को मिला ज्ञानपीठ पुरस्कार अभिनन्दन योग्य: प्रो भरत मिश्रा




**जागरण, सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि जगद्गुरु राम भद्राचार्य महाराज को भारत के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार कृ से सम्मानित किया जाना हम सबके लिए अत्यंत गर्व और गौरव का विषय है। वे न केवल अद्वितीय साहित्यकार हैं अपितु एक अध्यात्मिक दार्शनिक और समाज को दिशा देने वाले युगद्रष्टा हैं। उनकी रचनाओं में जहाँ एक ओर शास्त्रीय गहराई हैए वहीं दूसरी ओर सामाजिक करुणा और सांस्कृतिक चेतना की विलक्षण अभिव्यक्ति भी है। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि उनका जीवन स्वयं में एक प्रेरणा है कृ दिव्यांगता को उन्होंने कभी बाधा नहीं बनने दिया बल्कि उसे साधना और सृजन का माध्यम बना दिया। महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्वारा दिया गया यह सम्मान भारतीय साहित्य और संस्कृति की गौरवमयी परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने वाले एक युगपुरुष को समर्पित है। उन्होंने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिवार की ओर से हम उनका हार्दिक अभिनंदन और वंदन अर्पित करते हैं।

# शिव महापुराण की कथा सुनने उमड़ा जन सैलाब



**सतना।** कोठी के प्राचीन मरघट नाथ शिव मंदिर में पिछले 12 मई से क्षेत्रीय भगवत भक्त जनों के सहयोग से आयोजित संगीतमय शिव महापुराण की कथा राष्ट्रीय संत कथा व्यास रामेश्वरानंद सरस्वती के मुखारविंद से चल रही है जिसका श्रवण करने के लिए आसपास के क्षेत्र का जन समुदाय उमड पड़ा कथा के छठवें दिन त्रिपुरासुर वध वृंदा और जालंधर विवाह की कथा के साथ.साथ जालंधर वध की कथा का वर्णन किया गया जिसका उपस्थित सभी भक्तजनों ने बड़े भाव विभोर होकर श्रवण किया महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी ने पहुंचकर शिव महापुराण की कथा का रसपान कियाए आज सत्तम दिवस कथा का विश्राम होगा एवं कल सोमवार 20 मई को मंदिर प्रांगण पर हवन उपरांत विशाल भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा ।

# दिदौंध में चल रही श्रीमद् भागवत कथा



**जागरण, सतना।** दिदौंध गांव के भाटिया टोला में कथा श्रोता मुक्कू सेन के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है जबलपुर मां नर्मदा तट के ग्वारीघाट के विद्वान पंडित परम श्रद्धेय आचार्य पंडित अरुणेश कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने के लिए पहुंच रहे हैं भागवत कथा आयोजन के छठवें दिन भगवान की लीलाओं का चित्रण करते हुए महाराज ने बड़ा मार्मिक प्रसंग बताया संगीत मय मधुर शैली से कथा का व्याख्यान किया और भगवान के रासलीला का वर्णन किया और सुंदर.सुंदर भजनों से परिसर को भगवान के भजन से गुंजायमान कर दिया भगवत भक्त मित्र मंडल के संयोजक बृजेश गर्ग सोनू उमेश सिंह पप्पू सहित अन्य लोगों ने कथा स्थल पहुंचकर कथा का श्रवण किया एवं कथा व्यास पंडित अरुणेश कृष्ण शास्त्री का माल्यार्पण कर शाल श्रीफल से स्वागत किया आज कथा का विश्राम होगा एवं कल सोमवार को भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा आयोजक मंडल ने सभी भक्तजनों से प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है ।



## तो क्या बिना पार्किंग व्यवस्था के ही मेला लगाने दे दी जाती है स्वीकृति ?

**सतना।** शहर में स्वदेशी बाज़ार एवं मेले जैसे आयोजन को लेकर प्रशासन से अनुमति मिल जाती, लेकिन इनके पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं देखी जाती स्टेशन रोड रीवा रोड में खुले मेगा ट्रेड मेला और स्वदेशी शिल्प मेला के बाहर सड़को में खड़े वाहन यातायात में बाधा बन रहे हैं जिसकी वजह से ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरीके से चौपट हो रही है इन पर ठोस कार्रवाई होनी चाहिए।

# बुढ़वा पहाड़ को खोद रही सड़क निर्माण कंपनी, कमिश्नर से की गई शिकायत

### पहाड़ पर मौजूद है मंदिर, बिना अनुमति के प्राकृतिक सौंदर्य को बिगाड़ने में लगी है कंपनी



**जागरण, रीवा।** रायपुर कर्चुलियान में मौजूद बुढ़वा पहाड़ का अस्तित्व ही नष्ट किया जा रहा है। सड़क निर्माण करने वाली कंपनी पहाड़ को खोद रही है। इस मूल ही नष्ट करने पर कंपनी तुली हुई है। इसकी शिकायत आयुक्त रीव संभाग रीवा से की गई है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है।

रीवा में नदी, नाले, पहाड़ कुछ भी माफियाओं से नहीं बच रहे हैं। खनिज विभाग की उदासीनता और मिली भगत के कारण सब कुछ भू-माफिया और खनिज माफिया नष्ट करने में लगे हुए हैं। अब ताजा मामला रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत बुढ़वा का सामने आया है। यहां करीब 30 एकड़ में पहाड़ मौजूद है। जिसे सड़क निर्माण कंपनी केसीसी मिटाने पर तुली हुई है। इसकी शिकायत कमिश्नर रीवा संभाग रीवा से की गई है। शिकायत में कहा गया है कि इस पहाड़ की चोटी पर मां शारदा देवी का मंदिर स्थापित है। इस पहाड़ क्षेत्र के शीर्ष पर अनाम संत-महात्माओं ने मंदिर की स्थापना की थी। लगातार इस मंदिर में लोग पहुंच कर पूजा अर्चना भी करते आ रहे हैं। यह धार्मिक आस्था का केन्द्र है। इसके बाद भी इस पहाड़ को खोदकर इसका पत्थर निकाला जा रहा है। पहाड़ को नीचे से खोद कर जमींदोज करने की कोशिश की जा रही है। इस पहाड़ को खोदने और उत्खनन के लिए नियमों का भी पालन नहीं किया गया। पर्यावरण प्रदूषण विभाग की अनापत्ति, एनजीटी से अनापत्ति तक नहीं ली गई। एक तरफ पर्यावरण मंत्रालय प्राकृतिक संसाधनों को बचाने में लगी है। वहीं दूसरी तरफ खनिज माफिया उन्हें नेस्तनाबूद करने में जुटे हुए हैं। रीवा के पहाड़ और नदी, नालों को भी नष्ट किया जा रहा है। पहाड़ खोद कर केसीसी कंपनी बायपास सड़क बना रही है। सड़क निर्माण करने वाली कंपनियों को पुलिस, प्रशासन और खनिज विभाग का भी डर नहीं सताता। आसानी से यह नियम तोड़कर रीवा की प्रकृति को नुकसान पहुंचाने का काम करते रहते हैं। अधिवक्ता बीके माला ने इसकी शिकायत कमिश्नर रीवा संभाग रीवा से की है। शिकायत के माध्यम से कमिश्नर ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## हत्या का जल्द खुल सकता है राज, ससुराल पक्ष के संदेहियों से चल रही पूछताछ

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना क्षेत्र से रायपुर कर्चुलियान गए एक युवक की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या का मामला सामने आया था। मृतक अपने भाई की ससुराल जोगिनहाई आया था। मामले की जानकारी मिलते पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए संजय गांधी अस्पताल भिजवाया जहां पीएम के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि सुशील साकेत निवासी बिछिया रायपुर कर्चुलियान स्थित अपने भाई के ससुराल गया हुआ था, परिजनों ने बताया कि वह अक्सर अपने भाई के ससुराल आता जाता रहता था। शुक्रवार दोपहर जब वह कमरे में सो रहा था, तभी कमरे के अंदर ही उसकी धारदार हथियार से हत्या कर दी गई।

# प्रभारी एपीएम ने बिना सक्षम स्वीकृति आहरण कर लिए 24.97 लाख

### वर्ष भर करना था उपयोग, एक ही माह में खत्म कर दी, सीएमएचओ से स्वीकृति भी नहीं ली गई




**जागरण,रीवा।** सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ प्रभारी शहरी कार्यक्रम प्रबंधक(एपीएम) शिवशंकर तिवारी एक बार फिर विवादों में हैं। उन पर मनमानियों का आरोप लगाते हुए शिकायत संभागायुक्त और कलेक्टर से की गई है। इस संबंध में शिकायत करते हुए वार्ड क्रमांक 2 निवासी नीरज सिंह ने बताया कि प्रभारी शहरी कार्यक्रम प्रबंधक शिवशंकर तिवारी मूल पद एमपीडब्ल्यू पुरुष सुपरवाइजर ने सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व संजीवनी क्लीनिक में शासन द्वारा प्राप्त बजट 2024-25 को बिना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुमोदन के ही फर्जी तरीके से बिल वाउचर बनाकर राशि आहरित कर ली गई। बताया कि प्राप्त जानकारी के अनुसार माह अक्टूबर 2024-25 सभी संस्थाओं में बजट जिसमें संजीवनी क्लीनिक कुठुलिया में राशि 376493 रुपये, संजीवनी क्लीनिक रतहरी में 4110005 रुपये, संजीवनी क्लीनिक चोरहटा में 398752 रुपये, संजीविनी क्लीनिक ढेकहा में 96355 रुपये, संजीवनी क्लीनिक चिरहुला मंदिर 407490 रुपये, संजीवनी क्लीनिक रानीतालाब में 133328 रुपये, संजीवनी क्लीनिक विश्वविद्यालय में 109851 रुपये, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोदाबाग में 326973 रुपए, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरी में 50160 रुपये, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रहतरा में 58008 रुपये संजीवनी क्लीनिक पीएम आवास में 129040 राशि आवंटित थी, उक्त सभी राशियों को प्रभारी शहरी कार्यक्रम प्रबंधक शिवशंकर तिवारी ने फर्जी बिल वाउचर के माध्यम से बिना मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुमोदन आहरित कर लिया है। जबकि शासन के गाइड लाइन के अनुसार बिना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अनुमोदन कोई भी वित्तीय कार्य नहीं किया जा सकता, बावजूद इसके शिवशंकर तिवारी द्वारा नियम को ताक पर रखकर भारी भरकम भ्रष्टाचार किया गया है। गौरतलब है कि सभी संजीवनी क्लीनिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आई राशि से पूरे वर्ष संस्थाओं का संचालन किया जाता है, लेकिन संबधित कर्मचारी ने सभी राशि का एक ही माह में आहरण कर राशि को अपने निजी उपयोग में लेकर सरकार को लाखों की क्षति पहुंचायी है, जो जांच का विषय है। शिकायतकर्ता ने बताया कि शिवशंकर तिवारी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में अपने केस प्रकरण में प्रस्तुत एक हलफनामे में अपने मूल पद एमपीडब्ल्यू पुरुष सुपरवाइजर का उल्लेख किया है, उसी प्रकरण में दूसरे हलफनामे में अपना मूल पद शहरी कार्यक्रम प्रबंधक दिखाया है, जो धोखाधड़ी की श्रेणी में आता हैं।

वर्ष 72 ▸ अंक 229 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 18 मई, 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सच इतना ताकतवर है कि उसे कोई लंबे समय तक छिपा नहीं सकता। वह बाहर आकर ही रहता है।
– अरस्तू

**ऑफ बीट**

## अब प्लेन में भी घूमने लगे जेबकतरे



*नई दिल्ली, जेएनएन।* *ट्रेन, बस के बाद अब फ्लाइट में भी जेब कतरे घूमने लगे हैं। पुलिस ने एक ऐसे शख्स को पकड़ा है जो फ्लाइट में लोगों के जेब साफ करता था। पुलिस ने शनिवार को बताया कि एक चीनी नागरिक को हांगकांग से नई दिल्ली की उड़ान के दौरान साथी यात्रियों की जेब काटने के आरोप में पकड़ा गया है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, जब इस तरह की वारदात सामने आई है। विमानों में अब जेबकटी की घटनाएं आम हैं। पिछले दिनों मलेशिया से लंदन पहुंचे एक यात्री ने हीथ्रो हवाई अड्डे पर इसे लेकर जमकर हंगामा किया कि उसकी फ्लाइट में जेब काट ली गई है। इस यात्री का नाम लियू था, तो ब्रिटिश एयरबेज के विमान से लंदन पहुंचा था। महीने-दो महीने में इस तरह की एक-दो घटनाएं सामने आ ही जाती हैं।*

**ऑपरेशन सिंदूर**

### अंततः पाकिस्तान ने कबूल की सच्चाई

# शहबाज ने माना भारत के हमले में नूरखान समेत पांच एयरबेस तबाह

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कबूल किया है कि भारत के जवाबी हमले में उनके पांच एयरबेस तबाह हो गए हैं, खास तौर पर नूरखान एयरबेस। शुक्रवार को शरीफ पाकिस्तानी सेना के सम्मान में आयोजित 'यौम-ए-तशक्कुर' यानी धन्यवाद दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। यहां उन्होंने सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर की तारीफ करते हुए कहा-जनरल मुनीर एकदम सतर्क रहने वाले व्यक्ति है। 9 और 10 मई की दरमियानी रात उन्होंने रात ढाई बजे मुझे फोन किया कि इंडिया ने पाकिस्तान के कई एयरबेस पर बैलेस्टिक मिसाइल से हमला किया है। इस हमले में नूरखान एयरबेस को काफी नुकसान पहुंचा है।

अब शहबाज शरीफ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। लोग चुटकियां ले रहे हैं। जनाब, सेना प्रमुख की तारीफ करने के चक्कर में वह सच कबूल बैठे जो पाकिस्तान छिपा रहा था। उन्होंने यह भी कबूला कि पाकिस्तानी आर्मी ने हिंदुस्तान पर हमला करने के लिए तुर्किए के ड्रोन और चीन की मिसाइलों का इस्तेमाल किया।



इसके बाद शरीफ को अपनी गलती का अहसास हुआ और वे पुराने अंदाज में आ गए। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान की वायुसेना ने देशी तकनीक और आधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल कर देश को बचाया। चीन से मिले जेट्स की आधुनिक टेक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल किया गया। फिर शरीफ ने भारत के साथ बातचीत की इच्छा भी जताई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के लिए तैयार है, लेकिन इसमें कश्मीर मुद्दे को शामिल करना होगा।

### पाकिस्तान ने मनाया था जीत का जश्न

इससे पहले पाकिस्तान यह कह रहा था कि कुछ हुआ ही नहीं। इंडिया ने हमला करने की कोशिश की जिसे पाकिस्तानी आर्मी ने नाकाम कर दिया। फिर जवाबी हमला किया जिसमें इंडिया का नुकसान हुआ। ऐसा दावा करके पाकिस्तान इसे अपनी जीत बता रहा था। खुद पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने कहा था कि आर्मी ने 1971 का बदला ले लिया है। इसके बाद सेना के सम्मान में पूरे पाकिस्तान में कार्यक्रम हुए थे। जगह-जगह रैलियां निकाली गई थीं। बता दें कि 1971 की जंग में पाकिस्तान के दो टुकड़े हो गए थे। बांग्लादेश अलग देश बन गया था। यह बात पाकिस्तान के सीने में चुभी हुई है।

### साधारण एयरबेस नहीं है नूरखान

बता दें कि नूर खान कोई साधारण एयरबेस नहीं है। यह पाकिस्तान की मिलिट्री का एविएशन सेंटर है। इस्लामाबाद से इसकी निकटता इसे पाकिस्तान के सबसे संवेदनशील हवाई ठिकानों में से एक बनाती है। अब तक हमलों के बाद उपलब्ध सभी सैटेलाइट तस्वीरों से यह बात जाहिर होती है कि भारतीय वायुसेना ने पूरी सटीकता के साथ हमला किया था और किसी भी जगह पर कोई भी टारगेट चूकता हुआ नहीं दिखाई देता है।

### ट्रंप टैरिफ से अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर संकट

# अब अमेरिका ट्रिपल-ए क्रेडिट रेटिंग से बाहर

**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** ट्रंप द्वारा दुनिया पर थोपे गए टैरिफ का असर अब अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा है। मूडीज रेटिंग्स ने शुक्रवार को अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग को ट्रिपल-ए से घटाकर डबल ए-1 कर दिया। यह पहली बार है जब मूडीज ने 1917 के बाद अमेरिका को परफेक्ट क्रेडिट स्कोर से वंचित किया है। इस कदम से निवेशकों को चेतावनी मिली है कि अमेरिका का कर्ज अब पहले जितना सुरक्षित नहीं माना जा सकता। इससे अमेरिकियों के लिए उधार लेना महंगा हो सकता है, क्योंकि ब्याज दरें बढ़ सकती हैं। पहले ही महंगाई और टैरिफ की मार झेल रहे लोगों पर इसका असर पड़ सकता है।



मूडीज का यह फैसला फिच रेटिंग्स (2023) और एसएंडपी (2011) के बाद आया है, जिन्होंने पहले ही अमेरिका की रेटिंग घटाई थी। अब तीनों प्रमुख रेटिंग एजेंसियां अमेरिका को ट्रिपल से नीचे आंक रही हैं।

मूडीज ने अपने बयान में कहा कि पिछले एक दशक में अमेरिका का सरकारी कर्ज और ब्याज भुगतान का अनुपात इतना बढ़ गया है कि यह अन्य समान रेटिंग वाले देशों से कहीं ज्यादा है। एजेंसी का अनुमान है कि भविष्य में अमेरिका की उधारी की जरूरत और बढ़ेगी, जो अर्थव्यवस्था पर लंबे समय तक दबाव डालेगी।

हालांकि, मूडीज ने रेटिंग को स्थिर आउटलुक दिया है, क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतियां अब भी मजबूत और स्वतंत्र मानी जाती हैं। लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता पर सवाल उठाने और इसके प्रमुख जेरोम पॉवेल को हटाने की धमकी से यह स्थिरता खतरे में पड़ सकती है। दरअसल, हाल ही में ट्रंप ने कहा था कि फेडरल रिजर्व उनके हिसाब से काम नहीं कर रहा है। इसलिए पॉवेल को हटाना पड़ेगा।

# यूएन के आदेश पर हुआ भारत-पाक सीजफायर

### भाजपा विधायक ने केंद्र के दावे की निकाली हवा

**जागरण, भोपाल।** प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा सैन्य अफसरों व सेना के अपमान के बाद अब भाजपा के विधायक ने केंद्र सरकार के फैसले पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। रीवा के मनगवां से भाजपा विधायक नरेंद्र प्रजापति ने कहा कि भारत व पाकिस्तान ने यूनाइटेड नेशन यूएन के दबाव में सीजफायर किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे अभियान में पाकिस्तान को समाप्त कर दिया जाता, अगर भारत को सीजफायर का



आदेश यूएन से प्राप्त नहीं हुआ होता।

विधायक ने तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने अपने इस बयान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरी सरकार के दावों पर सवालिया निशान लगा दिया। पीएम ने सीजफायर के दो दिन बाद राष्ट्र के नाम संदेश में साफ किया था कि पाकिस्तान के डीजएमओ ने भारत के डीजीएमओ से चर्चा कर सीज फायर की गुहार लगाई थी। फोन पर चर्चा के बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर पर सहमति बनी। भाजपा भी दावा कर रही है कि भारत ने अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र या किसी अन्य देश के दबाव में आकर संघर्ष विराम का निर्णय नहीं किया है, बल्कि भारत ने यह निर्णय खुद किया है मगर भाजपा के विधायक का यह बयान सारे दावों की हवा निकालता दिख रहा है। इसे लेकर कांग्रेस भी हमलावर हो गई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सच्चाई धीरे-धीरे बाहर आ रही है और भाजपा के मंत्री-विधायक ही अपनी सरकार की पोल खोल रहे हैं। हालांकि विधायक नरेंद्र प्रजापति ने बाद में सफाई दी कि वह ऐसा भावावेश में बोल गए।

## राजोआना को बचाने की कोशिश करते रहेंगे: धामी

**अमृतसर, जेएनएन।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने स्पष्ट किया है कि राजोआना मामले में सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका को वापस नहीं लिया जाएगा और उसे फांसी की सजा से बचाने के लिए हरसंभव उपाय किया जाएगा। बता दें कि बलवंत सिंह राजोआना पर पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या का आरोप है और उसे मौत की सजा सुनाई गई है। केंद्र सरकार चाहती है कि एसजीपीसी यह याचिका वापस ले ताकि राजोआना की सजा का रास्ता साफ हो सके। धामी ने बताया कि हाल ही में बलवंत सिंह राजोआना को लेकर बैठक की गई थी।

# दो युवकों की हत्या के बाद केवलारी में बवाल

### ग्रामीणों ने शराब की दुकान फूंकी

**जागरण, सिवनी।** केवलारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात को दो युवकों की निर्मम हत्या कर दी गई। इसके बाद पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया। मृतकों की पहचान परासपानी गांव के अमन बघेल (20) और रूपक बघेल (25) के रूप में हुई है। दोनों युवकों की धारदार हथियार से हत्या की गई है। घटना के विरोध में शनिवार सुबह से ही नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा, इसके चलते बाजार बंद रहे और एक शराब दुकान को आग के हवाले कर दिया गया। वहीं मंडला रोड



पर चक्काजाम किया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, एसडीओपी, टीआई, एसडीएम और तहसीलदार ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। करीब दो घंटे बाद चक्काजाम खत्म हुआ।परिजनों के अनुसार, शुक्रवार को अमन और रूपक गांव में कृषि कार्य खत्म कर केवलारी गए थे। वहीं, शाम को किसी ठाकुर नामक व्यक्ति ने फोन कर उन्हें खेरमाई मंदिर के पास बुलाया। दोनों युवक वहां पहुंचे तो पहले से घात लगाए लोगों ने उन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। दोनों को गंभीर हालत में केवलारी अस्पताल लाया गया।

### आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग

मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल सिवनी भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शवों को परिजनों को सौंपा गया। घटना से गांव में शोक की लहर है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से हत्या के आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।



# महापौर की अध्यक्षता में निगम प्रशासन द्वारा संचालित स्कूलों की हुई बैठक

## नवीन शैक्षणिक सत्र व गतिविधियों के सुचारू संचालन करने दिये निर्देश



**जागरण, कटनी**

नगर निगम द्वारा संचालित साधूराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केसीएस स्कूल एवं ए.रविन्द्र राव स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जावें। आगामी दिनों में प्रारंभ होने वाली वर्षा ऋतु के पूर्व आवश्यकतानुसार शाला भवनों की मरम्मत सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करें, उक्त निर्देश शनिवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें निगम द्वारा संचालित स्कूलों की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित प्राचार्य एवं शिक्षकों को दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त नीलेश दुबे की विशेष मौजूदगी रही।

बैठक में महापौर एवं निगमायुक्त द्वारा स्कूलों की वर्तमान व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। निगमायुक्त ने नवीन शैक्षणिक सत्र और छात्रों का अध्यापन कार्य को दृष्टिगत रखते हुए समस्त प्राचार्य को समय रहते विद्यालय की साफ सफाई, कक्ष जिनकी छत अथवा प्लास्टर क्षतिग्रस्त है वर्षा ऋतु में पानी टपकने की सम्भावना होने पर मरम्मत, पुताई, शौचालय, पेयजल, बिजली आदि की समस्याओं का अनिवार्य रूप से निराकरण कराने के निर्देश दिए। निगमायुक्त श्री दुबे नें क्षतिग्रस्त व गंभीर स्थिति में जो कक्ष अथवा शाला भवन हैं उसकी रिपेयरिंग आदि के प्रस्ताव शीघ्र ही प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए वर्तमान में सुविधा एवं सुरक्षा की दृष्टि से शाला के अन्यत्र कक्ष में कक्षा का संचालन करने हेतु प्राचार्य एवं शिक्षकों को निर्देशित किया गया।

### विद्यालय का हो विधिवत संचालन : आयुक्त

निगमायुक्त श्री दुबे नें शाला में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति निर्धारित समय पर सुनिश्चित करने तथा विद्यालय की समय सारणी के आधार पर विद्यालय का विधिवत संचालन करने के निर्देश प्राचार्य को दिए। समस्त शिक्षक गण समय सारणी के अनुसार सत्र प्रारंभ से ही प्रायोगिक कार्य, रोल प्ले आदि अनिवार्य रूप से करायें, समस्त प्रयोगशालाऐं क्रियाशील हों, वर्तमान पाठ्यक्रम पर आधारित प्रायोगिक सामग्री प्रयोगशाला में उपलब्ध हो ताकि प्रायोगिक कार्य करने में विद्यार्थी दक्ष हों। बैठक में विद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों, अध्यापन, मूल्यांकन, शिक्षक, छात्र उपस्थिति, विद्यालय का रखरखाव, स्वच्छता, शौचालय, पेयजल एवं पाठ्येत्तर गतिविधियों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान प्राचार्य श्रीमती रूप भास्कर, श्रीमती सुमनलता, मनोज चौधरी सहित शिक्षकगण रिजवान हसन खान, मीना बहरे, नमिता दुबे, संजय वाजपेयी, शिवा वर्मा, मोहन प्यासी सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही।

### शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए करें नवाचार : महापौर

महापौर नें विद्यार्थियों में हिंदी, अंग्रेजी एवं गणित विषयों की दक्षता स्तर में सुधार करने के लिये शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जाये। शिक्षक अपने अध्यापन कार्य को आकर्षक एवं रूचिकर बनाने के लिये अध्यापन में नवाचार करें, अध्यापन में स्मार्ट, व्यूह बोर्ड, एलसीडी प्रोजेक्टर, आईसीटी टूल्स का उपयोग कर अपने विषय की विषय वस्तु से संबंधित रूचिकर वीडियो बनाकर अथवा यूट्यूब आदि के माध्यम से विद्यार्थियों को वीडियो दिखाकर सीखने की प्रवृत्ति का विकास करना सुनिश्चित करें। नवाचार के लिये छुट्टी का दिन भी शिक्षक द्वारा चुना जा सकता है ताकि समय की पाबंदी न हो तथा विद्यार्थियों को अपनी अभिव्यक्ति का पूर्ण समय प्राप्त हो सके, किसी टापिक विशेष पर विद्यार्थी से शिक्षक की भूमिका के रूप में कार्य करने हेतु भी नवाचार के रूप में प्रयोग में लाया जा सकता है। इसके साथ ही शाला परिसर में पर्यावरण की गतिविधयों को बढ़ावा देनें पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा जोर दिया गया।

# सिंचाई कॉलोनी में बनकर तैयार हुई हाइटेक सेंट्रल लाइब्रेरी

## केन्द्रीय मंत्री ने कहा- शिक्षार्थियों के लिए बड़ी सौगात




**छतरपुर।** छतरपुर में छात्रों और नागरिकों के लिए एक आधुनिक सुविधा का सपना जल्द साकार होने जा रहा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार की पहल से सेंट्रल लाइब्रेरी और पार्क बनकर लगभग तैयार हो चुका है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह सुविधा क्षेत्र के शैक्षणिक और सामाजिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी। शनिवार को केन्द्रीय मंत्री ने सिंचाई कॉलोनी में पहाड़ी से सटी खाली शासकीय जमीन पर बनी इस लाइब्रेरी का अवलोकन किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने इस परियोजना को अपनी विशेष सौगात बताते हुए कहा कि यह लाइब्रेरी छात्रों को आधुनिक अध्ययन सुविधाएं प्रदान करेगी और पार्क क्षेत्रवासियों के लिए मनोरंजन का केंद्र बनेगा। उन्होंने बताया कि यह मध्य प्रदेश की पहली हाइटेक लाइब्रेरी होगी, जिसमें डिजिटल संसाधन, इंटरनेट और आरामदायक पढ़ाई का माहौल उपलब्ध होगा। इस परियोजना से न केवल छतरपुर बल्कि आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को भी लाभ मिलेगा।

# सूखे कुएं में गिरी वृद्ध महिला की इलाज के दौरान हुई मौत

**कटनी।** कटनी के कुठला थाना अंतर्गत ग्राम कन्हवारा में सूखे कुएं में वृद्ध महिला के गिर जाने पर उन्हें गंभीर चोटें आई। परिजनों के द्वारा वृद्धा को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी में बताया कि कन्हवारा निवासी 90 वर्षीय गौरा बाई कुशवाहा दोपहर बाबरी मोहल्ला के सूखे कुएं में गिरने से घायल हो गई।

# 12 दिवसीय शिविर में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**छतरपुर।** सांदीपनि मॉडल स्कूल, छतरपुर में 12 दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। समर कैंप के नोडल और स्कूल के खेल शिक्षक जितेंद्र सिंह ने कैंप की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैंप में खेल, नृत्य और इंग्लिश स्पीकिंग की तीन प्रमुख गतिविधियां आयोजित की गईं। खेल गतिविधियों में खो-खो, फुटबॉल, बैडमिंटन, कैरम और शतरंज शामिल थे, जिनका प्रशिक्षण जितेंद्र सिंह ने दिया। नृत्य प्रशिक्षण स्कूल की नृत्य शिक्षिका निशी रावत ने प्रदान किया, जिसमें लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और विभिन्न राज्यों के नृत्य सिखाए गए। इंग्लिश स्पीकिंग का प्रशिक्षण शिक्षक सलीम खान ने दिया। ये गतिविधियां प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक चलीं, जिनमें 35 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में छात्राओं अनन्या सेन और प्रशंसा साहू ने मंच पर अपने अनुभव साझा किए और सीखी गई गतिविधियों का प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने बच्चों की प्रगति की सराहना करते हुए शासन की इस पहल और प्रशिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। प्राथमिक विद्यालय की प्रधान अध्यापिका संगीता जैन ने छात्रों को संबोधित करते हुए समर कैंप के महत्व पर प्रकाश डाला और मेहनत से समाज में विशिष्ट स्थान बनाने के लिए प्रेरित किया। उप प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में विशेष प्रतिभा होती है, जिसे शिक्षकों को निखारना चाहिए। उन्होंने सांदीपनि स्कूल की खासियत बताते हुए कहा कि यहां पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जाता है। उन्होंने अभिभावकों का नियमित सहयोग के लिए आभार जताया।

**Presiding officer: श्री ब्रिजेश कुमार राजपूत**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

RCS A / 0000149/2024

रामसुन्दर तिवारी....... वादी

Vs

रूद्रप्रसाद तिवारी....... प्रतिवादी

Process Id 392/2025

पेशी दिनांक 14/07/2025

प्रेषिती

1. कुबेरनाथ तिवारी पिता केशरी प्रसाद पता साकिन सेमरी तहसील अमरपाटन जिला मैहर म.प्र. 2. महेन्द्र तिवारी पिता केशरी प्रसाद पता साकिन सेमरी तहसील अमरपाटन जिला मैहर म.प्र.यह कि प्रार्थी रामसुन्द्र तिवारी ने आपके विरूद्ध दावा बावत स्वत्व घोषणा के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्मयक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठाशीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 16 मई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर किया गया है।

कृपया ध्यान दें यदि किसी कारण वश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(बृजेश कुमार राजपूत)
न्यायाधीश
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खंड अमरपाटन जिला सतना म.प्र.

# पुलिस पर लगे चोरी की एफआईआर दर्ज न करने के आरोप

छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना रोड पर ओम साई राम होटल के पीछे स्थित नंदकिशोर यादव के घर में गत 9 और 10 मई की दरमियानी रात चोरों ने सेंधमारी की थी। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने जेवरात और नगदी सहित करीब साढ़े चार लाख रुपये की चोरी की। इस घटना की शिकायत नंदकिशोर यादव ने सिविल लाइन थाने में लिखित आवेदन देकर की थी, लेकिन पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पीड़ित शुक्रवार को दोबारा सिविल लाइन थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। नंदकिशोर ने बताया कि उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरों की गतिविधियां रिकॉर्ड हो गई हैं, जिससे पुलिस को जांच में मदद मिल सकती है। उन्होंने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायत के एक सप्ताह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

# श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में प्रवेश प्रारंभ

**छतरपुर।** श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए आवेदक 222.स्न्ह्यस्र.द्गश्र.द्दश1.द्बठ्ठ पर पंजीयन 31 मई 2025 तक कर सकते है। इस संस्था में संचालित ट्रैड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसी प्रकार फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवी उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवी कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सनिमर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आई. टी. आई. में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय में निश्शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

# 7 से बढ़कर 16 हुई वंदे भारत एक्सप्रेस की बोगियां




**छतरपुर।** खजुराहो से दिल्ली के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में अब यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी। 14 मई से इस ट्रेन की बोगियों की संख्या 7 से बढ़ाकर 16 कर दी गई है। क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा के प्रयासों से यह उपलब्धि हासिल हुई है, जिससे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो आने वाले यात्रियों को लाभ होगा। जानकारी के अनुसार, खजुराहो-हजरत निजामुद्दीन वंदे भारत एक्सप्रेस पर्यटकों और स्थानीय यात्रियों के बीच लोकप्रिय है। बढ़ती मांग को देखते हुए सांसद ने रेल मंत्रालय से ट्रेन की क्षमता बढ़ाने की मांग की थी। इसके फलस्वरूप, ट्रेन में 9 अतिरिक्त बोगियां जोड़ी गई हैं, जिससे अधिक यात्री आरामदायक यात्रा कर सकेंगे। यह कदम पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ क्षेत्र की कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगा। पर्यटन से जुड़े लोगों और स्थानीय निवासियों ने इस पहल पर खुशी जताई है और सांसद शर्मा के प्रयासों की सराहना की है।

# अल्पसंख्यक मोर्चा ने निकाली तिरंगा यात्रा, भाईचारे का दिया संदेश

**कटनी।** जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष इंजीनियर नवाब खान ने भी तिरंगा रैली निकाली। सैकड़ो अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों व मुस्लिम भाईयो ने हिस्सा लेकर हिन्दुस्तान जिन्दाबाद के नारो के साथ भारतीय जीत का जश्न मनाया। इस दौरान इंजीनियर नवाब खान ने कहा की जाति मजहब से पहले हम सब भारतीय हिन्दुस्तानी है। किसी जाति मजहब मे अपराध और हत्या करना नहीं सिखाया, जो यह करते हैं वह न हिन्दू है न मुस्लिम वह सिर्फ आतंकी है जिनके लिए ठोस सजा मिलनी चाहिए। इंजीनियर नवाब खान ने यह भी कहा की भारत आज मोदी जी के नेतृत्व में सुरक्षित है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ, महिलाओं की शक्ति को बढावा देते हुए मिशन सिंदूर के माध्यम से जिस तरह पाकिस्तान के खुदगर्ज आतंकवाद को करारा जवाब दिया वह ऐतिहासिक रहा। भारत आज अन्य देशो के मुकाबले शक्तिशाली देश के रूप मे नजर आ रहा है। भारत की ताकत के सामने पाकिस्तान जैसे गद्दार देश खौफ खा रहे हैं। अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष नवाब खान ने यह भी कहा की भारतीय सेना हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई व अन्य मजहब नहीं देखती वह सभी एकजुट होकर भारत देश की हिफाजत फिर हम हिन्दुस्तानियों को अपने देश की सेवा और सैन्यबल के हिसाब से चलना चाहिए। हमे गर्व होना चाहिए की हमारे देश की सेना हमारे लिए जान देने को तैयार रहती है और हम आपसी विवादो मे घिरे रहते हैं हमे सब कुछ भूलकर भारत देश की ताकत बननी चाहिए।

# शिक्षक की जमीन पर किए जा रहे कब्जे को भाजपा नेता ने बताया निराधार



**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रेडियो कॉलोनी के पीछे मौजूद एक शिक्षक की पैतृक जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा कब्जे का प्रयास किए जाने और विरोध करने पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित शिक्षक का आरोप है कि एक भाजपा नेता ने गुंडे भेजकर मारपीट करवाई है, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। उक्त मामले में भाजपा नेता से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जमीन का तीन बार सीमांकन हो चुका है तथा शिक्षक द्वारा अपने हिस्से से अपने हिस्से से अधिक भूमि पर शिक्षक ने कब्जा कर रखा है शिक्षक कब्जा छोड़ने नहीं चाहता जबकि शिक्षक की आधा एकड़ जमीन है और वह एक एकड़ पर कब्जा किए हुए हैं, वहीं फरियादी शिक्षक घनश्याम पटेल ने आरोप लगाया है कि भाजपा नेता भागीरथ पटेल द्वारा गुंडे भेजकर उनकी पैतृक जमीन पर जबरन पिलर बनवाए जा रहे थे। जब वह विरोध करने पहुंचा तो उसके साथ मारपीट की गई। घनश्याम के मुताबिक आरोपियों ने उसके साथ-साथ उसके भाई अशोक कुमार पटेल और एक अन्य साथी के साथ मारपीट की है। घटना के बाद धनश्याम ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर शिकायत की जिस पर पुलिस ने आरोपी अरविंद यादव और लखन पटेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), और 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने घायलों की एमएलसी कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**ESB मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल**
(मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग)
''चयन भवन'', चिनार पार्क (ईस्ट), मेन रोड नं. 1, भोपाल-462011

**समूह-1 उप समूह-3 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2024 की स्थगित प्रथम पॉली की पुन: परीक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना**

म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक 15.05.2025 को आयोजित **''समूह-1 उप समूह-3 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2024''** की प्रथम पॉली में तकनीकी समस्या होने के कारण प्रथम पॉली की परीक्षा को स्थगित किया गया था। उक्त परीक्षा प्रदेश के 11 परीक्षा शहरों में 42 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जानी थी, जिसकी प्रथम पॉली में 10704 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। उक्त प्रथम पॉली/शिफ्ट के समस्त 10704 अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा की स्थगित प्रथम पाली की पुन: परीक्षा **दिनांक 23.05.2025 को** आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र मण्डल की अधिकृत वेबसाइट **www.esb.mp.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं।

**विज्ञापन क्रमांक - 58/2025**
म.प्र. माध्यम/120158/2025 **संचालक**

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कारवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**कार्यालय वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा (म.प्र.)**
जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail- ccfre.rwa@mp.gov.in , Phone- 07662- 297493

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्माण कार्य अंतर्गत विभिन्न सामग्रियों के क्रय हेतु ई-निविदा सूचना।**

समस्त प्रदायकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत रीवा के अधीनस्थ इकाई रीवा(रोपणी-रीवा,हर्दीशंकर,बैदहा), सतना(रोपणी-रामटेकरी,मुकुन्दपुर,उमरी,परसवाही),सिंगरौली(रोपणी-निगरी,ओवरी,मोरबा), चित्रकूट(रोपणी-सरभंगा,गहिरा),शहडोल(रोपणी-धनुपरी,विचारपुर,समधिन),अनूपपुर(रोपणी-सीतापुर,अमरकंटक) एवं उमरिया(रोपणी-मझगवां) के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभागीय रोपणियों में निर्माण कार्य अंतर्गत विभिन्न सामग्रियो के क्रय की आवश्यकता है, उक्त सामग्री का प्रदाय रोपणी स्थल पर किया जाना होगा। उक्त सामग्री के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस ई-निविदा के लिए दिनांक 15/05/2025 से आवेदन ऑनलाईन के माध्यम से वेबसाईट https://mptenders.gov.in के द्वारा ही स्वीकार्य किया जावेगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 02/06/2025 तक है। निविदा की दिनांक 04/06/2025 टेक्निकल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी एवं 04/06/2025 को फाईनेंशियल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी।

(मुख्य वन संरक्षक द्वारा अनुमोदित)

G- 12973/25

सहायक वन संरक्षक
सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा

**कार्यालय वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा (म.प्र.)**
जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail- ccfre.rwa@mp.gov.in , Phone- 07662- 297493

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्माण कार्य अंतर्गत बिजली आपूर्ति सामग्रियों के क्रय हेतु ई-निविदा सूचना।**

समस्त प्रदायकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत रीवा के अधीनस्थ इकाई रीवा(रोपणी-रीवा,हर्दीशंकर,बैदहा), सतना(रोपणी-रामटेकरी,मुकुन्दपुर,उमरी,परसवाही),सिंगरौली(रोपणी-निगरी,ओवरी,मोरबा), चित्रकूट(रोपणी-सरभंगा,गहिरा),शहडोल(रोपणी-धनुपरी,विचारपुर,समधिन),अनूपपुर(रोपणी-सीतापुर,अमरकंटक) एवं उमरिया(रोपणी-मझगवां) के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभागीय रोपणियों में निर्माण कार्य अंतर्गत बिजली आपूर्ति सामग्रियों के क्रय की आवश्यकता है, उक्त सामग्री का प्रदाय रोपणी स्थल पर किया जाना होगा। उक्त सामग्री के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस ई-निविदा के लिए दिनांक ...... 16-05-2025 से आवेदन ऑनलाईन के माध्यम से वेबसाईट https://mptenders.gov.in के द्वारा ही स्वीकार्य किया जावेगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 03-06-2025 तक है। निविदा की दिनांक 05-06-2025 टेक्निकल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी एवं. 05-06-2025 को फाईनेंशियल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी।

(मुख्य वन संरक्षक द्वारा अनुमोदित)

G- 12953/25

सहायक वन संरक्षक
सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमण्डल सा० रीवा (म.प्र.)**
जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail- dfot.rwa@mp.gov.in , Phone- 07662- 251335

क्रमांक/भण्डार/ 4406 रीवा, दिनांक 15-05-25
प्रति,

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य वन संरक्षक कार्यालय रीवा/वनमण्डल कार्यालय रीवा अन्तर्गत एवं विभिन्न परिक्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के नवनिर्मित भवनों एवं भवन मरम्मत कार्य में लगने वाली बिजली/सेनेट्री सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-निविदा एम0पी0 टेण्डर पोर्टल में www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:-

| | | |
|---|---|---|
| Tender Sale Start Date - | 16.05.2025 | Time 06:00 PM |
| Bid Submission Start Date - | 16.05.2025 | Time 06:30 PM |
| Bid Submission Closing Date - | 21.05.2025 | Time 03.00 PM |
| Bid Opening Date - | 22.05.2025 | Time 04:00 PM |

1. इच्छुक व्यापारीगण/संस्था ई-निविदा संबंधी संपूर्ण जानकारी www.mptenders.gov.in वेबसाइट पर प्राप्त करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं एवं ई.एम.डी. की राशि ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त की जायेगी। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
3. उक्त निविदा हेतु निर्धारित फार्म एवं विस्तृत शर्तों की जानकारी www.mptenders.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

G- 12967/25

(लोकेश निरापुरे भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल (सा.) रीवा

**कार्यालय नगर परिषद चाकघाट जिला रीवा (म.प्र.)**
No./ 331 / न.प./ 2025/ Chakghat, Date 15-5-25

निविदा
सेवसन-1
ई निविदा आमंत्रण सूचना

नगर परिषद चाकघाट द्वारा निर्माण कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत् ठेकेदार से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु आनलाईन निविदा एस.ओ.आर. दिनांक 02.08.2021 के आधार पर दरें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र क्रय डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर Urban Administration Development Department से एवं कार्यालय नगर परिषद चाकघाट से प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| S.N. | Tender id | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (रू. में) | धरोहर राशि (रू.में) | निविदा फार्म का शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_423581_1 | वार्ड क्रमांक 08 में 10 सीटर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य | 2363927.00 LACK | 17730.00 | 5000.00 |

उक्त कार्य हेतु निविदा प्रपत्र दिनॉक 15-05-2025 सायं 12:30 से दिनॉक 16-06-2025 सायं 05:30 तक वेबसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑन लाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकेगें।

(विभव कुमार जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर परिषद चाकघाट
जिला रीवा (म.प्र.)

(संजय कुमार सिंह)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद चाकघाट
जिला रीवा (म.प्र.)

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमण्डल सा0 रीवा (म.प्र.)**
जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail- dfot.rwa@mp.gov.in , Phone- 07662- 251335

**वनोपज के घोष विक्रय की सूचना**

| वनमण्डल का नाम तथा दूरभाष क्रमांक | काष्ठागार का नाम तथा दूरभाष/मोबाईल क्रमांक | नीलाम दिनांक (समय प्रात: 09:00 बजे से) | वनोपज का प्रकार | सागौन काष्ठ अनुमानित मात्रा: लट्ठा घ.मी. | सागौन काष्ठ अनुमानित मात्रा: बल्ली/डैंगरी नग में | अन्य काष्ठ अनुमानित मात्रा: लट्ठा घ.मी. | अन्य काष्ठ अनुमानित मात्रा: बल्ली/डैंगरी नग में | जलाऊ चट्टा अनुमानित मात्रा: सागौन | जलाऊ चट्टा अनुमानित मात्रा: अन्य | औद्यो. बांस अनुमानित मात्रा वि.ई./नग में | व्यापा. बांस अनुमानित मात्रा वि.ई./नग में | कटंग बांस अनुमानित मात्रा नग में | अन्य सामग्री | अवरोध मूल्य (लाख रू. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| रीवा सा. | बफर डिपो पहडिया | 28-05-25 | नया | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2879700 |
| 07662-251335 | 9424793328, 9039914876 | | पुराना | 35.651 | 236 | 84.830 | 0 | 0 | 13.664 | 0.000 | 0 | 0 | 0 | |

टीप :-
1. विस्तृत विवरण संबंधित काष्ठागार अधिकारी अथवा वन मण्डल अधिकारी से कार्यालयीन समय में दूरभाष एवं ई-मेल से प्राप्त की जा सकती है।
2. इमारती काष्ठ एवं बांस/बल्ली के नीलाम के पश्चात् जलाऊ चट्टों का नीलाम होगा।
3. यदि स्वीकृत नीलाम तिथि को नीलामी पूरी नहीं होती है तो अगले कार्य दिवस को नीलामी की कार्यवाही संपन्न की जांवेगी।
4. इस विज्ञापन को www.mpforest.gov.in पर भी देखा जा सकता है। ध्यान रखें नीलाम में भाग लेने वाले इच्छुक वन ठेकेदारों को वर्ष 2025 का म.प्र. वन उपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा 11 के तहत जारी पंजीयन, जी.एस.टी. पजीयन एवं आयकर विभाग का पंजीयन साथ में लाना होगा।
5. नई काष्ठ/बांस/जलाऊ की मात्रा बढ सकती है।

G- 12977/25

वन मण्डलाधिकारी
वन मण्डल सा. रीवा म.प्र.

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु कर रही कार्य: प्रहलाद



जागरण कार्यक्रम

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल

### सभी ग्राम पंचायतों में बनेंगे सामुदायिक भवन





जागरण, सीधी

जल गंगा संवर्धन अभियान तथा पंच सरपंच सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि सरकार पंचायतों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। सभी ग्राम पंचायतें अपने विकास की योजना बनाएं उन्हें पूरा करने सरकार उनके साथ खड़ी है। सरकार द्वारा राज्य वित्त, 15वें वित्त सहित अन्य स्त्रोतो से पंचायतों को विकास के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। पंचायतों को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनने के लिए अपने आय के संसाधन भी बनाने होंगे। पंचायत मंत्री ने कहा कि पंचायतों को अधिकार सम्पन्न बनाया जा रहा है। सरपंचों को 25 लाख रूपये तक वित्तीय अधिकार दिये गये हैं। इसी प्रकार अधोसंरचना विकास के लिए भी पंचायतों को धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है। क्लस्टर स्तरीय पंचायतों में 45.50 लाख रूपये तथा अन्य पंचायतो में 37.50 लाख रूपये से पंचायत भवन बनाये जा रहे हैं। सभी ग्राम पंचायतों में क्रमबद्ध तरीके से सामुदायिक भवन बनाये जायेगे। पंचायतों के प्रतिनिधियों को अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यो के प्रति भी सजग रहना होगा। जन हितैषी योजनाओं का लाभ लोगों को सहजता से दिलाना होगा। पंचायतों के विकास के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को आगे आना होगा। पंचायत मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में ग्राम पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारा प्रदेश नदियों का मायका है। प्रकृति की इस देन को अपनी भावी पीढ़ी के लिए सहेजना हमारी जिम्मेदारी है। पंचायत मंत्री ने कहा कि बड़ी नदियों का अस्तित्व उनमे मिलने वाली छोटी नदियों से ही है। हमें अपनी छोटी नदियों के स्त्रोंतो को बचाने में ध्यान देना होगा। नदियों के उद्गम स्थल को जीवन्त बनाएं। नदियों के किनारे पौधे लगाएं तथा वृक्ष बनने तक उनकी सुरक्षा करें। पंचायत मंत्री ने इस अभियान की सफलता के लिए शासन और प्रशासन को मिलकर बेहतर गति से कार्य करने के लिए कहा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हम सभी के जीवन से जुड़ा अभियान है। अपने जल स्त्रोंतो को बचाने हम सभी को आगे आना होगा। जिन गांवो में नदियों के उद्गम स्थल हैं उसे संरक्षित करने का कार्य करें। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि जल ही जीवन है। जल के बिना जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा नदियों के उद्गम स्थल को बचाने की पहल अनुकरणीय है। उनके नेतृत्व में प्रदेश में दुर्गम स्थलों पर पहुंचकर नदियों के संरक्षण का कार्य हो रहा है। विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया। विधायक ने नदियों के उद्गम स्थल को संरक्षित करने के अभियान को सफल बनाने सभी से सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने स्वसहायता समूह की दीदियों के उत्पादों पर आधारित प्रदर्शिनी का अवलोकन किया तथा उनकी सराहना की। इस अवसर पर विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमान सिंह, जनपद अध्यक्ष कुसमी श्यामवती सिंह, मझौली सुनैना सिंह, जनपद उपाध्यक्ष सीधी सुमन सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, मनोज सिंह, कृष्णलाल पयासी, पूजा सिंह कुशराम, हीराबाई सिंह, सरस्वती बहेलिया, सुमन कोल, गणमान्य नागरिक देव कुमार सिंह, लाल चन्द गुप्ता सहित जनपद सदस्य एवं पंच सरपंच उपस्थित रहे। साथ ही पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनन्जय मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोक तिवारी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मंत्री का पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के घर हुआ स्वागत



मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल का आज पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता के घर में चंदन टीका लगाकर पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष इंद्रशरण सिंह, परिवार के ज्येष्ठ लक्ष्मीचंद गुप्ता, पूरन गुप्ता, सतीष गुप्ता, मुकेश गुप्ता, सूरज गुप्ता, अमित गुप्ता, उदय गुप्ता, सौरभ गुप्ता समेत व्यापारी संघ के कई पदाधिकारी एवं व्यापारीगण भी उपस्थित रहे। बताते चलें कि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता द्वारा इस दौरान अपने पूरे परिवार के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कुछ समय तक पंचायत मंत्री यहां मौजूद रहे।

## सेमरिया सरपंच ने विधायक का जताया आभार



**जागरण, सीधी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सीधी आगमन पर सेमरिया को बड़ी सौगातें मिलने पर सेमरिया सरपंच सुरेश पाण्डेय ददन ने सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के प्रयासों के प्रति आभार जताया है। सरपंच ने कहा कि सेमरिया को नगर पंचायतए उप तहसील एवं बाईपास की मांग उनके द्वारा जनता के हितों को लेकर काफी समय से की जा रही थी। उनकी पुरानी मांगे सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के प्रयासों से जनता को सौगात के रूप में स्वीकृति हुई है। जनता जनार्दन ने भी सेमरिया सरपंच एवं सीधी विधायक का आभार व्यक्त किया है।

## सूने घर में बरसाए गए पत्थर, सामग्री क्षतिग्रस्त



**जागरण, सीधी।** शहर के जमोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम पनवार सेंगरान में स्थित एक सूने घर में दबंगों द्वारा जमकर पत्थर बरसाए गए। पत्थरबाजी से घर में रखी सामग्रियों, दरबाजों, खिड़कियों को भारी क्षति हुई। तत्संबंध में 16 मई को जमोड़ी थाना में लिखित रिपोर्ट करते हुए राहुल द्विवेदी पिता ललन प्रसाद द्विवेदी उम्र 28 वर्ष ने कहा है कि वह घटना दिनांक को अपने गृह ग्राम कराई थाना चितरंगी, जिला सिंगरौली गए हुए थे। घर में कोई नहीं था इस वजह से ताला बंद था। सूने घर में कुछ दबंगों द्वारा पत्थरबाजी कर तोड़फोड़ की गई। बाद में उनके मोबाइल पर अतुल मिश्रा निवासी महाजन टोला रीवा से व्हाट्सएप कॉल करके गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। उसी नंबर पर राममणि पाण्डेय, प्रदीप तिवारी, दीपक परिहार, कार्तूस नाम के लड़के द्वारा गाली-गलौच की गई। पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया है।

## गोपाल दास मंदिर में हुआ हनुमान चालीसा पाठ



**जागरण, सीधी।** श्री गुरु बजरंग संघ के तत्वाधान में भारत हिंदू राष्ट्र एवं रविवार गुरुकुल की स्थापना राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु राष्ट्रीय शनिवार सामूहिक हनुमान चालीसा अभियान प्रत्येक शनिवार सुबह 9 बजे एक दिन एक समय एक साथ की विश्व व्यापी सफलता हेतु श्री गुरु बजरंग संघ की ओर से श्री श्री 1008 श्री स्वामी गोपाल दास जी महराज आश्रम दक्षिण मुखी हनुमान जी में हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। जहां यज्ञकर्त संत राजेश्वर दास महराज, श्री गुरु बजरंग संघ के नगर उपाध्यक्ष एवं चालीसा प्रभारी राजेश सिंह गहरवार, रश्मि रमेश गुप्ता, दीपक सिंह बघेल, सत्य प्रसाद नामदेव, अतुल पाण्डेय, चमेली मिश्रा, महेंद्र सराफ आदि हनुमान चालीसा पाठ में सहभागिता निभाएं।

## रंगदूत नाट्य कार्यशाला का हुआ सफल समापन



**जागरण, सीधी।** रंगमंच केवल अभिनय का माध्यम नहीं बल्कि समाज का प्रतिबिंब होता है। यह व्यक्ति को अपने भीतर झांकने, संवाद स्थापित करने और सामूहिक चेतना को जागृत करने का अवसर देता है। थिएटर के माध्यम से युवा न केवल मंच पर बोलना, चलना और प्रस्तुत होना सीखते हैं। बल्कि अनुशासन, संवेदना, समयबद्धता और टीम वर्क जैसी जरूरी जीवन-कला में भी दक्ष होते हैं। इसी तारतम्य में 17 मई की शाम को नाग मंदिर के समीप स्थित में रंगदूत कार्यालय में 11 दिवसीय नाट्य कार्यशाला का समापन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन रंगदूत सीधी द्वारा 6 मई को किया गया था, जिसका उद्देश्य जिले के युवाओं को रंगमंच की मूलभूत तकनीकों से परिचित कराना और उनमें सृजनात्मक अभिव्यक्ति का विकास करना था। कार्यशाला के शुरुआती दिनों में शारीरिक एवं स्वर अभ्यास, वाक् शुद्धि, मौन की भाषा, और आत्म-अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया गया। मध्य चरणों में दृश्य-निर्माण, इम्प्रोवाइजेशन, चरित्र-निर्माण तथा लयबद्ध अभ्यास जैसे व्यावहारिक सत्रों का आयोजन हुआ। प्रशिक्षकों में सुनील कुमार रावत एनएसडी एक वर्षीय पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण, कुलदीप सोनी, अनंत मिश्रा, रवित मिश्रा एवं जागृति गुप्ता मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय से पास आउट शामिल थे। सभी प्रशिक्षकों ने रंगमंच के खेल, प्रस्तुति की तकनीक और नाट्य शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पक्षों को प्रतिभागियों को अभ्यास के माध्यम से सिखाया। विशेष आकर्षण के रूप में कार्यशाला में एएएफटी यूनिवर्सिटी रायपुर से प्रशिक्षित अनुराग श्रीवास्तव द्वारा कैमरा, फ्रेमिंग और मीडिया प्रस्तुति पर केंद्रित सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने रंगमंच को दृश्य माध्यम से जोड़ने की बारीकियां सीखी। समापन दिवस पर प्रतिभागियों द्वारा तैयार किए गए काव्य पाठ की प्रस्तुति दी गई, काव्य पाठ सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने हरिवंश राय बच्चन की मधुशाला, रामधारी सिंह दिनकर की रश्मिरथी जैसी कालजयी रचनाओं का भावपूर्ण पाठ किया। दर्शकों ने अभिनय की गंभीरता, प्रस्तुति की सहजता और कविता की ऊर्जा की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रमुख प्रतिभागियों में वतन द्विवेदी, शिवम पाठक, विशेष भारती, राजेंद्र दुबे, गौरव वर्मा, साक्षी सोनी, निधि कचेर, खुशी सोनी, इशू साकेत, वतन रवि, आदित्य द्विवेदी, सौम्या तिवारी आदि ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संयोजकों ने सभी सहभागी कलाकारों, प्रशिक्षकों और तकनीकी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नाली न होने से लोगों के घरो में भर रहा पानी

**जागरण, सीधी।** जिला सीधी अंतर्गत ग्राम पंचायत चूल्ही में नाली नहीं होने के कारण गांव में भारी समस्या है। जहां गांव चूल्ही के सुदामा प्रसाद विश्वकर्मा, अनूप विश्वकर्मा, गोपालदास विश्वकर्मा, कृष्ण पाल विश्वकर्मा के घर का जल निकास बंद हो गया है। सामने भारी गंदगी फैल रही है। मच्छर भारी मात्रा में पैदा होकर बीमारी फैला रहे हैं। अत्यधिक नमी और सीलन से घर की दीवार एवं पूरा घर ही गिरने की स्थिति में है। साथ ही परिवार के लोगों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है जो की ग्रामीणों के सामने गंभीर स्थिति है। नाली की समस्या को लेकर कई बार ग्रामीण जनों के द्वारा ग्राम पंचायत चूल्ही के ग्राम सभा में भी प्रस्ताव दर्ज कराया गया है, लेकिन आज दिनांक तक नाली का निर्माण नहीं करवाया गया।

# बड़ी नदियों का अस्तित्व छोटी नदियों से ही है: पंचायत मंत्री

## पंचायत मंत्री ने हिरन, बिसैंधा, सूखा तथा तेन्दुन नदी के उद्गम स्थल पर किया पूजन



जागरण, सीधी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा जिले की चार नदियों हिरन, बिसैंधा, सूखा तथा तेंदुन नदी के उद्गम स्थल पर पहुंच कर उनका पूजन किया गया। पंचायत मंत्री ने कहा कि हमारी बड़ी नदियों का अस्तित्व उनमें मिलने वाली छोटी नदियों से ही है। हमें इन जीवनदायी नदियों को बचाने के लिए संकल्प लेना होगा। पंचायत मंत्री ने कहा कि नदियों के उद्गम स्थल को संरक्षित करना, उनकी साफ-सफाई करना तथा उनमें 12 माह तक अविरल पानी की धारा सुनिश्चित करना जल गंगा संवर्धन अभियान का महत्वपूर्ण भाग है। पंचायत मंत्री ने कहा कि इस अभियान के दौरान उन्होने 58 से अधिक नदियों के उद्गम स्थल पर जाकर पूजन किया है। इन स्थलों पर विशिष्ट ऊर्जा की अनुभूति होती है। इन्हें भावी पीढ़ी के लिए सहेजना हमारी जिम्मेदारी है। पंचायत मंत्री ने कहा कि नदियों के संरक्षण की दिशा में हमें सतत कार्य करने की आवश्यकता है। इसमें धैर्य और संयम की आवश्यकता है क्योंकि इसमें समय लगता है। नदियों के उद्गम स्थल को संरक्षित करें, उसके आसपास तथा नदियों के दोनो तरफ सघन पौधरोपण करें, पौधों की सुरक्षा कर उन्हे वृक्ष के रूप में तैयार करें, नगरीय क्षेत्रों में नदियों में दूषित जल मिलने से रोके तथा उन्हें अतिक्रमण मुक्त करायें। सभी के सहयोग से ही हमें इस अभियान में सफ्लता मिलेगी। भ्रमण के दौरान पंचायत मंत्री ने खंधिया धाम हनुमान मंदिर तथा बघमुड़वा में भगवान शिव की पूजा अर्जना की। इस दौरान उनके साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, धौहनी कुंवर सिंह टेकाम, सिहावल विश्वामित्र पाठक, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती मंजू सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, सुश्री पूजा सिंह कुशराम, श्रीमती सरस्वती बहेलिया, गणमान्य नागरिक देव कुमार सिंह चौहान, लालचन्द्र गुप्ता, इन्द्रशरण सिंह चौहान सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। उनके साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सीधी अशोक तिवारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्या मुख्यमंत्री इतने असुरक्षित की सबको नजरबंद किया गया: भदौरिया



**जागरण, सीधी।** सीधी नगर पालिका क्षेत्र के बाईपास के पुराने मण्डी प्रांगण एवं मझौली में विगत गुरुवार को कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन कोई नई सौगात लेकर तो आया नहीं, वहीं पुरानी घिसी-पिटी योजना लेकर आए, उन्हीं लाड़ली बहना योजना की राशि जिसे कर्मचारियों द्वारा भी कम्प्यूटर की बटन दबाकर खाते में राशि डाली जा सकती थी दुर्भाग्यपूर्ण बात ये रही की मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को लेकर सारे दिन जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन यहां के राजनीतिक और छात्र संगठनों की आवाज का गला घोटने के लिए हर स्तर पर अल सुबह से ही अपना जी जान लगाई हुई थी। वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता एवं पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक सीधी राजेन्द्र सिंह भदौरिया ने जिला एवं पुलिस प्रशासन के खुद दहशत जदा होने की प्रतिक्रिया स्वरूप इस तरह की गई आवाज घोटने जैसी कार्यवाही की कटु निंदा करते हुए कहा है कि जब प्रदेश का मुखिया आए, कोई सौगात लेकर न आए, तो भ्रमण अधूरा ही लगता है, उस पर भी समाज के प्रबुद्ध राजनैतिक दल चाहे कॉंग्रेस, शिवसैनिक, छात्र संगठन या अन्य सामाजिक संगठन ही क्यों न हो कुछ आवश्यक मांग की आशा के साथ अपने मुखिया से मिलने का समय मांगते हैं, तो नहीं मिलता। कॉंग्रेस पार्टी एक विश्वसनीय संगठन है। शिवसैनिक सामाजिक सरोकार का संगठन तो है ही, भाजपा व जन संघ की गौरक्षा नीति के नजदीक संगठन के क्रांतिकारी रूप का प्रदर्शन तो करता रहता है। भारतीय राष्ट्रीय क्षात्र संगठन एनएसयूआई को शिक्षा के स्कूली एवं महाविद्यालयीन आवश्यकताओं कमियों की ओर इशारा करना एवं मांग करने का हक है। विश्वविद्यालय की मांग करने के लिए भी इन्द्रलाल पटेल के नेतृत्व में सामाजिक संगठन ने मांग की, किन्तु प्रशासन अपने को असुरक्षित मानता होगा।

# सेना का अपमान करने वाले मंत्रियों का कांग्रेस ने फूंका पुतला



**जागरण, सीधी।** जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना और सेना की जांबाज बेटियों का अपमान करने वाले उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया एवं नारेबाजी कर सड़कों पर अपना जोरदार विरोध जताया। दोनों मंत्रियों के पुतला दहन के समय भारी मात्रा में उपस्थित पुलिस बल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जबरन रोकने और पुतला छीनने का प्रयास किया लेकिन रोकने में असफल साबित हुए तब वाटर कैनन से पानी की बौछार कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दूर हटाने का प्रयास किया गया जिसमें भी उन्हें असफलता ही हाथ लगी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला जलाने के बाद उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और मंत्री विजय शाह के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए उन्हें देश से माफी मांगने और भाजपा सरकार से उन्हे बर्खास्त करने मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने भाजपा सरकार पर उपमुख्यमंत्री और मंत्री को बचाने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हमेशा दोहरा रवैया रहा है मध्य प्रदेश में सेना का अपमान करने वाले भाजपा के मंत्री खुलेआम घूम रहे हैं। उन पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। हाई कोर्ट के आदेश के बाद भी एफआईआर दर्ज करने में लापरवाही बरती गई कोर्ट के दबाव में मामला तो दर्ज हो गया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही भाजपा सरकार ने नहीं की है जिला अध्यक्ष ने भाजपा सरकार से सवाल पूंछते हुए कहा कि क्या प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और मंत्री फरार हैं जो अभी तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी जब वह जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं तो उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए और भाजपा सरकार उन्हें तुरंत मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें। ये देश सेना का अपमान नहीं सहेगा। पुतला दहन और प्रदर्शन कार्यक्रम के समय पूर्व महामंत्री सुरेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष आकाश सिंह चौहान रिंकू, महामंत्री ओंकार सिंह, कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, प्रवक्ता पंकज सिंह, एनएसयूआई अध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष हरिहर सोनी, उपाध्यक्ष दिलीप शितानी, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, दिनेश विश्वकर्मा, भूपेंद्र सिंह, नागेश्वर साकेत, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजबहोर जायसवाल, प्रदेश महामंत्री कुमुदिनी सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष विवेक सिंह दीपू, रेखा सिंह, कृतिम सिंह, रेखा सोनी, पुष्पा सिंह, पुष्पा साकेत, भक्तराम नामदेव, रनशेर अली खान, शिवम सिंह गोलू, अर्जुन सिंह बघेल, दिग्विजय सिंह राहुल, राणा प्रताप सिंह, ऋषभ सिंह, सानेंद्र सिंह, जज्जी सिंह, ओमप्रकाश सिंह, गोविंद प्रसाद गुप्ता, अरुण सिंह, दिनेश विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार सिंह, मो. बिलाल, जान आलम, अशोक कुमार सहित भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट में बढ़ रही मरीजों की संख्या

**जागरण, सीधी।** भीषण गर्मी के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुरहट में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीएमओ चुरहट के मार्गदर्शन में सभी कर्मचारी समय से पहुंचकर अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं और मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इस समय चुरहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चार डॉक्टर पदस्थ हैं जैसे कि डॉ. वरुण सिंह प्रभारी वही डॉ. गौरव पाण्डेय उन्हें डॉ. अनूप सिंह डॉ. शिवेंद्र पटेल सहित स्टाफनर्सो के सहायता से मरीज का उपचार किया जा रहा है। डॉ. शिवेंद्र पटेल ने बताया कि इस समय सबसे ज्यादा टाइफाइड, बुखार, पेट दर्द और उल्टी दस्त जैसे बीमारियों से लोग जूझ रहे हैं। गर्मी के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं और सबसे ज्यादा यही मरीज पहुंच रहे हैं।

# सेना को अपमानित करने वाले मंत्रियों को बर्खास्त करे भाजपा सरकार: मनोज

## केंद्र द्वारा जातीय जनगणना की घोषणा, राहुल गांधी के रणनीतिक प्रयास का परिणाम



जागरण, सीधी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं असम के कांग्रेस प्रभारी मनोज सिंह चौहान ने अपने सीधी प्रवास के दौरान आयोजित एक पत्रकार वार्ता में भाजपा के मध्य प्रदेश के मंत्रियों पर तीखा हमला बोला है। श्री चौहान ने कहा कि पहलगाम की घटना के उपरांत पूरे देश के विपक्षी दलों द्वारा सरकार के साथ 100 प्रतिशत खड़े होने की मजबूत घोषणा के उपरांत जिस भारतीय सेना के पराक्रम के दम पर हिंदुस्तान को पाकिस्तान के ऊपर जोरदार तरीके से हमला बोलने का अवसर मिला, उसी सेना के खिलाफ मध्य प्रदेश की सरकार के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और जनजाति विकास मंत्री कुंवर विजय शाह पहले तो उस सेना के जांबाज अधिकारियों और अब तो पूरी सेना का ही बारंबार अपमान कर रहे हैं जो उनकी देश के लिए मर मिटने वाले सैनिकों के प्रति सड़क छाप मानसिकता और देशद्रोह की श्रेणी में आता है। मनोज चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अपने संबोधन में कहा है कि पूरा देश और देश की सेना नरेंद्र मोदी के चरणों में नतमस्तक है। मोहन यादव सरकार का मंत्री विजय शाह सेना की बहादुर कर्नल को आतंकवादियों की बहन करार देता है, उपमुख्यमंत्री सेना को मोदी के चरणों में नतमस्तक बताते हैं और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से मीडिया सवाल करे तो झल्ला कर ऊलजलूल जवाब देते हैं। दोनों ही मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय बीजेपी उन्हें संरक्षण दे रही है, इससे ये प्रतीत होता है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सेना के अपमान का प्रायोजित कार्यक्रम चला रखा है। उन्होंने कहा कि हम मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का सम्मान करते हैं जिन्होंने स्वयं संज्ञान लेते हुए भाजपा के मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर के आदेश दिए हैं। उन्होंने मांग की की अब सेवा का घोर अपमान करने वाले प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के खिलाफ भी हाईकोर्ट जैसी संस्था को एफआईआर के निर्देश देने चाहिए। चौहान ने कहा कि कांग्रेस सेना का अपमान सहन नहीं करेगी। सेना का अपमान करने वाले मंत्रियों को भाजपा बर्खास्त करे। नहीं तो पूरे प्रदेश में दोनों ही बदजुबान मंत्रियों के पुतले जलाकर सेना के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरेगी। जातीय जनगणना के सवाल पर अभा कांग्रेस कमेटी के सचिव मनोज चौहान ने कहा कि केंद्र की एनडीए गठबंधन की सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराये जाने की घोषणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संघर्ष की जीत है। उन्होंने बार-बार संसद में मोदी सरकार को ये चुनौती दी थी कि जब तक देश में जातीय जनगणना नहीं कराई जाएगी तब तक वो इस मांग को हर मंच पर उठाते रहेंगे। राहुल गांधी के द्वारा रणनीतिक तौर पर बनाए गए दबाव का ही परिणाम है कि एनडीए गठबंधन की मोदी सरकार को जातीय जनगणना कराने की घोषणा करनी पड़ी। पत्रकार वार्ता में के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह, प्रवक्ता पंकज सिंह एवं ऋषभ सिंह उपस्थित रहे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## न्यायपालिका में सीमा की जरूरत को बताते राष्ट्रपति के सवाल

**तमिलनाडु में राज्यपाल की अनुमति के बगैर ही विधेयकों को पारित करने के शीर्ष अदालत के फैसले पर अभूतपूर्व प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो 14 सवाल उठाए हैं, वे बेहद जरूरी हैं और न्यायपालिका की भूमिका के मद्देनजर शासन के अंगों के बीच कुछ सीमाओं की जरूरत को भी रेखांकित करते हैं।**

तमिलनाडु के राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए राज्य के विधेयकों पर निर्णय लेने की समय-सीमा निर्धारित करने संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के आठ अप्रैल के फैसले पर अभूतपूर्व प्रतिक्रिया देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शीर्ष अदालत से जो 14 सवाल पूछे हैं, वे संवैधानिक शक्तियों के संतुलन को लेकर गहन बहस को तो जन्म देते ही हैं, साथ ही, विधायी प्रक्रिया में कार्यपालिका और न्यायपालिका की भूमिका को पुनर्परिभाषित करने की जरूरत को भी रेखांकित करते हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान का अनुच्छेद 143 (1) राष्ट्रपति को कानूनी और सार्वजनिक महत्व के मामलों में सर्वोच्च न्यायालय की राय लेने की अनुमति देता है। भारत का संविधान राष्ट्रपति और राज्यपालों को विधेयकों की समीक्षा और मंजूरी के लिए कुछ विवेकाधीन शक्तियां देता है, ताकि वे यह सुनिश्चित कर सकें कि विधायी प्रक्रिया परिसंघीय और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हो। ऐसे में, राष्ट्रपति का यह सवाल बिल्कुल तार्किक है कि क्या न्यायिक आदेशों के जरिये राष्ट्रपति या राज्यपालों के विवेकाधीन अधिकारों को सीमित किया जा सकता है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि राज्यपाल की तरफ से भेजे गए विधेयक पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा। इस पर राष्ट्रपति की यह आपत्ति बिल्कुल जायज है कि क्रमशः राज्यपालों और राष्ट्रपति पर लागू होने वाले संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 में ऐसी किसी समय-सीमा का उल्लेख नहीं है। विधेयकों को मंजूरी देने में विलंब कोई आज की नहीं, बल्कि लंबे समय से चली आ रही समस्या है, खासकर उन राज्यों में, जहां केंद्र से भिन्न दलों की सरकारें रही हैं। सर्वोच्च अदालत का तीन महीने की समय-सीमा वाला फैसला इस समस्या के समाधान का प्रयास बताया जा रहा था, लेकिन राष्ट्रपति के सवाल उचित ही इशारा करते हैं कि इस तरह के समाधान संवैधानिक ढांचे के भीतर होने चाहिए, न कि न्यायिक हस्तक्षेप के जरिये। तमिलनाडु के मामले में दो न्यायाधीशों की पीठ ने अनुच्छेद-142 की विशेष शक्तियों को आधार बनाते हुए राज्यपाल की अनुमति के बगैर ही जिस तरह से विधेयकों को मंजूरी दी थी, वह न्यायपालिका के कार्यपालिका से टकराव का स्पष्ट उदाहरण है। राष्ट्रपति मुर्मू के 14 सवाल उन सीमाओं की जरूरत को इंगित करते हैं, जो इस टकराव की आशंकाओं के मद्देनजर जरूरी हो जाती हैं। इस संदर्भ में अब इन सवालों के जवाब देने के साथ यह भी जरूरी है कि नए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस गवई एक ऐसा रास्ता निकालें, जो संविधान के सिद्धांतों का सम्मान करे और विधायी प्रक्रिया में भी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करे।

# पराक्रम को जाति-मजहब के आईने में तौलने की सियासत

बयानों पर विवाद

अजय बोकिल



**भारतीय सेना और सैनिकों के असंदिग्ध शौर्य, राष्ट्र भक्ति और देश की एकता, अखंडता के सदा सतर्क रक्षक के रूप में उनकी महान भूमिका की प्रशंसा और उस पर अभिमान की बजाए उसे जाति या धर्म की चौखट में फिट करने की मोतियाबिंदी नजर से यह देश शर्मसार है।**

देश में अब जो हो रहा है, वो मानो 'ऑपरेशन सिंदूर पार्ट- टू' है। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी आतंकी और हवाई ठिकानों को ध्वस्त कर अपनी सैनिक श्रेष्ठता और पराक्रम साबित कर दिया, लेकिन हमारे राजनेता इस पराक्रम को जाति और मजहब के आईनों में तौलने की निहायत घटिया और अस्वीकार्य सियासत में जुट गए हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने राष्ट्रीय एकता का जो भाव विश्व में खड़ा किया था, ये संकीर्ण सोच वाले राजनेता उसकी जड़ें खोदने में लगे हैं ताकि इन जड़ों के पानी से भी वोट बैंक को सींचा जा सके। पहलगाम आंतकी हमले के बाद भारत की पाक पर सफल सैनिक कार्रवाई की रोजाना मीडिया ब्रीफिंग करने वाली भारत की दो काबिल महिला अफसर कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की असाधारण योग्यता, कार्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की मुक्त मन से सराहना करने के बजाए इस देश में कई लोग सिर्फ इसी काम में लगे हैं कि भारतीय सेना के पराक्रम के रूमाल में जाति, धर्म और समुदाय की संकीर्ण सोच की झालर टांक कर उसे कैसे चिंदी में तब्दील किया जाए।

भारतीय सेना और सैनिकों के असंदिग्ध शौर्य, राष्ट्र भक्ति और देश की एकता, अखंडता के सदा सतर्क रक्षक के रूप में उनकी महान भूमिका की प्रशंसा और उस पर अभिमान की बजाए उसे जाति या धर्म की चौखट में फिट करने की मोतियाबिंदी नजर से यह देश शर्मसार है। लेकिन नेताओं की निर्लज्जता पर इसका शायद कोई असर नहीं है। 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रतिदिन जानकारी देने के लिए भारतीय सेना ने अपनी दो योग्य अधिकारियों कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह का जब चयन किया होगा तो उसका आधार इनकी योग्यता ही रही होगी।

स्पष्ट रूप से इससे राष्ट्रीय एकात्मकता का संदेश भी गया। आज जिन्हे समूचा देश अपनी बेटी मान रहा है, उन्हें किसी जाति या धर्म की तक संकुचित करने में इन नेताओं को तनिक भी लाज नहीं आई। देश की इस एकात्मता पर पहली चोट मप्र में भाजपा के ही एक मंत्री विजय शाह ने यह कहकर की कि, पहलगाम में जिन लोगों ने हमारी बहू-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसी धर्म विशेष की बहनों को आगे कर के उनकी ऐसी की तैसी कर दी। आदिवासी समुदाय से आने वाले इस मंत्री ने एक कार्यक्रम में मंच पर जिस गदगद भाव से यह सब कहा और जिसे सुनकर सामने बैठे लोगों के तालियां भी बजाईं, उससे लगा कि यह देश में वीरता की नई और कुत्सित परिभाषा है। यह कथित व्याख्या भारत सरकार और एक राष्ट्र के रूप में भारत की आत्मा के भी खिलाफ थी। चौतरफा आलोचना के बाद इस मंत्री ने खेद जताया साथ में खुद को 'शहीद' के रूप में पेश करने की बेशर्म कोशिश भी की।

विंग कमांडर व्योमिका सिंह को लेकर पहला जाति बम समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने फोड़ा। हालांकि प्रकट तौर पर उनका निशाना भाजपा थी, लेकिन बम में बारूद जातिवाद का था। यादव ने यूपी के मुरादाबाद में एक कार्यक्रम में कहा कि, 'भाजपा ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर कर्नल कुरैशी की तरह टिप्पणी इसलिए नहीं की, क्योंकि वो उन्हें राजपूत समझ रही थी। वास्तव में विंग कमांडर व्योमिका हरियाणा के जाटव समाज से हैं। जबकि कर्नल कुरैशी को उनके मुसलमान होने की वजह से भाजपा नेता ने अपशब्द कहे।' इस पर बवाल मचना ही था। प्रोफेसर रहे रामगोपाल यादव यहीं पर नहीं रूके। उन्होंने अपने बयान को और जातिवादी धार देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में एयर ऑपरेशन को अंजाम देने वाले एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती यादव हैं। यानी एक मुसलमान, दूसरा जाटव और तीसरा यादव...ये तीनों पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के ही हैं। ये पूरा युद्ध तो पीडीए ने ही लड़ा।

भाजपा किस आधार पर इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रही है? यानी अब सैन्य अभियान भी जाति के आधार पर ही तय होंगे और लड़े भी जाएंगे और उनका फलित भी जाति के हिसाब से ही तय होगा। यह सत्ता के लोभ में साधा गया सबसे खराब निशाना था। भले ही रामगोपाल यादव का यह बयान 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भाजपा द्वारा इसका राजनीतिक श्रेय लेने के इरादे से देशभर में निकाली जा रही 'तिरंगा यात्राओं' के संदर्भ में था और जल्दबाजी भरा था, लेकिन सियासी श्रेय की छीनाझपटी में वो इस निम्न स्तर पर उतर आएंगे, यह वाकई अफसोसनाक है। क्योंकि व्योमिका सिंह के साथ-साथ वो वायुसेना के ऑपरेशन सिंदूर के डीजीएमओ एयर मार्शल एके भारती की जाति बताने से भी नहीं चूके।

गोया यह समूचा सैन्य अभियान शस्त्रों और अचूक रणनीति की जगह जातीय प्रतीक चिन्हों की बुनियाद पर लड़ा गया। इसका दूसरा अर्थ यह भी है कि इस ऑपरेशन का नेतृत्व करने वाले अगर रामगोपाल की थ्योरी के मुताबिक सम्बन्धित जातियों के न होते तो सपा की सोच के अनुसार अभियान की सफलता भी शून्य होती। या यूं कहे कि जातिवाद मिटाने के लिए जाति हर हाल में बताना और जताना जरूरी है।

जहां तक व्योमिका सिंह की जाति बताने की बात है तो सोशल मीडिया पर यह पहले ही दिन से वायरल हो चुका था कि वो रविदासी समाज से हैं। व्योमिका किस जाति, समुदाय या प्रदेश से हैं या नहीं है, यह अत्यंत गौण है। वो एक बहादुर और सक्षम सेनाधिकारी हैं, यह सबसे अहम है। इसी तरह एयर मार्शल ए.के.भारती का यादव होना महज एक संयोग है। भारती की प्रतिभा उनके श्रेष्ठ सैन्य रणनीतिकार होने में है न कि यादव होने भर से। ये सभी समूचे राष्ट्र की धरोहर हैं न किसी खास वोट बैंक के बंधुआ खातेदार हैं। केवल अपना वोट बैंक पक्का करने के लिए उन पर जाति धर्म के लेबल चिपकाना, मूर्खता ही नहीं राष्ट्रीय पाप भी है। यह सबको पता है कि हमारे संविधान में सेना और उच्च न्यायपालिका में जाति, धर्म, समुदाय और प्रांत के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। केवल एनडीए में आर्थिक आधार पर 10 फीसदी आरक्षण है, जो सभी के लिए है। संविधान निर्माता जानते थे कि सेना को किसी भी आधार पर विभाजित करना राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करना है। इसलिए सेना में केवल जाति, धर्म या समुदाय के आधार पर भर्ती नहीं होती और न ही इस आधार पर कोई हिसाब रखा जाता है। भारतीय थल सेना में जाति, धर्म, समुदाय और प्रांत के आधार पर कुछ रेजिमेंट अभी भी हैं। लेकिन ये रेजिमेंटें अंग्रेजों ने अपने हितों के हिसाब से बनाई थीं।

आजाद भारत में यह परंपरा खत्म हो चुकी है बावजूद इसके अभी भी इस तरह जाति या धर्म आधारित रेजिमेंटें बनाने की मांग समय समय पर उठती रही है, लेकिन सभी सरकारों ने इसे खारिज कर दिया है।

दलित वंचित समुदाय के लोग भी देश की सेवा उत्कट भाव से करें, इसलिए बाबा साहब अंबेडकर ने दलितों से अधिकाधिक संख्या में सेना में शामिल होने का आह्वान किया था। बाद में बाबू जगजीवन राम और रामदास आठवले जैसे नेता सेना में भी जाति आधारित आरक्षण की मांग उठाते रहे हैं। लेकिन शायद ही और कोई उससे सहमत रहा हो। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# अमेरिकी मीडिया क्यों अलाप रहा राफेल विरोधी राग

सामरिक

विक्रम उपाध्याय



**भारत-पाक संघर्ष में हार और जीत के आकलन के बीच कुछ कहानियां राफेल की भी सुनवाई जा रही हैं। खासकर फ्रांस से प्राप्त राफेल जेट को लेकर अमेरिकी मीडिया में बहुत सारी बातें बिना सिर-पैर की हो रही हैं। अमेरिका लड़ाकू विमानों का सौदागर है और उसके एफ-35 जेट के लिए सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी फ्रांसीसी राफेल ही है। राफेल के खिलाफ खबरें उसी कंपटीशन का हिस्सा हो सकती हैं।**

भारत और पाकिस्तान के बीच फिलहाल शांति है। पाकिस्तान ने 7 मई को यह दावा किया था कि उसने तीन राफेल समेत भारत के पांच जंगी जहाजों को गिरा दिया। पाकिस्तान अपने इन दावों के लेकर खुद ही हंसी का पात्र बना, उसके रक्षा मंत्री से एक विदेशी मीडिया ने जब पूछा कि सबूत क्या है, तो उन्होंने जवाब दिया कि सोशल मीडिया में सब चल रहा है। यही नहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपनी पार्लियामेंट में यहां तक कह दिया कि पाकिस्तान चाहता तो 12 भारतीय जेट गिरा सकता था, मेहरबानी कर के पांच ही गिराया। जिस देश के हुक्मरान इतने नादान और मूर्ख हों, उस देश का भविष्य क्या हो सकता है। अब यही मूर्खता विदेशी मीडिया के कुछ अन्य प्लेटफार्म से भी हो रही है।

द वाशिंगटन पोस्ट, द न्यूयॉर्क टाइम्स और सीएनएन चैनल जैसे बड़े मीडिया हाउस पाकिस्तान के भोपू बने हैं। वह कुछ मनगढ़ंत खबरों के जरिए अमेरिकी हित साधने की कोशिश कर रहे हैं। विश्लेषण की जरूरत है।

कहीं यह अमेरिकी हथियार के सौदागरों के एजेंट तो नहीं बन रहे हैं। सीएनएन ने राफेल के गिरने की खबर पाकिस्तानी रक्षा सूत्रों से चला दी, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया है, जिनमें तीन राफेल जेट, एक मिग-29 और एक सुखोई 30 फाइटर जेट शामिल हैं। अपनी खबर को पुष्ट दिखाने के लिए सीएनएन ने एक कथित अनजान फ्रांसीसी खुफिया अधिकारी का हवाला भी दे दिया, जिसने कथित रूप से यह स्वीकार किया कि भारतीय वायु सेना को दिए गए राफेल लड़ाकू विमानों में से एक को पाकिस्तान ने मार गिराया है। रॉयटर्स ने भी दो अनजाने अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए यह खबर चला दी कि चीन निर्मित पाकिस्तानी लड़ाकू विमान ने कम से कम दो भारतीय सैन्य विमानों को मार गिराया। इस मामले में न्यूयॉर्क टाइम्स भी पीछे नहीं रहा। इस अमेरिकी मीडिया ने भी वही अज्ञात स्रोत का सहारा लिया और खबर चला दी कि भारत ने कम से कम दो विमान खो दिए हैं। बस उसने राफेल का नाम नहीं लिया। वाशिंगटन पोस्ट ने तो एक फ्रांसीसी विशेषज्ञ का भी हवाला दे दिया है, जो बकौल अखबार के यह स्वीकार करता है कि भारत ने मिराज-2000 और राफेल विमान खो दिए हैं। मालूम हो कि राफेल और मिराज दोनों दोनों फ्रांसीसी हैं। अमेरिकी मीडिया के इस रुख पर सवाल उठाना लाजिमी है कि जब अभी तक पाकिस्तान ने जहाज गिराए जाने के कोई ठोस सबूत नहीं दिए हैं और ना भारत ने इस संबंध में कोई पुष्टि की है। फिर अमेरिकी मीडिया अज्ञात स्रोतों का हवाला देकर इतनी बड़ी खबर क्यों चला रहा है। क्या उनके उद्देश्य कुछ और हैं? कहीं यह अमेरिकी लड़ाकू विमानों की मार्केटिंग का फंडा तो नहीं है। यह सबको खबर है कि भारत समेत कई देश इस समय लड़ाकू विमानों की खरीदारी के लिए इच्छुक हैं। दुनिया एयरोस्पेस बाजार बहुत बड़ा है और अरबों खरबों डॉलर के सौदे होने हैं। चूंकि अमेरिका भी लड़ाकू विमानों का सौदागर है और वह अपने एफ-35 जेट के लिए कई देशों में लामबंदी कर रहा है। इसलिए उसके लिए सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी फ्रांसीसी राफेल ही है। राफेल के खिलाफ खबरें उसी कंपटीशन का हिस्सा हो सकती हैं।

भारत राफेल के लिए सौदे कर चुका है। भारतीय वायुसेना को कुल 114 लड़ाकू विमान खरीदने हैं। अभी तक भारत 36 राफेल विमानों की डिलीवरी प्राप्त कर चुका है। बाकी विमान भारत को अभी और लेने हैं। केवल भारत ही नहीं कई यूरोपीय देश, कनाडा और जापान भी फाइटर जेट के सौदे करने वाले हैं।

ये सभी अमेरिकी हथियारों के विकल्प ढूंढ रहे हैं। कुछ देशों ने तो विकल्प ढूंढ भी लिए हैं। जैसे पुर्तगाल और कनाडा एफ-35 लड़ाकू विमानों के सौदे से पीछे हटने पर विचार कर रहे हैं। नवनिर्वाचित कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अपनी पहली की पहली विदेश यात्रा ही फ्रांस जाकर की। ओटावा एफ-35 के बजाय फ्रांसीसी राफेल खरीदने पर विचार कर रहा है। भौगोलिक और कूटनीतिक कारणों से इस समय चीन और रूस के लड़ाकू विमानों के खरीदार नहीं मिल रहे हैं।

चीन मुख्य रूप से पाकिस्तान को ही अपना सैन्य उत्पाद बेच रहा है। पाकिस्तान के 80 फीसदी से अधिक सैन्य साजो सामान चीन के ही बने हुए हैं। हालांकि भारत रूस का बहुत महत्वपूर्ण सामरिक पार्टनर है, लेकिन भारत नए रूसी फाइटर जेट्स खरीदने के प्रति इच्छुक नहीं है। इसलिए अपने बाजार के लिए ऑपरेशन सिंदूर का उपयोग अमेरिका कर सकता है।


प्रसंगवश

## तुर्किये की भारत-विरोधी हरकतों के चलते बहिष्कार उचित

**'एहसान फरामोश' तुर्किये ने भारत-पाक के हालिया सैन्य संघर्ष के दौरान उसने पाकिस्तान का साथ दिया, 350 से अधिक ड्रोन सप्लाई किए, समुद्री जहाज तक भेजा और सैनिक भी उस संघर्ष का हिस्सा बने।**

तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे बदनाम उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी, 2023 में तुर्किये में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, करीब 40,000 लोग मारे गए थे, इमारतें 'मिट्टी-मलबा' हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने उसे मानवीय दायित्व समझा और पूरा अभियान चलाया। हमारे एनडीआरएफ के जवानों ने दबी हुई जिंदगियों को प्राण देने की कोशिश की, डॉक्टरों ने कई कमाल किए और भारत ने तुर्की अवाम के लिए भोजन-पानी के बंदोबस्त किए। बेशक तुर्किये एहसान न माने, लेकिन वह 'एहसान फरामोश' क्यों हुआ? भारत-पाक के हालिया सैन्य संघर्ष के दौरान उसने पाकिस्तान का साथ दिया, 350 से अधिक ड्रोन सप्लाई किए, समुद्री जहाज तक भेजा और सैनिक भी उस संघर्ष का हिस्सा बने। चूंकि सैन्य कार्रवाई के दौरान तुर्किये के 2 'ड्रोन ऑपरेटर' मारे गए, लिहाजा तुर्की सैनिकों की मौजूदगी की पुष्टि होती है। तुर्किये ने पाकिस्तान के समर्थन में बयान भी दिए। आखिर तुर्किये भारत-विरोधी क्यों हुआ? बहरहाल भारत की राष्ट्रीय प्रतिक्रिया यह सामने आई है कि टूर-ट्रेवल कंपनियों, औद्योगिक संगठनों, विश्वविद्यालय और सामाजिक-राजनीतिक संगठनों ने तुर्किये पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' कर दी है। करीब 250 फीसदी टूर और बुकिंग रद्द करवा दी गई हैं। तुर्किये और अजरबैजान जाने वाले पर्यटकों की बुकिंग में 60 फीसदी गिरावट आई है। यह सिलसिला अभी जारी है। ट्रेवल कारोबार से जुड़ी कंपनियों का आकलन है कि करीब 5000 करोड़ रुपए का नुकसान तुर्किये को होगा। 2024 में 3.30 लाख से अधिक भारतीय पर्यटक तुर्किये गए थे और करीब 2.43 लाख सैलानी अजरबैजान घूमने गए थे। छोटी और सीमित अर्थव्यवस्थाओं के लिए पर्यटकों की ये संख्या कम नहीं है। सेब, संगमरमर और अन्य सामान आयात करना व्यापारियों ने खुद ही बंद कर दिया है। 2023-24 में तुर्किये को हमने 3885 वस्तुओं का निर्यात किया और 2482 वस्तुओं का आयात भी किया, लेकिन अब बहिष्कार करने और पाबंदी लगाने की मांगें हुंकारों की तरह बुलंद हैं। 2023-24 में भारत ने तुर्किये से करीब 821 करोड़ रुपए के सेब खरीदे थे। राजस्थान और महाराष्ट्र में सबसे अधिक संगमरमर, करीब 14 लाख टन, तुर्किये से ही आयात किया जाता है। भारत और तुर्किये के बीच वित्त वर्ष 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 10.4 अरब डॉलर का हुआ था। 2000-24 के दौरान तुर्किये ने 240.18 मिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भारत में किया है। गौरतलब यह है कि तुर्किये की कंपनी 'सेलेबी' भारत के 9 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर ग्राउंड हैंडलिंग का काम कर रही हैं। यह बेहद संवेदनशील व्यवस्था है। क्या भारत सरकार उनकी सेवाएं निलंबित करने पर विचार करेगी? दरअसल भारतीय पर्यटकों ने तुर्किये और अजरबैजान की अर्थव्यवस्था को हजारों करोड़ रुपए दिए। वहां नौकरियां बढ़ीं, होटल और विमानन क्षेत्र का विस्तार हुआ, भारत में कई परियोजनाओं के अनुबंध तय किए गए, तो तुर्किये की अर्थव्यवस्था ही बढ़ी। अब 'एहसान फरामोश' को दंडित करना ही चाहिए। भारत सरकार स्पष्ट करे कि वह देश के गुस्से और आक्रोश को कितना समर्थन दे रही है? वैसे तो चीन, तुर्किये, अजरबैजान ने भारत-पाक संघर्ष के दौरान दुश्मन का ही समर्थन किया और उसे सैन्य सहयोग भी दिया। भारत ने चीन के सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' और सरकारी न्यूज एजेंसी 'शिन्हुआ' के 'एक्स' अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है। तुर्किये की सरकारी प्रसारक कंपनी 'टीआरटी वर्ल्ड' को भी बंद कर दिया गया है। चीन पर इससे अधिक पाबंदियां नहीं लगाई जा सकतीं, क्योंकि उसके साथ व्यापार का आंकड़ा सर्वाधिक है। चीन के एयर डिफेंस सिस्टम को भारतीय वायुसेना ने 23 मिनट के लिए बिल्कुल जाम कर दिया था। उसी दौरान भारत ने अपना सैन्य मिशन पूरा किया। चीन की हथियारबंद मौजूदगी का इससे प्रामाणिक सबूत और क्या हो सकता है? बहरहाल तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने का मुगालता पाल रखा है, लिहाजा उसकी हेकड़ी तोडना बहुत जरूरी है। भारत बहिष्कार या अन्य सख्त विकल्प पर विचार करे। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, अफगानिस्तान, कतर सरीखे प्रमुख इस्लामी देशों ने 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई' में भारत का समर्थन किया है। तुर्किये को उसके 'गिरगिटी रंग' के लिए सजा जरूर दी जानी चाहिए।

## ॥गीता॥



**श्लोक :** यत्साङ्ख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते।
एकं साङ्ख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति॥

**भावार्थ**

ज्ञान योगियों द्वारा जो परमधाम प्राप्त किया जाता है, कर्मयोगियों द्वारा भी वही प्राप्त किया जाता है। इसलिए जो पुरुष ज्ञानयोग और कर्मयोग को फलरूप में एक देखता है, वही यथार्थ देखता है।

जीवन दर्शन

## धैर्य ही बुद्धत्व का मूल मंत्र है



मानव जीवन, अध्यात्म में रुचि और संत का सान्निध्य बड़ी मुश्किल से मिलता है। यदि ये सब चीजें मिल भी जाएं, तो बुद्धत्व या मोक्ष की प्राप्ति के लिए बिना घबराए प्रेमपूर्वक प्रतीक्षा सबसे आवश्यक अंग है। जीव को तीन चीजों की उपलब्धि बहुत कठिन है। पहला, मनुष्य जीवन। दूसरा, मनुष्य जीवन मिलने पर अध्यात्म में रुचि और साधना। समाज में कुछ लोगों को ही अध्यात्म और साधना का स्वाद लगता है और यह स्वाद एक प्रसाद है। अधिकतर लोग तो एक मशीन की तरह जी रहे हैं-बस खाना, पीना और सोना। उन्हें जीवन के वास्तविक मूल्यों का कुछ पता नहीं। ऐसे लोगों के जीवन की कोई सार्थकता नहीं। तीसरी सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि है, किसी संत या सद्गुरु का सान्निध्य, जो बहुत मुश्किल से मिलता है। इसके लिए प्रतीक्षा करनी पड़ती है। उचित समय पर यह भी हो जाता है, लेकिन तब तक असीम धैर्य और प्रतीक्षा की जरूरत होती है। एक महात्मा के दो शिष्य थे। उनमें से एक वृद्ध था, उनका बहुत पुराना और पक्का अनुयायी, कड़ी साधना करने वाला। एक दिन उसने गुरु से पूछा, 'मुझे मोक्ष या बुद्धत्व की प्राप्ति कब तक होगी?' गुरु बोले, 'अभी तीन जन्म और लगेंगे।' यह सुनते ही शिष्य ने कहा, मैं बीस वर्षों से कड़ी साधना में लगा हूं, मुझे क्या आप अनाड़ी समझते हैं। बीस साल की साधना के बाद भी तीन जन्म और! नहीं, नहीं।' वह इतना क्रोधित और निराश हो गया कि उसने उसी वक्त अपनी माला तोड़ दी, आसन पटक दिया और चला गया। दूसरा अनुयायी एक युवा लड़का था, उसने भी यही प्रश्न किया। गुरु ने उससे कहा, 'तुम्हें बुद्धत्व प्राप्त करने में इतने जन्म लगेंगे, जितने इस पेड़ के पत्ते हैं।' यह सुनते ही वह खुशी से नाचने लगा और बोला, 'वाह, बस इतना ही! और इस पेड़ के पत्ते तो गिने भी जा सकते हैं। वाह, आखिर तो वह दिन आ ही जाएगा। इतनी प्रसन्नता थी उस युवक को, इतना था उसका संतोष, धैर्य और स्वीकृति भाव। बताते हैं कि उस युवक को उसी वक्त बुद्धत्व प्राप्त हो गया। धैर्य ही बुद्धत्व का मूल मंत्र है, अनंत धैर्य और प्रतीक्षा। परंतु प्रेम में प्रतीक्षा बड़ी कठिन होती है। बुद्धत्व, किसी भी व्याख्या से परे, शिकायत की हदों से पार की अवस्था है-एक अनुभूति है।

श्री श्री रविशंकर

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय खेलों के लिए प्रदेश हो रहा तैयार

**विसं भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश को खेलों के क्षेत्र में आगे लाने के लिए सरकार कटिबद्ध होकर प्रयासरत है। खेल और खिलाड़ियों के विकास में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन कराने केंद्र सरकार और भारतीय ओलंपिक संघ को प्रस्ताव भेजा गया है। वर्ष-2028 में जनवरी से मार्च के दौरान राष्ट्रीय खेलों का आयोजन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री ने खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय रहते राष्ट्रीय खेल आयोजन की सभी तैयारियों को अंजाम दें। राष्ट्रीय खेल का मध्यप्रदेश में आयोजन सरकार के लिए गौरव का विषय है। इसकी तैयारियों में कोई कमी न रहे। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग भी उपस्थित थे।

### बिजली चोरी की सूचना देने पर मिलेगा इनाम

**विसं भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली होने पर सूचनाकर्ता को दी जाने वाली 10 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि में से योजना के संशोधित प्रावधान के अनुसार पांच प्रतिशत राशि का भुगतान संबंधित सूचनाकर्ता को सूचना सही पाए जाने पर जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश के तुरंत बाद किया जाएगा। शेष पांच प्रतिशत राशि पूर्ण वसूली उपरांत देय होगी। नियमित कर्मचारी/ संविदा/ आउटसोर्स कर्मचारी को भी सूचनाकर्ता के रूप में शामिल किया गया है, परंतु उसे सूचना सही पाए जाने एवं जारी किए गए अंतिम निर्धारण आदेश की पूर्ण वसूली होने पर एक प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जाएगी। कंपनी ने कहा है कि विभिन्न परिसरों की जांच एवं उसके बाद बनाये गये पंचनामा के आधार पर आरोपी के विरुद्ध निकाली गयी राशि की वसूली में सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

### स्वैच्छिक स्थानांतरण आवेदन की तिथि बढ़ी

**विसं भोपाल ।** स्कूल शिक्षा विभाग ने स्थानांतरण नीति के क्रियान्वयन की समय-सारणी जारी की है। विभाग ने समय-सारणी तालिका में आंशिक संशोधन किया है। स्वैच्छिक स्थानांतरण के लिये ऑनलाइन आवेदन करने की नियत सीमा 16 मई से बढ़ाकर अब 21 मई की गयी है। इसी के साथ ऑनलाइन स्थानांतरण आदेश जारी करने की तिथि 20 मई से बढ़ाकर 25 मई, 2025 नियत की गयी है। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी किये हैं।

# विजय शाह की बर्खास्तगी को लेकर धरने पर बैठे कांग्रेसी

## कर्नल सोफिया के खिलाफ मंत्री के बयान को लेकर तीसरे दिन भी प्रदर्शन, पुलिस ने हटाया तो लेट गए नेता, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सूबे के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के इस्तीफे को लेकर तीसरे दिन भी राजधानी में राजनीतिक हंगामा बरपा रहा। मंत्री को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राजभवन पहुंचे कांग्रेसी राज्यपाल से मिले और लौटते समय बाहर धरने पर बैठ गए, जिन्हें हटाने के लिए पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। गौरतलब है कि कांग्रेस विधायक और पदाधिकारी नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की अगुवाई में शुक्रवार को राजभवन पहुंचे, जहां उन्होंने राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मुलाकात करते हुए मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। राज्यपाल से मिलकर लौटे कांग्रेसी विधायक राजभवन के गेट नंबर 2 पर धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। काले एप्रिन पहने इन नेताओं को धरने से उठाने पुलिस पहुंती तो नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित दूसरे विधायक धरना स्थल पर ही लेट गए, जिन्हें बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस उठाकर वाहन में बैठाया। सभी को बिना अनुमति धरना देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। भोपाल के एडिशनल डीसीपी महावीर सिंह मुजाल्दे ने बताया है कि कांग्रेस के विधायक राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात करने के बाद बाहर आए और यहां धरना दे दिया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राज्यपाल ने कांग्रेस विधायकों को मिलने का समय दिया था और जब वे वापस आए तो वापस न जाकर वे गेट नंबर 2 के बाहर धरने पर बैठ गए। कांग्रेस विधायक जिद पर अड़े थे कि मंत्री विजय शाह जब तक इस्तीफा नहीं देते तब तक धरना जारी रहेगा। डीसीपी ने कहा कि राजभवन की गरिमा है, धरना-प्रदर्शन के लिए अलग जगह होती है। काफी देर तक उन्हें समझाने की कोशिश की गई। उनसे धरना खत्म करने या कहीं और धरना देने का अनुरोध किया गया। जब वे नहीं माने तो पुलिस की ओर से कार्रवाई कर हिरासत में लेकर जेल भेजा गया।






कांग्रेस कार्यालय के सामने बयान के विरोध में उप मुख्यमंत्री का पुतला जलाया तो दूसरी ओर पुरानी विधानसभा में विजय शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर धरना दिया।

### मंत्रियों की बात आते ही चुप हो जाती है भाजपाः सिंघार

धरना स्थल पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि एक ओर भाजपा हमेशा राष्ट्रधर्म की बात करती है, लेकिन अपने मंत्रियों की बात आती है तो चुप हो जाती है। ये कैसी देशभक्ति है बीजेपी और उनके नेताओं की कथनी और करनी में फर्क है। उन्होंने कहा कि मंत्री विजय शाह का बयान आपत्तिजन है, उसके बाद डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा का बयान आ गया। देवड़ा ने तो पूरी सेना को ही अपमानित कर दिया। उन्होंने कहा कि विजय शाह मामले में बीजेपी को अपनी चुप्पी की वजह बतानी होगी। क्या ये बीजेपी का बयान है या आदिवासी वोट बैंक की चिंता है। सिंघार ने कहा कि एक ओर भाजपा तिरंगा यात्रा निकाल रही है, दूसरी तरफ सेना का अपमान कर रही है। पीएम नरेन्द्र मोदी अब देश की जनता से ऊपर हो गए हैं, व्यक्ति पूजा हो रही है। तिरंगे की आड में राजनीति श्रेय लेने की होड मची हुई है। जबकि युद्ध विराम से देश का कोई भी नागरिक सहमत नहीं है। जब सरकार पाक अधिकृत कश्मीर को नहीं ले सकती तो अखंड भारत का सपना क्यों दिखाती है। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा जिस इलाके से आते हैं वहां अफीम की खेती होती है। पता नहीं किस स्थिति में थे जो उन्होंने ऐसा बयान दिया।

# सहारा की ग्वालियर और सागर में भी 150 एकड़ जमीन बेचने में हेराफेरी, अब ईओडब्ल्यू करेगी जांच

## तीन नोटिस के बाद भी बयान देने नहीं पहुंचा सीसीएम, अब एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर तलब

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सहारा समूह द्वारा भोपाल, जबलपुर और कटनी में 800 करोड़ की जमीन 90 करोड़ में विधायक संजय पाठक से जुड़ी कंपनियों को बेचने और सौदे की रकम सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत सेबी-सहारा के ज्वाइंट अकाउंट में जमा न करने के खुलासे के बाद एक और गड़बड़ी सामने आई है। आशुतोष मनु दीक्षित नामक व्यक्ति द्वारा की गई शिकायत पर प्राथमिक जांच (पीई) दर्ज कर मामले की छानबीन कर रहे आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) को ग्वालियर और सागर में भी सहारा की 150 एकड़ जमीन बाजार भाव से बेहद कम दाम पर बिकने और इसकी रकम भी सहारा-सेबी के संयुक्त खाते में जमा न कराने की जानकारी मिली है। इस मामले में लगातार नोटिस देकर जमीन बेचने वाले सहारा के जिम्मेदार अफसरों और जमीन खरीदने वालों को बुलाकर पूछताछ की जा रही है, लेकिन ईओडब्ल्यू के कई नोटिस देने के बाद भी सहारा के आला अफसर बयान दर्ज कराने नहीं आ रहे हैं। दस्तावेजों के अनुसार भोपाल की 110 एकड़ जमीन 48 करोड़, 100 एकड़ जमीन 20 करोड़ और कटनी में 100 एकड़ जमीन 22 करोड़ में बिकी, जिसे विधायक संजय पाठक की मां निर्मला पाठक और बेटे यश की शेयर होल्डिंग कंपनी सिनाप रियल एस्टेट व नायसा देवबिल्ड ने खरीदा है। इस जमीन का बाजार भाव ही लगभग 800 करोड़ रुपये है। कटनी, जबलपुर और भोपाल में जमीन बिक्री को लेकर मामले की पड़ताल कर रही ईओडब्ल्यू ने सहारा के मुंबई दफ्तर में पदस्थ कमर्शियल कॉर्पोरेट



मैनेजर (सीसीएम) अनिल इब्राहिम को इस मंगलवार भोपाल में पेश होने को कहा था। अनिल को इस जांच के लिए तीसरी बार नोटिस दिया गया था। तीसरे नोटिस के बाद भी अनिल इब्राहिम अपने बयान देने नहीं पहुंचा था। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। ईओडब्ल्यू ने करोड़ों के इस घोटाले को लेकर अब सहारा के लखनऊ मुख्यालय में पदस्थ एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ईडी) एसके पांडे को अगले बुधवार को बयान देने के लिए दस्तावेजों के साथ तलब किया है। इससे पहले ईओडब्ल्यू ने एक मई को सहारा रियल एस्टेट के फाइनेंस डिवीजन के चीफ मैनेजर इरफान उल्लाह और डिप्टी चीफ मैनेजर रुद्रनाथ यादव को पूछताछ के लिए बुलाया था। दोनों ने बयानों में बताया था कि भोपाल, जबलपुर व कटनी की जमीन बेचने के बाद हासिल हुए लगभग 75 करोड़ की पूरी रकम सेबी-सहारा के ज्वाइंट खातों में भेजने के बजाय अधिकांश राशि सहारा की क्रेडिट कोआपरेटिव कंपनी हमारा इंडिया में ट्रांसफर की गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना की पड़ताल करेगी ईओडब्ल्यू

पड़ताल के दौरान यह सामने आया है कि सहारा की ग्वालियर और सागर की जमीन भी औने-पौने दामों पर बेची गई। इन स्थानों पर सहारा सिटी के नाम से खरीदी गई सहारा रियल एस्टेट की जमीनों की जानकारी पंजीयन विभाग के जरिए जुटाई गई थी। ग्वालियर में 52.4 और सागर में लगभग 100 एकड़ जमीन सहारा सिटी ने रिहायशी आलीशान कॉलोनी बनाने के लिए खरीदी थी। दोनों जगह जमीन बेचने के लिए सहारा की तरफ से अधिकृत किए गए सहारा के अफसरों ने ईओडब्ल्यू को बताया है कि उन्हें केवल जमीन के सौदे के दौरान हस्ताक्षर करने के लिए कहा गया था और इस सौदे की रकम और इस राशि के जमा होने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ग्वालियर में सहारा का नया कारनामा भी इस दौरान पता चला है। यहां सेबी द्वारा अटैच की गई लगभग विठौली, ओड़पुरा और महाराजपुरा की प्रॉपर्टी को केवल 19 करोड़ में बेचा गया। इस जमीन का बाजार भाव 100 करोड़ से अधिक था। इसी तरह सागर में भी सहारा की 100 करोड़ मार्केट रेट वाली जमीन 20 करोड़ में बेचकर इसका पैसा सहारा-सेबी के ज्वाइंट खाते में जमा नहीं कराया गया। इस मामले में भी सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना की पड़ताल ईओडब्ल्यू करेगी। गौरतलब है कि सहारा में निवेशकों का पैसा अटकने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने उनकी जमीन बेचने के बाद हासिल रकम सेबी-सहारा के खाते में जमा कराने के आदेश दिए थे, जिससे निवेशकों को उनकी रकम लौटाई जा सके।

# पीसीसी में आने वालों से फीडबैक लेकर खुद को सुधारेगी कांग्रेस

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र कांग्रेस अपने जनाधार को वापस पाने के लिए हर दिन नए-नए उपाय कर रही है। अब पार्टी नेतृत्व ने तय किया कि पीसीसी में आने वाले हर आगुंतक से पूछा जाएगा कि कांग्रेस और पीसीसी का व्यवहार उनके साथ कैसा रहा और उनका संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुझाव क्या है। पिछले दिनों प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी की मौजूदगी में पार्टी की समीक्षा बैठक हुई थी। इसमें चुनावों में हार को लेकर भी चर्चा की गई थी। बैठक में वरिष्ठों ने हार का एक बड़ा कारण कार्यकर्ताओं की उदासीनता को माना गया था। उनका कहना था कि कई सालों से चुनावी असफलताओं, संगठनात्मक असंतोष और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा जैसी समस्याओं से कांग्रेस में उदासीनता का वातावरण निर्मित हो गया है। ऐसे में एक बार फिर संगठन के सशक्तिकरण को लेकर काम करना होगा। बताया गया है कि बैठक में तब तय किया गया था कि प्रदेश संगठन सबसे पहले अपने कार्यकर्ताओं की सुध लेगी। पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं ने न केवल कार्यक्रमों में संवाद करना शुरु कर दिया है बल्कि अलग से प्रदेश कार्यालय में पूछपरख भी की जा रही है। हर आगंतुक से पदाधिकारी फोन करके संवाद कर रहे हैं और उनका



ब्यौरा लेकर बाकायदा संपर्क किया जा रहा है। आगंतुकों से पूछा जा रहा है कि पदाधिकारियों से आपकी मुलाकात कैसी रही और अगर कोई असुविधा हुई हो तो बताएं ताकि उसे दूर किया जा सके।

### अब नियमित होंगी बैठक

प्रदेश संगठन नियमित तौर पर इस पहल को लेकर बैठक करेंगे और नए प्रयास की मॉनटरिंग की भी जाएगी। पदाधिकारियों का कहना है कि पार्टी का प्रयास कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के बीच बेहतर संवाद स्थापित करने का मजबूत जरिया है। सबसे ज्यादा लाभ पार्टी के प्रति कार्यकर्ताओं का रुझान बना रहेगा। हालांकि भाजपा कहना है कि कांग्रेस पदाधिकारी मोबाइल या फोन के जरिए कार्यकर्ताओं से संवाद कर फीडबैक लेकर औपचारिकता करना चाहती है। क्योंकि ऐसा कर कांग्रेस जनता और कार्यकर्ताओं को सिर्फ फोन तक ही सीमित करना चाहती है।

# बीयू समेत प्रदेश के एक दर्जन विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्तियों पर भेजे जाएंगे परीक्षा नियंत्रक

## परीक्षा और रिजल्ट की बिगड़ी व्यवस्था को सुधारे की कवायद

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के सभी एक दर्जन विश्वविद्यालयों की परीक्षा और रिजल्ट की प्रक्रिया चरमराई हुई। परीक्षाएं मनमर्जी के मुताबिक चल रही हैं और रिजल्ट में गड़बडी होना अब स्वभाविक हो गया है। राजभवन और शासन द्वारा कई बार विश्वविद्यालयों को समय पर परीक्षा और रिजल्ट देने के लिए हिदायत दी जा चुकी है, लेकिन व्यवस्था में आज तक कोई सुधार नहीं हो सका है। यहां तक कि कई बार तो रजिस्ट्रार को नोटिस तक भेज दिए गए। इसलिए शासन ने अब प्रदेश के सभी विवि में परीक्षा नियंत्रक प्रतिनियुक्ति पर भेजने का निर्णय कर लिया है। इसके लिए 13 जून तक आवेदन जमा किए जाएंगे। बीयू में एक दशक से परीक्षा नियंत्रक का पद खाली है। बीयू ने अपनी नाक बचाने के लिए खानापूर्ति करते हुए प्रो कुम्भरेश कश्यप को प्रभारी परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया हुआ है, लेकिन वे परीक्षा और रिजल्ट के कार्यों में ज्यादा भूमिका नहीं निभाते। परीक्षा को लेकर कई बार बीयू कुलगुरु सुरेश कुमार जैन से बहस तक हो चुकी है। इसके बाद भी परीक्षा और रिजल्ट में कोई सुधार नहीं हो सका है। विद्यार्थी आये दिन अपनी शिकायतें लेकर बीयू पहुंच रहे हैं, जो बीयू प्रबंधन के सामने मूल्यांकन पर सवाल उठा रहे हैं।

### एसवीएम राजपूत थे अंतिम परीक्षा नियंत्रक

12 साल पहले बीयू में बीडीएस परीक्षा में गड़बडी होने पर बवाल मच था। इस दौरान तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक एसवीएस राजपूत को हटा दिया गया था। शासन ने उन्हें प्रतिनियुक्ति पर ही बीयू भेजा था। इसके बाद शासन ने परीक्षा नियंत्रक ही नियुक्त नहीं किया। पद रिक्त देख बीयू प्रबंधन ने खानापूर्ति के लिए बीयू के प्रोफेसर विनोय श्रीवास्तव को परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया था। उनके रिटायर होने के बाद प्रो कुम्भरेश कश्यप को परीक्षा नियंत्रक बना गया है। यह परिस्थिति सिर्फ बीयू तक ही सीमित नहीं है। राज्य के हर विवि में यही स्थिति बनी हुई है। इसलिए शासन ने सभी विश्वविद्यालय की स्थिति को सुधारने के लिए परीक्षा नियंत्रक भेजने का निर्णय कर लिया है। शासन बीयू समेत राज्य के 12 विवि में परीक्षा नियंत्रक को नियुक्त करने के लिए आवेदन जमा करने की व्यवस्था कर दी है। प्रदेश के कालेजों में पदस्थ प्राचार्य, प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर ही दावेदारी कर सकते हैं। उन्हें 13 जून के शाम पांच बजे तक आवेदन करना है।

# आईजी पंजीयन ने कहा- हर शनिवार को खुलेंगे कार्यालय, सामूहिक अवकाश की चेतावनी

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** पंजीयन विभाग और उसके अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारी आमने सामने आ गए हैं। एक दिन पहले महानिरीक्षक पंजीयन अमित तोमर ने एक आदेश जारी किया। इस आदेश के मुताबिक मई माह के हर शनिवार को पंजीयन कार्यालय खुलेंगे। इससे पहले ही विभाग के अधिकारी व कर्मचारी संघ ने पत्र जारी करते हुए सामूहिक अवकाश की चेतावनी दे डाली। आईजी पंजीयन के आदेश के मुताबिक भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सागर, नर्मदापुरम और उज्जैन संभागों के पंजीयन कार्यालयों को मई माह के शनिवार को भी खोलना है। जबकि शनिवार को शासन के अन्य विभागों में छुट्टी रहती है। शुक्रवार सुबह आई पंजीयन ने आदेश जारी किया। शाम को विभाग के अधिकारी-कर्मचारी संघ ने पत्र जारी कर दिया, जिसमें आईजी पंजीयन के आदेश का विरोध करते हुए सामूहिक अवकाश की चेतावनी दी गई।

### मार्च में देर रात तक कराया काम

अधिकारी-कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह दंडोतिया ने बताया कि हम विभाग के लिए निष्ठावान हैं। मार्च के महीने में क्लोजिंग के कारण अवकाश वाले दिन भी काम किया गया था। इसके बाद अप्रैल में पेंडेंसी खत्म करने के लिए देर रात तक काम किया गया। बीते दो महीने से लगातार काम किया जा रहा है। रजिस्ट्री कार्यालयों में काम करने वाला स्टाफ भी इंसान है, उसका भी अपना परिवार है। पिछले दो महीने से वह कभी भी समय पर अपने घर नहीं पहुंचा। इससे वह मानसिक और शारीरिक तनाव में है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को स्टाफ की मजबूरी और पीड़ा को समझना चाहिए।

### संपदा 2.0 की समस्या हल करने की मांग

पत्र के माध्यम से संघ ने शासन को अवगत कराया है कि रजिस्ट्री के लिए बनाया गया पोर्टल सम्पदा को अपडेट करते हुए उसे सम्पदा 2.0 में बदला गया है। इस परिवर्तन के कारण कई बार सर्वर की समस्या आ रही है। जिससे कभी कभी दिनभर काम नहीं हो पाता। ऑनलाइन स्लॉट मिल जाने के बाद भी रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती। विभाग को चाहिए कि वह जल्द से जल्द सम्पदा 2.0 की सभी तकनीकी समस्याओं को दूर करे।

### चोरी की नियत से स्टेशन पर घूम रहे युवक को पकड़ा

**भोपाल।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामान की चोरी की नियत से घूम रहे एक युवक को रेल सुरक्षा बल ने पकड़ कर उसके विरुद्ध कार्रवाई की है। जानकारी अनुसार 16 मई को सुबह 6 बजे भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म 2 पर आरक्षक आरिफ खान ने एक युवक को संदिग्ध स्थिति में घूमते हुए पकड़ा, जिसकी नीयत यात्री सामान की चोरी प्रतीत हुई। पूछताछ में उक्त व्यक्ति की पहचान रफीक (आयु 20 वर्ष) के रूप में हुई। उसके पास कोई वैध यात्रा टिकट अथवा पहचान पत्र उपलब्ध नहीं था। घटना स्थल पर कोई प्रत्यक्ष शिकायतकर्ता नहीं होने के बावजूद, संदिग्ध गतिविधियों और रेलवे परिसर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आरपीएफ ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय रेलवे अधिनियम की धारा 145 (अशांति फैलाना) एवं धारा 137 (बिना टिकट यात्रा) के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की।

**बैठक** | मुख्यमंत्री ने किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली

# प्रदेश में फल-सब्जी और मसाला मंडी भी बनेगी: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों से कृषि उपज मंडी के अलावा फल व सब्जी मंडी, मसाला मंडी स्थापना के लिए प्रयास करने को कहा है। उन्होंने कहा कि सभी मंडियों में प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मंडियों का विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों से आकस्मिक निरीक्षण करायें। मंडियों की व्यवस्थाओं को और भी बेहतर बनाया जाए। सीएम शुक्रवार को मंत्रालय में किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई जरूरतों के मुताबिक अब अलग-अलग मंडियों की स्थापना पर विचार किया जाना चाहिए।

मंडियों का फसलवार मॉडल तैयार करें। कृषि उपज मंडी के अलावा अब फल व सब्जी मंडी, मसाला मंडी या अन्य विशेष पैदावार की मंडी स्थापना के लिए भी प्रयास किए जाएं। इसके लिए रोडमैप तैयार किया जाए और यदि आवश्यकता है तो इसमें प्रायवेट सेक्टर को भी सम्मिलित किया जाए।

सीएम ने कहा कि मंडियों में जारी वर्तमान व्यवस्थाओं का समुचित तरीके से किसानों के हित में प्रबंधन किया जाए। मंडी शुल्क की



प्राप्त राशि से किसानों की कल्याण गतिविधियों पर फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रागी, कोदो-कुटकी, ज्वार-बाजरा, मक्का जैसे श्रीअन्न का उत्पादन बढ़ाया जाए और किसानों को श्रीअन्न उत्पादन के लिए प्रोत्साहि त किया जाए। किसानों द्वारा उत्पादित श्रीअन्न अब सरकार खरीदेगी। सभी मंडियां अपने विकास कार्यों के लिए आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्थानीय निकायों से नई मंडियों की स्थापना/ फसल भण्डारण क्षमता बढ़ाने के लिए समन्वय करें, जिससे किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अधिक सुविधाएं मिल सकें। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के हर संभाग में किसान मेलों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इन मेलों में कृषि आधारित उद्योगों में निवेश पर जोर दिया जा रहा है।

### तीन फसलों को जल्द ही मिलेगा जीआई टैग

बैठक में बताया गया कि राज्य शासन की प्रगतिशीलता से प्रदेश में उत्पादित होने वाली 3 फसलों को बहुत जल्द जीआई-टैग मिल जाएगा। सचिव कृषि ने बताया कि डिंडोरी जिले की नागदमन मकुटकी, सिताही कुटकी और बैंगनी अरहर की फसल को जीआई टैग परीक्षण के लिए भेजा गया है, उम्मीद है कि जल्द ही इन फसलों को जीआई टैग प्राप्त होगा।

### उज्जैन में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सीएम

भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के विरूद्ध ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए शुक्रवार को उज्जैन में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहीद पार्क से प्रारंभ हुई भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद पार्क स्थित जय स्तम्भ पर शहीदों को श्रध्दांजली अर्पित कर घोड़े पर सवार होकर तिरंगा यात्रा की शुरूआत की।

# बिल्डर के नाबालिग बेटे ने सड़क पर दौड़ाई एसयूवी, महिला बैंक मैनेजर को रौंदा, मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अयोध्या नगर इलाके के नरेला जोड़ पर बेकाबू रफ्तार से एसयूवी भगा रहे बिल्डर के नाबालिग बेटे ने मोपेड सवार महिला बैंक मैनेजर को कुचल दिया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए इलाके की घेराबंद कर दी। तभी आरोपी कार को लावारिस हालत में छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद आरोपी को बचाने का सुबह से लेकर रात तक खेल चलता रहा। मंत्री समेत कई भाजपा नेताओं ने थाना प्रभारी को फोन कर नाबालिग की जगह बिल्डर के नौकर को आरोपी बनाने के लिए दबाव बनाते रहे। पुलिस को तमाम तरह के ऑफर दिए गए। इसका असर यह हुआ कि पुलिस शनिवार रात आठ बजे तक आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज नहीं कर सकी। साथ ही उसे गाड़ी देने वाले कार मालिक को भी आरोपी नहीं बना सकी। जानकारी के मुताबिक अमृत इंकलेब कॉलोनी अयोध्या नगर निवासी 40 वर्षीय अमृता ओमकार पति अमित ओमकार एचडीएफसी शक्ति नगर शाखा में बैंक मैनेजर थीं। वह शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे अपनी मोपेड से ऑफिस जाने को निकलीं। नरेला शंकरी जोड़ तिराहे से वह इंद्रपुरी के लिए टर्न हो रही थीं तभी सामने से आई तेज रफ्तार सफेद रंग की एसयूवी ने उन्हें कुचल दिया। हादसे में कार का पहिया गुजरने से उनकी मौत हो गई। हालांकि, स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने चेक करते ही मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया। उसने अपनी पहचान चोपड़ा कलां निवासी आर्य साहू पिता जय साहू (परिवर्तित नाम) के रूप में बताई। उसे पकड़ने वालों ने पुलिस को उसका फोटो दिया है। जिसमें वह नाबालिग लग रहा है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही उसकी उम्र का पता चल सकेगा।

### बहन को कोचिंग में छोड़कर घर जा रहा था नाबालिग

पुलिस को जानकारी मिली कि नाबालिग अपनी बहन को कोचिंग छोड़ने अयोध्या नगर इलाके में आया था। बहन को छोड़ने के बाद वह घर जाने के लिए निकला था। वह जल्दी में था। ऐसे में वह तेज रफ्तार से गाड़ी भगा रहा था। हादसे के बाद भी उसके चेहरे में सिकन तक नहीं थी। वह बेखौफ होकर पिता को इसे सामान्य घटना की तरह बताता रहा।

### फोन पर पुलिस से नाबालिग ने की बात, फिर भी मिल नहीं रहा

घटना में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। मैनेजर की जान लेने के बाद फरार हुआ नाबालिग की उसके पिता ने कांफ्रेंस कॉल कर पुलिस से बात कराई है। नाबालिग पहले बोला कि वह दोपहर तक आ जाएगा। जब दोपहर में नहीं पहुंचा तो पुलिस ने उसके पिता को फोन किया। फिर शाम तक आने की बात उसने कही। लेकिन रात तक नहीं आया। थाना प्रभारी महेश लिल्लारे सफाई देते रहे कि आरोपी के मिल ही नहीं रहा है।

# मध्य प्रदेश में विवादित बयानों पर मंडला कांग्रेस का तीखा विरोध



**मंडला।** मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की सेना पर टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आज इसको लेकर मंडला जिला एवं शहर कांग्रेस ने संयुक्त रूप से मंत्री विजय शाह,उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी ने कहा कि विजय शाह ने सेना के अधिकारी का अपमान किया लेकिन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा उससे एक कदम आगे जाकर पूरी सेना का अपमान कर रहे हैं। विजय शाह ने सेना के अधिकारी का अपमान किया लेकिन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा उससे एक कदम आगे जाकर पूरी सेना का अपमान कर रहे हैं। इन बयानों पर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री की चुप्पी का मतलब क्या उनकी मौन स्वीकृति है ?

**एड. राकेश तिवारी जिलाध्यक्ष :** भाजपा मंत्रियों के बयान न सिर्फ़ देश की फौज, बल्कि उसकी सेक्युलर परंपरा और महिला अफसरों की गरिमा, तीनों पर सीधा हमला था

**डॉ अशोक मर्सकोले पूर्व विधायक :** डॉ अशोक मर्सकोले ने कहा कि भाजपा की सरकार तानाशाही कर रही है और जनप्रतिनिधियों आमजन की भावनाओं का सम्मान नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि क्या विजय शाह के बयान पर मुख्यमंत्री और भाजपा की मौन स्वीकृति है। आखिर क्यों विजय शाह से अब तक इस्तीफा नहीं लिया गया।

वहीं अब जगदीश देवड़ा पर भी मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री की चुप्पी बताती है कि क्या उनकी इन बयानों से मौन स्वीकृति है।

एड राकेश तिवारी ने आगे कहा कि हमारे नेताओं ने महामहिम राज्यपाल से मुलाकात की मगर हमें संतोषजनक जवाब नहीं मिला तब जाकर हमने विरोध प्रदर्शन पुतला दहन का निर्णय लिया। ये भाजपा की तानाशाही नहीं तो और क्या है। भाजपा और उनका नेतृत्व जनभावनाओं का भी ख्याल नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा राष्ट्रधर्म की बात करती है, लेकिन दूसरी तरफ उनके मंत्री राष्ट्र की सेना का अपमान करते हैं लेकिन फिर भी उनसे इस्तीफा नहीं लिया जा रहा। हमारी मांग है कि तत्काल दोनों मंत्रियों और मंडला सांसद का इस्तीफा लिया जाए।

वहीं पूर्व विधायक डॉ अशोक मर्सकोले ने भी सरकार पर जमकर हमला बोला उन्होंने कहा कि विजय शाह ने भारत की बेटी और जाँबाज़ सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर भद्दी टिप्पणी की।

यह न सिर्फ़ देश की फौज, बल्कि उसकी सेक्युलर परंपरा और महिला अफसरों की गरिमा, तीनों पर सीधा हमला था। यही नहीं मुख्यमंत्री की चुप्पी बताता है कि वो अपने मंत्रियों को बचाने में लगे हैं। इसलिए आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में अपमानजनक टिप्पणी करने वाले मंत्री और नेताओं का पुतला भी दहन किया गया।

पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से रजनीश रंजन उसराठे,विवेक दुबे,अजय चौरसिया संजू अहिरवार, अमर लाहौरिया, विमलदेव हरदहा,अमन लाहौरी, जावेद कुरैशी, तौकीर बादशाह, हीरा सिंह उईके,मौजूद रहे।

## विवादित बयानों की विस्तार से समीक्षा

**विजय शाह का बयान :** मंत्री विजय शाह ने महू में एक कार्यक्रम में कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा था कि आतंकियों ने हमारे हिंदुओं को कपड़े उतार-उतार कर मारा और मोदी जी ने उनकी बहन को उनकी ऐसी की तैसी करने उनके घर भेजा। शाह का यह बयान एमपी हाईकोर्ट के आदेश पर इंदौर के मानपुर थाने में एफआईआर दर्ज होने का कारण बना है। फिलहाल वे इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की शरण ले चुके हैं, जहां सुनवाई 19 मई को होगी।

जगदीश देवड़ा के समर्थन में बयान- डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने जबलपुर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि पूरा देश और सेना मोदी के जवाब से पूरी तरह संतुष्ट और नतमस्तक है। उन्होंने मोदी के जवाब की जोरदार प्रशंसा करते हुए कहा कि इस जवाब के लिए तालियाँ बजाने लायक है।

**फग्गन सिंह कुलस्ते की जुबानी फिसल :** मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी सेना की सराहना की, लेकिन आतंकियों को 'हमारे' कह देना उनकी जुबानी फिसल का कारण बना। कुलस्ते ने कहा कि मोदी ने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है और सेना तथा नागरिकों को इस पर गर्व है।

# होमगार्ड एवं सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया



**जागरण डिंडोरी।** राज्य शासन द्वारा प्रसारित आदेशों एवं महानिदेशक होमगार्ड्स तथा कंट्रोलर सिविल डिफेंस के निर्देशों के पालन में जिला कार्यालय होमगार्ड, डिंडोरी में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, थाना प्रभारी समनापुर, जनपद पंचायत समनापुर के एडीओ, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर 105 सिविल डिफेंस वालेंटियर्स एवं 16 होमगार्ड एसडीईआरएफ जवानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान वालेंटियर्स को हवाई हमले की स्थिति में बचाव कार्य, रेड एवं ग्रीन सायरन की उपयोगिता, ब्लैकआउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियाँ, अग्नि सुरक्षा, बाढ़ जैसी आपदाओं के दौरान नागरिक सुरक्षा से संबंधित 12 प्रमुख सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही घायलों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक सुरक्षित ले जाने की विधियाँ, ऊँचे भवनों से घायलों को उतारने के तरीके, आग लगने पर प्राथमिक उपचार एवं रक्तस्राव रोकने जैसी आवश्यक जानकारियाँ भी दी गईं।

प्रशिक्षण का संचालन प्लाटून कमांडर श्री शिवराज पन्द्रे एवं एसडीईआरएफ टीम द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक नए वालेंटियर्स को जोड़ने की अपील की।

## लापरवाही और आदेशों की अवहेलना पर सचिव ज्ञान सिंह ठाकुर सस्पेंड, शिकायतों की बढ़ती संख्या बनी कारण

**जागरण डिंडोरी।** जिला पंचायत डिण्डौरी द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत छांटा, जनपद पंचायत समनापुर के सचिव ज्ञान सिंह ठाकुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ज्ञान ठाकुर विगत 10 दिनों से अपने कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए, जिसकी पुष्टि सार्थक पोर्टल पर दर्ज उपस्थिति डाटा के आधार पर की गई है।जनपद कार्यालय के कई प्रयासों के बावजूद ठाकुर से संपर्क नहीं हो सका और उनका मोबाइल फोन लगातार बंद पाया गया। इस लापरवाही से ग्राम पंचायत छांटा में शासकीय कार्य प्रभावित हुआ है, साथ ही शिकायतों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अप्रैल 2025 में ग्राम पंचायत छांटा में 19 शिकायतें लंबित थीं, जो जिले में सबसे अधिक हैं। पूर्व में उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र भी जारी किया गया था, परन्तु उसका कोई उत्तर नहीं दिया गया। मध्यप्रदेश पंचायत सेवा नियम 2011 के नियम 7 के तहत यह कृत्य अनुशासनहीनता एवं कदाचरण की श्रेणी में आते हुए, श्री ठाकुर को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत समनापुर निर्धारित किया गया है तथा उन्हें शासन नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

# आम नागरिक से मारपीट के आरोप में दो पुलिसकर्मी सस्पेंड




**जागरण डिंडोरी।** ग्राम करौंदी निवासी मंगल चकवर्ती द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, डिण्डौरी को दी गई शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। शिकायत में कहा गया कि 12 मई 2025 की रात मंगल चकवर्ती अपने साले की शादी से लौट रहे थे, तभी शहपुरा पेट्रोल पंप के पास गश्त में लगे पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोका और मारपीट की। शिकायत के अनुसार, सहायक उप निरीक्षक घसीटालाल रजक, आरक्षक चालक संदीप चतुर्वेदी एवं अन्य पुलिसकर्मी, जिनमें से एक की पहचान अनूप बागरी के रूप में हुई, ने शराब के नशे में मंगल चकवर्ती के साथ गाली-गलौच कर डंडे और लात से मारपीट की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी ने आरक्षक संदीप चतुर्वेदी और अनूप बागरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर रक्षित केंद्र डिण्डौरी में संबद्ध किया है। निलंबन के दौरान उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा तथा उन्हें बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।प्रकरण की प्राथमिक जांच उप पुलिस अधीक्षक शहपुरा मुकेश अविन्द्रा द्वारा 07 दिवस में प्रस्तुत की जाएगी।

# मंडला में भाजपा नेता ने दुकानदार को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**जागरण मंडला।** बिछिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत घुटास गांव में एक दुकानदार के साथ मारपीट की घटना हुई है, जिसमें भाजपा के जिला महामंत्री उमेश ठाकुर पर गंभीर आरोप लगे हैं। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया है, जिसे पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को सौंपते हुए न्याय की मांग की है।

**दुकान में घुसकर की मारपीट:** सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि उमेश ठाकुर, जो बनियान और बरमुडा में नजर आ रहे हैं, एक सहयोगी के साथ दुकानदार की दुकान में घुसते हैं और उसे घसीटते हुए बाहर लाकर बेरहमी से पीटते हैं। इस दौरान कुछ स्थानीय लोग बीच-बचाव की कोशिश करते हैं, लेकिन भाजपा नेता और उनका सहयोगी हिंसक व्यवहार से बाज नहीं आते।

**पीड़ित ने दर्ज कराई शिकायत :** पीड़ित दुकानदार ने घटना के बाद बिछिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी सौंपा है। दुकानदार का कहना है कि वह किसी विवाद में नहीं था और भाजपा नेता ने राजनीतिक रौब दिखाते हुए निजी कारणों से मारपीट की।

**कांग्रेस ने उठाए सवाल :** घटना को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। मंडला जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि, भाजपा के नेता सत्ता के नशे में चूर हैं और खुलेआम कानून हाथ में ले रहे हैं। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में :** इस पूरे घटनाक्रम को लेकर स्थानीय प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस मामले में कितनी निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई करती है या नहीं।

# सेना के शौर्य को समर्पित सम्मान यात्रा 19 मई को निकलेगी

### महिला समन्वय समिति करेगी आयोजन, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर उत्सव



**जागरण मंडला।** भारतीय सेना द्वारा हाल ही में सम्पन्न किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में मंडला की महिला समन्वय समिति 19 मई को एक शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन कर रही है। यह यात्रा सेना के पराक्रम और मातृशक्ति की रक्षा हेतु किए गए अदम्य साहस को समर्पित होगी।

गौरतलब है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मौजूद आतंकियों के ठिकानों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया। यह कार्रवाई पहलगाम हमले के जवाब में की गई थी, जिसमें सेना ने देश की अस्मिता और गौरव की रक्षा करते हुए अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। इस आयोजन को लेकर महिला समन्वय समिति ने जिले के नागरिकों, विशेषकर महिलाओं से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। समिति का कहना है कि यह यात्रा सेना के प्रति सम्मान प्रकट करने और एकजुटता दिखाने का प्रतीक होगी। शौर्य सम्मान यात्रा का एकत्रीकरण 19 मई को शाम 5 बजे सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में होगा। यहां से यात्रा नगर भ्रमण करते हुए पुलिस लाइन शहीद स्मारक पहुंचकर संपन्न होगी।

# सीईओ जिला पंचायत लोधा में आयोजित पानी चौपाल कार्यकम में शामिल हुए



**जागरण मंडला।** सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने जनपद पंचायत घुघरी अंतर्गत ग्राम लोधा में शनिवार को जल संरक्षण और संवर्धन के उपायों पर केंद्रित 'पानी चौपाल' कार्यकम में शामिल हुए। उन्होंने जल बचाने के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया, जिसमें डकवेल रिचार्ज और अन्य पारंपरिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। सीईओ जिला पंचायत ने मनरेगा योजना के तहत खेत तालाब और परकोलेशन टैंक के माध्यम से वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर, बावड़ी जीर्णोद्धार और नए कूपों के निर्माण पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जनपद पंचायत घुघरी गायत्री प्रसाद सारथी, क्षेत्रीय उपयंत्री सहित संबंधित सचिव, जीआरएस उपस्थित थे।

## नाम, मकान नम्बर प्लेट लगाने के नाम पर लूट : आरोप

**जवा ब्यूरो ।** संवाददाता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार रीवा जिले सिरमौर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत जनपद पंचायत जवा एवं सिरमौर के ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे एवं पक्के घरो में मकान नाम नम्बर प्लेट लगाने के नाम पर जम कर लूट मची हुई है का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने कारवाई की मांग की है। ज्ञात हो कि एक सक्रिय गिरोह द्वारा जो अपने को शासकीय कर्मचारी बताकर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों मे जाकर कच्चे एवं पक्के मकान में नाम नम्बर प्लेट लगाने के नाम पर 300सौ से लेकर 500रूपये तक की जबरन वसूली की जा रही । मना करने पर कहते हैं सीईओ जिला पंचायत रीवा एवं सीईओ जनपद पंचायत जवा सिरमौर द्वारा मुझे अधिकृत कर नाम नम्बर प्लेट लगाने का ठेका दिया गया है, जो लोग अपने घरों में नाम नम्बर प्लेट नही लगवायेंगे उनको शासन द्वारा संचालित खाद्यान्न सहित अन्य योजनाओं से वंचित कर दिया जायेगा का डर दिखाकर मनमानी पैसा लिया जा रहा है का आरोप लगाते हुए आम ग्रामीणों ने सीईओ जिला पंचायत रीवा का ध्यानाकर्षण कराकर माकान नाम नम्बर प्लेट लगाने के नाम पर हो रही लूट बंद कराये जाने की मांग की है ।

# सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट सूर्या संकुल स्तरीय संगठन के कार्यालय पहुंचे



**जागरण मंडला।** विकासखण्ड के भ्रमण के दौरान सूर्या संकुल स्तरीय संगठन के कार्यालय पहुँचे। उन्होंने सीएलएफ की पदाधिकारी दीदियों से संगठन के प्रबंधन और संचालन के संबंध में जानकारी ली। संगठन के वित्तीय प्रबंधन पर चर्चा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संकुल के कामकाज को और बेहतर करते हुए समूह की दीदियों के लिए आजीविका गतिविधियों के अवसर देने की समझाइश दी। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक एन आर एल एम श्री भगवान दास भैंसारे, विकासखंड प्रबंधक श्री दीपक बाजपेयी, सहायक विकासखंड प्रबंधक श्री प्रदीप पाठक, सहायक विकासखंड प्रबंधक श्रीमती नजमा बेगम सहित संकुल संगठन की महिलायें उपस्थित रही।

# श्रीराम के आदर्शों को अपनाने से ही मानव का कल्याण संभव : पं कमलेश दुबे





**आंचलिक डेस्क।** दुर्गा मंदिर (भुइया बाब) रामकुई में आयोजित श्रीराम कथा के चतुर्थ दिन मानस मर्मज्ञ पंडित कमलेश दुबे महराज ने श्रीरामचंद्र भगवान के जन्म की व्याख्या के साथ बताया कि राम कथा भक्ति व मुक्ति दोनों देने वाली है। राम कथा ही मनुष्य को मर्यादा में रहने की सीख देती है। दीप प्रज्वलन तथा व्यास पीठ पूजन अशोक गौतम बेलानी सरपंच गोडहर के द्वारा किया गया। व्यास द्वारा अशोक गौतम बेलानी सरपंच को अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। महाराज ने बताया कि अयोध्या नरेश राजा दशरथ द्वारा पुत्रेष्ठी यज्ञ करवाने के बाद विष्णु भगवान प्रकट हुए और उन्होंने माता कौशल्या को चतुर्भुजी रूप दिखाकर बताया कि वे शीघ्र ही आपके गर्भ से मनुष्य अवतार लेकर आएंगे। पुत्रेष्ठी यज्ञ का प्रसाद ग्रहण करने के बाद माता कौशल्या को राम, सुमित्रा को लक्ष्मण तथा कैकई को भरत और शत्रुघ्न पैदा हुए। पूरी अयोध्या को सजाकर खुशियां मनाई गई और घर-घर दीपक जलाए गए। रामजन्म के अतिरिक्त प्रभु राम की बाल लीलाओं व कागभुशुण्डि पर राम कृपा आदि अनेक प्रसंग भी सुनाए। इस अवसर पर राम कथा श्रद्धा तथा प्रेम भाव से सुना मुख्य श्रोता सतीश पाण्डेय चेयरमैन अनंतपुर गृह निर्माण समिति रीवा, नागेंद्र पाण्डेय डायरेक्टर क्रिस्टल ड्यू कालोनी गोडहर, बृजेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ समाजसेवी गोडहर, उपेंद्र मणि द्विवेदी शिक्षक एवं सुमित द्विवेदी, अशोक गौतम बेलानी सरपंच गोडहर, बसंत उर्मलिया, राम जी पाण्डेय, गौरव त्रिपाठी, कमलेश त्रिपाठी, बालेंद्र शुक्ला, शिव प्रसाद पटेल, छेदीलाल नामदेव, कमलेश्वर पटेल पूर्व सरपंच गोडहर, आशीष गौतम, बृजेश गौतम, नीरज गौतम, धीरज गौतम आदि वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित थे।

जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान
JAWAHARLAL INSTITUTE OF POSTGRADUATE MEDICAL EDUCATION & RESEARCH
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA, धन्वंतरि नगर, पुदुच्चेरी / Dhanvantari Nagar, Puducherry- 605 006
Phone: 0413-2296025 वेबसाइट / Website: www.jipmer.edu.in e-mail: facrectt2024@jipmer.ac.in

No. JIP/Admn.4(FW)/1(14)/Rectt./2024-II Dated:18.05.2025

ADVERTISEMENT NOTIFICATION
(Recruitment of faculty posts on regular basis)

**Applications** are invited from eligible applicants for the posts of **Professor** and **Assistant Professor on regular basis** as under:

| Sr. No. | Speciality | Number of posts | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Puducherry campus | | Karaikal campus | |
| | | Professor (Level 14A) | Assistant Professor (Level 12) | Professor (Level 14A) | Assistant Professor (Level 12) |
| 1 | Microbiology | 2 | 2 | -- | 3 |
| 2 | Pharmacology | 3 | -- | 1 | -- |
| | **Total** | 5 | 2 | 1 | 3 |

The **last date** for submission of **ONLINE** application is **01.07.2025** (Tuesday) by 4:30 PM. For further details, refer to the institute's website **(https://www.jipmer.edu.in)**.

# मंत्री विजय शाह द्वारा अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी करने के विरोध में प्रदर्शन कर किया गया पुतला दहन



**सिंगरौली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली प्रभारी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महासचिव श्रीमती कविता पांडे जी व सह प्रभारी श्री प्रदीप सिंह जी के मार्गदर्शन एवं जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर अध्यक्ष श्री अरविंद सिंह चंदेल जी एवं ग्रामीण अध्यक्ष श्री ज्ञानेंद्र द्विवेदी जी के संयुक्त नेतृत्व में देश की आन बान शान और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाने वाले वीर जवानों सेना को अपमानित कर देश की बेटी सेना अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर जो अपमान करने का कार्य भाजपा मंत्री विजय शाह द्वारा किया गया है वह बेहद निंदनीय और शर्मनाक है जिसके विरोध में मंत्री का पुतला दहन कर उनके इस्तीफा एवं सेना व देश के बीच माफी मांगने की मांग की गई द्य

शहर अध्यक्ष एवं ग्रामीण अध्यक्ष द्वय अरविंद सिंह चंदेल व ज्ञानेंद्र द्विवेदी जी द्वारा बताया गया जैसा ज्ञात हो कि पुलवामा हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में हमारे देश की सेना ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं दुश्मन देश को कड़ी चुनौती देते हुए धुल चटाया। देश की शान जांबाज महिला सेना अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में अभद्र एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह के द्वारा सेना का अपमान करने का कार्य किया गया। इसके पश्चात मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के द्वारा भी कहा गया कि पूरा देश, देश की सेना, सभी सैनिक एवं समस्त जनता को मोदी जी का गुलाम एवं उनके चरणों में नतमस्तक बताकर पूरे देश का अपमान करने का कार्य किया गया है। जिस सेना के वीर जवानों के चलते हमारा देश सुरक्षित है जिनके वीरता के दम पर हम सभी देशवासी चैन की निंद सोते है देश की सीमाएं सुरक्षित है जो वीर जवान अपने जानो की आहुति देकर हमे सुरक्षित रखते है जो देश की बेटी मातृ शक्ति देश की रक्षा एवं आन बान शान के लिए दुश्मन देश को धूल चटाने का कार्य की ऐसे बेटी के ऊपर अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर जो सेना का अपमान किया गया है वह देश द्रोह की श्रेणी में आता है जिसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा ऐसे भाजपा मंत्री को देश और सेना के बीच माफी मांग कर इस्तीफा देना होगा

उक्त कृत्यों से भारतीय जनता पार्टी एवं उनके नेताओं का देश की सेना एवं जनता के बारे में मानसिकता समझ में आती है। हम सभी कांग्रेसजन सेना का इस तरह अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे जब तक भाजपा मंत्री पर उचित कार्यवाही नहीं होगी तब तक प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन पर प्रदर्शन करते रहेंगे।

### उक्त अवसर पर निम्न की रही उपस्थिति

सर्व श्री राम अशोक शर्मा पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली मधु शर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनिल सिंह वरिष्ठ कांग्रेस नेता बालमुकुंद सिंह परिहार जिला संगठन मंत्री ग्रामीण रूपेश चंद पांडे मुख्य संगठक सेवादल ग्रामीण कृष्णा प्रसाद शाह ब्लाक अध्यक्ष नवानगर रविकांत सोनी ब्लॉक अध्यक्ष वैढन अशोक सिंह पैगाम जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र श्रीवास्तव मूनखू प्रवीण सिंह चौहान बीके श्रीवास्तव बीएन त्रिपाठी ललित सिंह भास्कर मिश्रा संदीप शाह सुषमा वर्मा शिवप्रसाद शर्मा सुदामा प्रसाद कुशवाहा कार्यालय महामंत्री अनिल बैंस पार्षद रामब्रिज कुशवाहा मुकेश शर्मा रामगोपाल पाल रवि यादव कृष्णा प्रसाद शर्मा मकसूद रजा अनिल वर्मा इस्लामुद्दीन अंसारी श्यामबिहारी नापित अनुज शुक्ला दिनेश पांडे तुला कुशवाहा गौरव चौरसिया उग्रसेन शर्मा हरिकमल वैश्य रामपुकार शाह सत्यनारायण वैश्य सर्वेंद्र विश्वकर्मा रामसकल शर्मा विनय दुबे रामसरोज यादव श्रवण बैस अजय सिंह डब्बू प्रभांशु दुबे उग्रसेन शर्मा गौरव चौरसिया कमल सिंह रविंद्र शर्मा अभिलाष सिंह संदीप सिंह खलीफा पठान सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीबीएसई 10वीं 12वीं कक्षा में मेरिट लिस्ट में आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

**सिंगरौली।** जिले के सीबीएसई 10वीं एवं 12वीं कक्षा में मेरिट लिस्ट में आने वाले प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को उनकी प्रतिभा को सम्मान देने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया गया । इस प्रतिभा सम्मान समारोह में माननीय सिंगरौली विधायक विधायक श्री राम निवास शाह एवं देवसर विधायक श्री राजेंद्र मेश्राम की की गरिमामय उपस्थिति रही। सम्मान समारोह के दौरान प्रतिभाशाली छात्रों को शॉल , ट्राफी प्रदाय की गई एवं प्रमाण पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान डीपीएस विंध्यानगर के छात्र तन्मय वर्मा, अद्विक रोशन ,अनंत मल, पार्थ मोतियानी के साथ-साथ डीएवी अमलोरी से अनुराग चौरसिया को सीबीएसई 10वीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया । वहीं डीपीएस विंध्यानगर से विवेक जी ,आरव सिंह बघेल, एरियाना जैन, खुशी श्रीवास्तव , डीएवी दुधीचूआ से सोफिया वा डी पॉल विंध्यनगर से वैभवी द्विवेदी को सीबीएसई 12वीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सिंगरौली विधायक , देवसर विधायक एवं कलेक्टर द्वारा मेरिट लिस्ट में आने वाले सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी गई साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विधायक गण द्वारा अपनी अपनी विधायक निधि से छात्र-छात्राओं 11ङ्क11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दिए जाने की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एस बी सिंह , डीपीसी आर अल शुक्ला , वरिष्ठ समाज सेवी अरविंद दुबे सहित विद्यालयों के प्रचार अध्यापक अभिभावक गण आदि उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्रा पूजा को किया गया पुरस्कृत



**लमसरइ।** विद्यालय लमसरई की कक्षा 12 वीं कामर्स की छात्रा कुमारी पूजा साकेत राम चरित्र साकिम शैलवार ने 89 : से जादा अंक प्राप्त कर विद्यालय मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है जिसको आज दिनांक 17 मई 2025 को स्थानीय अभिभावक संघ विद्यालय लमसरई के अध्यक्ष श्री मैनेजर सिंह चौहान निवासी ग्राम पोड़ी प्रथम की अध्यक्षता मे बैठक आयोजित कर छात्रा कुमारी पूजा को रूपये 1100/- ग्यारह सौ मात्र से श्री कमला प्रसाद मिश्र साकिम लमसरई के माध्यम से पुरस्कृत कराया जाकर प्रोत्साहित किया गया। अभिभावकों द्वारा कुमारी पूजा के उज्जवल भविष्य की कामना कर भविष्य मे हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया गया। बैठक मे ग्राम देवरा, डिघवार, लमसरई, रमडीहा, शैलवार, हरैया, पोड़ी, अकला इत्यादि के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संपतिया उइके मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं पालक मंत्री सिंगरौली का जिले में प्रवास आज

**सिंगरौली।** श्रीमती संपतिया उइके मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं प्रभारी मंत्री सिंगरौली का जिले में आगमन दिनांक 18 मई 2025 को जिले में आगमन होगा जारी कार्यक्रम के तहत माननीय प्रभारी मंत्री प्रातः 6ः00 बजे मंडला से निगरी के लिए प्रस्थान करेंगी एवं 12ः30 बजे निगरी गेस्ट हाउस आगमन तथा नगरी से 2ः00 बजे प्रस्थान कर मोरवा गेस्ट हाउस में 3ः30 बजे आगमन होगा। तथा 4ः00 बजे मोरवा गेस्ट हाउस में ही जिला अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी । तत्पश्चात शाम 6ः00 बजे पार्टी कार्यालय में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम पश्चात मोरवा गेस्ट हाउस में ही रात्रि विश्राम करेंगी। दिनांक 19 मई सुबह प्रातः 9ः30 बजे जिला अध्यक्ष भाजपा के निजी आवास के लिए प्रस्थान करेंगे। एवं प्रातः 11ः00 बजे मोरवा से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

# अवैध रेत से हो रहा है स्कूल नवीन भवन का निर्माण

**मामला निर्माणाधीन नवीन भवन पोंड़ीडोल का**

**कार्य स्थल पर नहीं है साइन बोर्ड**

**शीतल जल, तेज धूप से आराम के लिए नहीं है छाया की व्यवस्था**

**प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स का अभाव**

**बैढ़न।** जिले के विकासखंड बैढ़न अंतर्गत संकुल केंद्र खनुआ के शासकीय माध्यमिक विद्यालय पोंड़ीडोल में नवीन भवन का निर्माण इस समय चल रहा है। जहां रॉयल्टी वाला रेत का उपयोग न कर 2 नंबर का अवैध रेत आस पास के नालों से उठाकर किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय नालों से रात में अवैध रेत का ढुलाई संविदाकार कराकर माला- माल हो रहा है। जबकि वहीं संविदाकार द्वारा शासन से एक नंबर रेत रॉयल्टी का पैसा लिया जा रहा है। इसके अलावा निर्माणाधीन भवन का चिलचिलाती धूप में नाम मात्र की तराई कराई जा रही है। जिससे पिलर- बीम सब कमजोर दिखाई दे रहे हैं कांक्रीट के लिए निर्मित मसाले में मानक के अनुरूप गिट्टी का भी प्रयोग नहीं की जा रही है। सीमेंट में तो और बड़ा खेल चल रहा है संविदाकार द्वारा निर्माण स्थल पर किसी प्रकार का कोई साइन बोर्ड नहीं लगवाया गया है जो निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी लोगों को मिल सके। वहीं यह भी आरोप है कि क्रियान्वयन एजेंसी लोक निर्माण विभाग का अमला जानकर भी अनजान बना हुआ है यहां उक्त विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी दिखाई नहीं देते संविदाकार अपने मन मुताबिक कार्य कर रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए विद्यालय भवन नवीन निर्माण की जांच कराकर निर्धारित मापदंड एवं रेस्यू के अनुरूप कार्य कराये जाने की मांग की है।

# ककरी क्षेत्र में श्री राम कथा महोत्सव का हुआ भव्य आयोजन

**सिंगरौली।** शुक्रवार को श्री शिव मंदिर विकास परिषद के तत्वावधान में ककरी क्षेत्र के एकलव्य मैदान में आयोजित एक दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव घट-घट व्यापें राम में प्रख्यात कथावाचक श्री पाणि पंकज पाण्डेय (श्री पाणि जी महाराज) ने श्रद्धालुओं को श्री राम कथा के विविध प्रसंगों की मनमोहक व्याख्या से मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री पाण्डेय ने कथा प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम धर्म के प्रतीक हैं। धर्म का अर्थ है धारण करने योग्य गुण। श्री राम उन समस्त गुणों का समूह हैं, जिन्हें अपनाकर व्यक्ति चारों पुरुषार्थ-अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष-प्राप्त कर सकता है। बच्चों और युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन की प्रतिकूलताएं हमारी अंतर्निहित असीम संभावनाओं को उजागर करने का अवसर प्रदान करती हैं। इनका सामना डटकर करना चाहिए और स्वयं को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के समान तराशना चाहिए। इस अवसर पर श्री पाण्डेय द्वारा ककरी क्षेत्र के विद्यालयों के उन मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया , जिन्होंने हाल ही में घोषित बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। श्री पाण्डेय ने इस आयोजन की भव्यता और भावपूर्ण संचालन के लिए आयोजन समिति, महाप्रबंधक ककरी क्षेत्र, स्टाफ अधिकारी (मानव संसाधन) , जेसीसी सदस्यों, श्री शिव मंदिर विकास परिषद के सदस्यों सहित सभी का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में भारी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालुओं के साथ-साथ महाप्रबंधक ककरी श्री प्रदीप जाना, एनसीएल के कंपनी स्तरीय जेसीसी सदस्य श्री अजय कुमार, श्री श्याम धर दुबे, श्री अशोक पांडेय ककरी परियोजना के अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली वनिता समाज ने बालिका सशक्तिकरण की छात्राओं का बढ़ाया मनोबल






**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व विभाग द्वारा संचालित बालिका सशक्तिकरण मिशन के अंतर्गत दिनांक 17 मई 2025 को एनटीपीसी सिंगरौली के वनिता समाज द्वारा एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 6 से 12 तक की जेम कार्यक्रम में चयनित कुल 50 छात्राओं को अध्ययन सामग्री युक्त किट (बैग, कॉपी-किताबें, पेन-पेन्सिल आदि) भेंट की गईं।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा (वनिता समाज) रहीं। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, शिक्षा ही नारी सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव है। हम चाहते हैं कि हर बालिका आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े और अपने सपनों को पूरा करे। उन्होंने छात्राओं को न केवल पढ़ाई में आगे बढ़ने बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम में छात्राओं ने एक सुंदर नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने छात्राओं के मनोबल को सशक्त किया एवं शिक्षा की दिशा में उनके उत्साह को और प्रबल बनाया।

इस अवसर पर वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएँ, श्री नरेंद्र भूषण, प्रधानाचार्य (विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय), विद्यालय के अन्य प्राचार्यगण भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री कुमार आदर्श, कार्यपालक (नैगम सामाजिक दायित्व), द्वारा किया गया।

# सेना के सम्मान में हम, खड़े मैदान में के नारों के साथ निकली विशाल तिरंगा यात्रा




**सिंगरौली।** आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को नैतिक समर्थन देने के लिए जिले मे सामाजिक सहयोग से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सभी का बढ़ चढ़कर सहयोग मिला तथा तिरंगा यात्रा का स्वरूप बड़ा ही व्यापक रहा। राजमाता चून कुमारी स्टेडियम से निकली यह यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए अंबेडकर चौक तथा तुलसी मार्ग के रास्ते जयस्तंभ चौक पर समाप्त हुई। हजारों लोग इस यात्रा मे सम्मिलित हुए तथा राष्ट्रीय गौरव तिरंगा झंडा हर किसी के हांथ? मे था। प्रत्येक भागीदार बस एक ही नारा लगा रहा था कि सेना के सम्मान मे हम? खड़े मैदान में। पिछले दिनों आपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना एवं सीमा सुरक्षा बल ने अपने सामर्थ्य को दिखाते हुए चंद समय? में पाकिस्तान के अंदर जो तांडव किया उससे पूरा विश्व स्तब्ध रह गया था। पहलगाम के कायराना पूर्ण आतंकवादी गतिविधि के जवाब मे भारतीय सेना के तीनों अंगों ने जिस प्रकार सुनियोजित तरीके से पाकिस्तान में बिना प्रवेश किए जिस तरह पाकिस्तान की छाती पर प्रहार किया है वो भारतीय सेना की क्षमता और उसके सामर्थ्य को प्रतिबिंबित करता है। आज हर भारतीय अपनी सेना पर? गर्व कर रहा है तथा उसके सम्मान मे ये तिरंगा यात्रा निकाल कर सेना के प्रति अपनी कृतज्ञता तथा सेना के हौसले को नमन कर रहा है। आज इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से सर्वसमाज सिंगरौली भी जुड़ा और तिरंगा यात्रा निकाल कर सेना के रणबांकुरों को नमन किया तथा राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा व निष्ठा व्यक्त की। इस यात्रा में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष कांत देव सिंह, जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह, यात्रा के संयोजक व निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, विधायक रामनिवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, पूर्व विधायक राम लल्लू वैश्य, सुभाष वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, गिरीश द्विवेदी, मंडलो तथा मोर्चों के अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त गायत्री परिवार सिंगरौली के कार्यकर्ता, स्वतंत्र समाज सेवा समिति के सदस्य, प्रयास फाउंडेशन के कार्यकर्ता, विभिन्न स्कूलों के संचालक तथा छात्र छात्राएं, सैकड़ों मुस्लिम समाज के कार्यकर्ता, व्यापक संघ के कार्यकर्ता, मजदूर संगठनों के कार्यकर्ता तथा सैकड़ों की संख्या मे महिला समूहों की कार्यकर्ताओं ने इस तिरंगा यात्रा मे सहभागिता की।

## अपराध घटित करने की शंका होने पर 6 शस्त्र लायसेंस धारकों के शस्त्र लायसेंस होंगे निरस्त

**छतरपुर।** जिला दण्डाधिकारी पार्थ जैसवाल ने पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 6 शस्त्र लायसेंस धारकों के शस्त्र लायसेंस निरस्त करने के संबंध में 20 मई 2025 को दोपहर 3 बजे कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छतरपुर के न्यायालय में स्वयं अथवा जरिये अधिवक्ता उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित थानों से प्राप्त प्रस्ताव में थाना कोतवाली अंतर्गत शकील अहमद तनय असफाक खां निवासी छतरपुर के लायसेंस में दर्ज शस्त्र भरतल एक नली, आसिफ खान तनय जीमल खान निवासी नजर बाग छतरपुर 12 बोर दो नली, मोहम्मद इरफान तनय मोहम्मद इम्तयाज निवासी नारायण बाग छतरपुर का शस्त्र 315 बोर रायफल और थाना राजनगर अंतर्गत हामिद अली तनय बाहिद अली निवासी खुशहाली मुहल्ला का शस्त्र 12 बोर दो नली, हिसाबी लाल पटेल तनय परमेश्वरी दयाल पटेल निवासी डिगोनी का शस्त्र 12 बोर दो नली एवं थाना ईशानगर अंतर्गत धनुषपाल सिंह तनय सरदार सिंह ठाकुर निवासी ग्राम नदगांयकला का शस्त्र 12 बोर दो नली द्वारा शस्त्र का दुरउपयोग कर लायसेंस नियमों का उल्लंघन किया गया है। साथ ही भविष्य में गंभीर घटना घटित कर सकता है। संबंधित पर विभिन्न धाराओं में अपराध भी पंजीबद्ध है। संबंधित द्वारा अपना पक्ष नियत दिनांक और समय पर प्रस्तुत नही करने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# सांसद के प्रयासों से जिले को मिली केन्द्रीय स्कूल की सौगात शीघ्र लेगी मूर्तरूप

**केंद्रीय विद्यालय की व्यवस्थाओं का महापौर नें किया संयुक्त निरीक्षण**

**कटनी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णु दत्त शर्मा के सार्थक प्रयासों से जिले में चहुंमुखी विकास कार्य कराये जा रहे है। इन्ही विकास कार्यो की श्रृंखला में जिले के छात्रों के पठन पाठन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए केंद्र शासन के माध्यम से संचालित होने वाले नवीन केन्द्रीय स्कूल की सौगात जिले को मिली है। केन्द्रीय स्कूल का संचालन प्रारंभ हो जानें से जिले के छात्रों को भी महानगरों की तर्ज पर बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। जिले के लिए नगर निगम कार्यालय के समीप स्थित पुराने शासकीय कन्या महाविद्यालय के भवन में स्वीकृत नवीन केन्द्रीय स्कूल के संचालन हेतु वर्तमान में की जा रहीं आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का शनिवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें आयुक्त नीलेश दुबे, पार्षद श्रीमती वंदना राजकिशोर यादव, केन्द्रीय विद्यालय झिंझरी नंबर के प्रभारी प्राचार्य पंकज कुमार जैन, जय नारायण तिवारी सहित अन्य नगर निगम के अधिकारियों की मौजूदगी में संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त नीलेश दुबे एवं प्राचार्यो द्वारा बताया गया कि यहां नवीन केन्द्रीय विद्यालय को प्रारंभ करने के लिए न्यूनतम 7 बाय 7 मीटर क्षेत्रफल वाले 15 कमरों और यहां उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक सुविधाओं एवं विकास कार्य जैसे भवन के कमरों की मरम्मत, रंगाई पुताई, पेयजल व्यवस्था के साथ ही शौचालयों की मरम्मत व सुधार कार्य का किया जा रहा है। जिसपर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समयावधि में पूर्ण कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ताकि शीघ्र ही समस्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराई जाकर छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सके।

## बेटियों के खिलाफ संगठित षड्यंत्र पूर्वक चलाया जा रहा लव जिहाद

**कटनी।** प्रदेश में बेटियों के विरुद्ध संगठित षड्यंत्र लव जिहाद पर कार्यवाही की मांग करते हुए सकल हिंदू समाज के द्वारा गत दिवस मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्ट्रेट कार्यालय में सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने पहुंचे सकल हिंदू समाज के लोगों ने कहा की हाल ही में भोपाल के कॉलेज, उज्जैन के ग्राम बिछडोद, इंदौर में टेली परफारमेंस कर्मचारी द्वारा किया गया कांड, सागर, दमोह का मामला, मुरैना में कंप्यूटर कोचिंग संचालक द्वारा बालिकाओं के साथ किये गए दुष्कृत्य का मामला, राजगढ़ का मामला साथ ही साथ ही कटनी सहित हर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में उजागर लव जिहाद के सुनियोजित अपराधों ने प्रदेश के जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। इन मामलों में मासूम नाबालिग बालिकाओं, युवतियों यहाँ तक कि विवाहित महिलाओं को धर्म छिपाकर, छलपूर्वक प्रेमजाल में फंसाकर न केवल उनका शारीरिक शोषण किया गया अपितु उनकी अस्मिता व आत्मसम्मान को भी गहरी चोट पहुंचाई गई है।

यह केवल कुछ व्यक्तियों द्वारा किया गया अपराध नहीं है यह प्रदेश की बेटियों के विरुद्ध एक संगठित षड्यंत्र है। इन अपराधों के तार प्रदेश की सीमाओं के पार अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। यह स्थिति अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है जिससे सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों पर आघात हो रहा है। सकल हिन्दू समाज मांग करता है कि इस समूचे षड्यंत्र का समूल उन्मूलन किया जाए। बेटियों की सुरक्षा और न्याय केवल तभी संभव होगा जब इसकी गहन, निष्पक्ष और राष्ट्रीय स्तर पर जांच हो।


**REQUIREMENT**

Applications are invited for B.Ed. the following post. Interested candidate may please apply within 7 days to the Director (Adm.) Rewa College of Education, Rewa. Appointment will be made under college code-28 (APS University, Rewa) according to NCTE/ State Govt. norms.

| S.No. | Name of Post | Qualification |
|---|---|---|
| 01 | Principal-1 | I- Master Degree (Science/Arts/Humanities) With at least 55% Marks. II- M.Ed. with Minimum 55% Marks. III- Ph.D. in Education. IV-Ten years teaching Experience. |
| 02 | Asst Professor In the context of Education-3, Arts-2,Math-1 Life Sc. 1 | I- Master degree (Science/Arts/Humanities) with at least 55% Marks. II- M.Ed. with Minimum 55% Marks. III-To give priority of teaching experience. |
| 03 | Asst Professor Fine Arts-1 | I- Master degree (Fine arts) with at least 55% Marks. |
| 04 | Asst Professor Physical Edu.-1 | I- M.Ped. with at least 55% Marks. |
| 05 | Asst Professor Music-1 | I- Master degree (Music/ Dance/ Theater) with at least 55% Marks. |

Email ID : ritrewa2003@gmail.com
Cont No.-9425343999, 8 349178797
Director(Adm.)
RCE Rewa



# पंजाब की नजरें प्ले ऑफ पर, अंतिम घरेलू मैच में प्रतिष्ठा बचाने उतरेगा राजस्थान रॉयल्स

**जयपुर, जेएनएन।** पंजाब किंग्स की टीम रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक और शानदार प्रदर्शन के साथ प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के इरादे से उतरेगी। रॉयल्स की टीम मौजूदा सत्र में अच्छे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद औसत प्रदर्शन भी नहीं कर पाई है। एक सप्ताह के ब्रेक के बाद सवाई मानसिंह स्टेडियम में वापसी करते हुए श्रेयस अय्यर की टीम आठ मई के उस बुरे सपने को भूलने की उम्मीद करेगी जब भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल के खिलाफ उनका मैच रद्द करना पड़ा और खिलाड़ियों को अंधेरे में अपने ड्रेसिंग रूम में लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

### पंजाब अंक तालिका तीसरे स्थान पर

पंजाब की टीम 11 मैच में 15 अंक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस टीम में फिर से शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं लेकिन वे आईपीएल के बहाल होने के बाद पंजाब के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा वापस बुलाए गए तेज गेंदबाज मार्को यानसेन की अनुपस्थिति पंजाब की टीम को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी क्योंकि उन्होंने मौजूदा सत्र में 11 विकेट चटकाकर काफी प्रभाव डाला था। हालांकि पंजाब के पास कप्तान अय्यर, सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और नेहल वढेरा की मौजूदगी में भारतीय खिलाड़ियों का एक मजबूत दल है और भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद विदेशी खिलाड़ियों के जाने के बावजूद टीम पर अधिक असर नहीं पड़ा है।

**मैच दोपहर 3.30 बजे खेला जाएगा**



### पंजाब होगी बल्लेबाजों पर निर्भर

पंजाब की टीम एक बार फिर अपने बल्लेबाजों पर अधिक निर्भर होगी जो धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने के करीब थे और उन्होंने मैच रद्द होने से पहले केवल 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे। इस प्रदर्शन से उन्हें रॉयल्स के खिलाफ पर्याप्त आत्मविश्वास मिलेगा। मेजबान टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और 12 मैच में केवल तीन जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। रॉयल्स की टीम अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने आखिरी मैच में जीत दर्ज करना चाहेगी लेकिन इसके लिए उसे अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

■ रॉयल्स की बल्लेबाजी का भार अब यशस्वी जायसवाल और रियान पराग पर है और अगर रॉयल्स को अपने अंतिम घरेलू मैच में जीत दर्ज करनी है तो इन दोनों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टीम के गेंदबाजी आक्रमण को भी झटका लगा है क्योंकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने बाकी बचे दो मैच के लिए भारत नहीं लौटने का फैसला किया है।

### अर्शदीप और चहल से उम्मीद

गेंदबाजी में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और फॉर्म में चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल से टीम को काफी उम्मीद होगी। चहल ने 11 मैच में 14 विकेट लिए हैं जिसमें 28 रन पर चार विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। चोटिल लॉकी फर्ग्युसन की जगह न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन के आने से रॉयल्स के खिलाफ पंजाब की टीम संतुलन हासिल कर सकती है जबकि इसके बाद स्टोइनिस और इंगलिस टीम से जुड़ जाएंगे।

**पंजाब किंग्स** : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अर्शदीप सिंह, प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, अजमतुल्लाह, जेवियर बार्टलेट, चहल, प्रवीण दुबे, आरोन हार्डी, हरनूर सिंह, हरप्रीत बरार, जोश इंगलिस, काइल जैमीसन, मार्को यानसेन, मुशीर खान, मिचेल ओवेन, प्रभसिमरन सिंह, कुलदीप सेन, शशांक सिंह, स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, विजयकुमार, नेहल वढेरा और यश ठाकुर।

**राजस्थान रॉयल्स** : रियान पराग, (कप्तान), अशोक शर्मा, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, फजलहक फारूकी, वानिंदु हसरंगा, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कुणाल सिंह राठौड़, वैभव सूर्यवंशी, महेश तीक्षणा और युद्धवीर सिंह।

# खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स की भिड़ंत गुजरात टाइटंस की मजबूत टीम से

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण अपने पिछले मैच के अचानक स्थगित होने का झटका झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां आईपीएल तालिका में शीर्ष पर चल रहे गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश गेंदबाजी की चिंताओं को दूर करने और फिर से एकजुट होने की होगी जिससे कि प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवंत रख सके। दिल्ली ने अपने पिछले पांच मैच में तीन गंवाए हैं और एक मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा। धर्मशाला में दिल्ली का पिछला मुकाबला जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद बीच में ही रद्द कर दिया गया था जिसके बाद लीग को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। टूर्नामेंट फिर से शुरू किया जा रहा है लेकिन कई विदेशी खिलाड़ी अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए वापस नहीं आ रहे जिससे फ्रेंचाइजी को अपनी टीम में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। दिल्ली की टीम अभी 11 मैच में 13 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है।

### गेंदबाज मुस्ताफिजुर से उम्मीद

दिल्ली को हालांकि उस समय राहत मिली जब उसने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को अपने साथ जोड़ा जिन्हें शुक्रवार को अपने राष्ट्रीय बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिला। अनुभवी मुस्ताफिजुर ने आईपीएल में 7.84 के इकोनॉमी रेट से 38 विकेट लिए हैं। उनसे उम्मीद की जाएगी कि वह गुजरात के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के खिलाफ दिल्ली के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे जो जूझ रहा है। अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम ने घरेलू मैदान पर निराशाजनक प्रदर्शन किया है। इस सत्र में अरुण जेटली स्टेडियम में उसे सिर्फ एक जीत मिली है और वह भी सुपर ओवर के जरिए। दिल्ली और गुजरात की टीम जब पिछली बार 19 अप्रैल को भिड़ी थीं तो टाइटंस ने जोस बटलर की 54 गेंद पर 97 रन की पारी से 200 से अधिक के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की थी। हाल के मुकाबलों में दिल्ली की समस्याएं और भी बढ़ गई हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बारिश से प्रभावित मैच में उनका शीर्ष और मध्यक्रम लड़खड़ा गया।



■ टीम को उस समय बड़ा झटका लगा जब शीर्ष तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने बाकी सत्र के लिए वापस नहीं लौटने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया का यह बाएं हाथ का तेज गेंदबाज 14 विकेट लेकर मौजूदा सत्र में अब तक टीम का सबसे सफल गेंदबाज है और उनकी अनुपस्थिति दिल्ली के लिए बड़ा झटका है।

### बल्लेबाजी में निरंतरता की कमी

दिल्ली की बल्लेबाजी में भी निरंतरता की कमी है। पांच मई को अपने पिछले पूर्ण मैच में दिल्ली ने सनराइजर्स के खिलाफ 29 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। धर्मशाला में टीम को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला। अनुभवी सलामी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसी की वापसी से दिल्ली को मजबूती मिलेगी। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि अभिषेक पोरेल और करुण नायर की मौजूदगी वाला शीर्ष क्रम हाल के संघर्षों से उबरकर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करेगा। दिल्ली ने सलामी बल्लेबाज के रूप में नायर के साथ प्रयोग किया था लेकिन यह कदम उल्टा पड़ गया क्योंकि वह सनराइजर्स के खिलाफ खाता भी नहीं खोल पाए। डु प्लेसी और पोरेल भी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में विफल रहे हैं। मौजूदा सत्र में टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले लोकेश राहुल को कप्तान अक्षर के साथ अहम भूमिका निभानी होगी। अगर यह जोड़ी ठोस नींव रख पाती है तो ट्रिस्टन स्टब्स, विपराज निगम और आशुतोष शर्मा जैसे खिलाड़ी डेथ ओवरों में तेजी से रन जुटा सकते हैं।

### 16 अंकों के साथ शीर्ष पर है गुजरात

गुजरात की टीम 11 मैच में 16 अंक के साथ शीर्ष पर है। जोस बटलर और दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबादा टीम से दोबारा जुड़ गए हैं। इंग्लैंड के बटलर हालांकि राष्ट्रीय टीम के लिए खेलने के कारण चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ गुजरात के अंतिम लीग मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। शुभमन गिल, बी साई सुदर्शन और बटलर की मौजूदगी में टाइटन्स का शीर्ष क्रम मजबूत है। ये सभी मौजूदा सत्र में 500 रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 08 | 03 | 16 | 0.793 |
| बेंगलुरु | 11 | 08 | 03 | 16 | 0.482 |
| पंजाब | 11 | 07 | 03 | 15 | 0.376 |
| मुंबई | 12 | 07 | 05 | 14 | 1.156 |
| दिल्ली | 11 | 06 | 04 | 13 | 0.362 |
| कोलकाता | 12 | 05 | 06 | 11 | 0.193 |
| लखनऊ | 11 | 05 | 06 | 10 | -0.469 |
| हैदराबाद | 11 | 03 | 07 | 07 | -1.192 |
| राजस्थान | 12 | 03 | 06 | 06 | -0.718 |
| चेन्नई | 12 | 03 | 09 | 06 | -0.992 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई ) | 510 |
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 509 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 508 |
| विराट कोहली (बेंगलुरु) | 505 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 20 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 20 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 18 |



## बाउंड्री मीटर



964 छक्के
1720 चौके
113 अर्धशतक

पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने इस सीजन में 405 रन बना लिये हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल है। वह इस आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज (27) हैं।

# ओलंपियन नीरज चोपड़ा की नजरें अब 90 मीटर से अधिक भाला फेंकने पर



**दोहा, जेएनएन।** राहत और खुशी के साथ-साथ थोड़ी निराशा भी महसूस कर रहे भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि अब जबकि वह 90 मीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं तो वह और आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे क्योंकि उनका शरीर अब उन चोट से लगभग मुक्त हो गया है जो पिछले कुछ वर्षों से उन्हें परेशान कर रहीं थी। दोहरे ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्षीय नीरज ने तीसरे प्रयास में भाले को 90.23 मीटर तक पहुंचाया और 90 मीटर या इससे अधिक करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए जिसकी अगुआई उनके वर्तमान कोच चेक गणराज्य के जान जेलेजनी कर रहे हैं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे एशियाई और कुल मिलाकर 25वें खिलाड़ी बने। हालांकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने बाजी पलट दी और अपने छठे और अंतिम थ्रो में 91.06 मीटर के प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक जीता। नीरज ने स्पर्धा के बाद कहा, मैं 90 मीटर के प्रयास से बहुत खुश हूं लेकिन यह असल में थोड़ा खट्टा-मीठा अनुभव है। लेकिन कोई बात नहीं मैं और मेरे कोच अब भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। हमने इस साल फरवरी में ही साथ काम करना शुरू किया था। मैं अब भी चीजें सीख रहा हूं। जेलेजनी के नाम 98.48 मीटर तक भाला फेंकने का विश्व रिकॉर्ड है और वह आमतौर पर डाइमंड लीग में नहीं जाते लेकिन चेक गणराज्य का यह कोच चोपड़ा के साथ यहां आया था क्योंकि उन्हें लगा था कि इस प्रतियोगिता में 90 मीटर के आंकड़े को पार किया जा सकता है।

नीरज ने कहा, पिछले कुछ वर्षों से मुझे हमेशा ग्रोइन में कुछ महसूस होता था। इस वजह से मैं अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाया। इस साल मैं बहुत बेहतर महसूस कर रहा हूं। हम कुछ पहलुओं पर भी काम करेंगे और इसलिए मेरा मानना है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप से पहले की प्रतियोगिताओं में 90 मीटर से अधिक भाला फेंक सकता हूं। विश्व चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक तोक्यो में आयोजित की जाएगी जिसमें हरियाणा के नीरज गत चैंपियन हैं। नीरज के प्रदर्शन में जेलेजनी के प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पिछले साल नवंबर में उन्हें नीरज के कोच के रूप में नियुक्त किया गया था लेकिन इस दिग्गज भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि वे फरवरी से ही साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि जान जेलेजनी मेरे कोच हैं और हमने दक्षिण अफ्रीका में बहुत मेहनत की है। हम अब भी कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। अब जब 90 मीटर का आंकड़ा पार हो गया है तो अपने अगले लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर नीरज ने कहा, मेरा अगला लक्ष्य 90 मीटर ही है।

# चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय जूनियर महिला टीम की गई घोषित



**नयी दिल्ली, जेएनएन।** हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना के रोसारियो में होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट के लिए शनिवार को 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला टीम की घोषणा की जिसमें गोलकीपर निधि को कप्तान बनाया गया है जबकि हिना बानो उप-कप्तान होंगी। यह टूर्नामेंट 25 मई से दो जून तक खेला जाएगा जिसमें भारत और मेजबान अर्जेन्टीना के अलावा उरुग्वे और चिली की टीम हिस्सा लेंगी। दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के हिस्से के रूप में भारतीय टीम प्रत्येक टीम के खिलाफ दो मैच खेलेगी जो उसे अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन करने, टीम संयोजन का आकलन करने और रणनीतियों को बेहतर करने में मदद करेगा। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने विज्ञप्ति में कहा, हम इस टीम से अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं, विशेषकर जूनियर विश्व कप को देखते हुए जो सिर्फ छह महीने दूर है। यह दौरा खिलाड़ियों को बहुमूल्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, दीर्घकाल में हम उन्हें सीनियर टीम में जगह बनाने के लिए भी तैयार कर रहे हैं। यह बदलाव तभी संभव है जब वे विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करें जो इस दौरे को बेहद महत्वपूर्ण बनाता है। टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में एंजिल हर्षा रानी मिंज शामिल हैं जबकि विद्याश्री वी को स्टैंडबाई रखा गया है। रक्षापंक्ति में ममिता ओरम, लालथंतलुआंगी, मनीषा, पूजा साहू, पार्वती टोपनो, नंदिनी और साक्षी शुक्ला को जगह मिली है।

## मैदान से हटकर

### पति रोहित शर्मा के सम्मान को देख भावुक हो गई रितिका, छलके आंसू



शुक्रवार को प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड का अनावरण किया गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के स्टैंड अनावरण समारोह में शामिल हुए, जहां भारत के सबसे खतरनाक सलामी बल्लेबाजों में से एक (रोहित शर्मा) का नाम स्टेडियम में अंकित किया गया। रोहित शर्मा के माता-पिता, भाई और उनकी पत्नी रितिका सजदेह इस इवेंट का हिस्सा थीं। रोहित की पत्नी रितिका सजदेह, जिन्हें अक्सर टूर्नामेंट के लिए रोहित के साथ यात्रा करते देखा जाता है और जो पूरे देश में उनकी सबसे बड़ी समर्थकों में से एक के रूप में जानी जाती हैं। वह इस इवेंट में स्पष्ट रूप से भावुक नजर आई। वहीं अब रितिका का सोशल मीडिया पर एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उनकी आंखों में आंसू नजर आ रहे हैं। वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में बीते 16 मई को रोहित शर्मा को एमसीए ने रोहित शर्मा स्टैंड का उद्घाटन कर सम्मानित किया। यह हिटमैन और शर्मा फैमिली के लिए काफी खास था। (जेएनएन)

# इटैलियन ओपन के फाइनल में सिनर की भिड़ंत अल्कारेज से

**रोम, जेएनएन।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार को यहां टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी। सिनर ने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल को सेमीफाइनल में 1-6, 6-0, 6-3 से हराया। वह 1976 में एड्रियानो पेनेटा के बाद रोम ट्रॉफी जीतने वाला इटली का पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। इससे पहले अल्कारेज ने लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 7-6 की आसान जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।



# वेस्टइंडीज ने चुना अपना नया टेस्ट कप्तान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑलराउंडर रोस्टन चेस को शुक्रवार को वेस्टइंडीज टेस्ट कप्तान बनाया गया, हालांकि उन्होंने दो साल से अधिक समय से कोई टेस्ट नहीं खेला है। चेज ने अपना आखिरी टेस्ट साउथ अफ्रीका के खिलाफ 8 मार्च, 2023 को खेला था। उसके बाद वेस्टइंडीज की टीम 13 मैच खेल चुकी है। 33 वर्षीय चेस क्रैग ब्रैथवेट की जगह लेंगे, जिन्होंने तीन साल बाद मार्च में पद से इस्तीफा दे दिया था। वह इससे पहले वेस्टइंडीज के लिए वनडे और टी20 में एक-एक मैच में कप्तानी कर चुके हैं। चेस का पहला असाइनमेंट जून-जुलाई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की घरेलू सीरीज का होगा।

# केरल के खेल मंत्री ने अर्जेन्टीना फुटबॉल टीम के दौरे को लेकर भरोसा जताया

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने शनिवार को अपना भरोसा दोहराया कि दिग्गज खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी की अगुवाई में अर्जेन्टीना की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सरकार की घोषणा के अनुसार राज्य का दौरा करेगी। उन्होंने हालांकि यह स्पष्ट किया कि इस शीर्ष फुटबॉल टीम को राज्य में लाना सरकार की नहीं बल्कि प्रायोजकों की जिम्मेदारी है। मंत्री की प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जब मीडिया के एक वर्ग ने दावा किया है कि अर्जेन्टीना टीम ने केरल का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है क्योंकि प्रायोजकों ने अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया है। यहां एक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि कोच्चि स्थित रिपोर्टर ब्रॉडकास्टिंग कंपनी ने अर्जेंटीना टीम के साथ करार किया था और अनुबंध अभी बरकरार है। अब्दुरहीमान ने कहा कि प्रायोजकों ने आश्वासन दिया है कि वे बिना किसी देरी के इस संबंध में भुगतान संबंधी मसलों को जल्द ही सुलझा लेंगे।



# दिल्ली ग्रैंडमास्टर ओपन सात जून से

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** दुनिया भर के 15 से अधिक देशों के 20 ग्रैंडमास्टर्स सहित ढाई हजार से अधिक खिलाड़ी सात से 14 जून तक यहां होने वाले दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के 21वें सत्र में तीन रेटिंग आधारित वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के तत्वावधान में दिल्ली शतरंज संघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि रिकॉर्ड 1.21 करोड़ रुपये है। यह फिडे विश्व चैंपियनशिप सर्किट की एक प्रमुख प्रतियोगता है। श्रेणी ए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेटिंग हासिल करने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए खुली है जिसकी इनामी राशि 51 लाख रुपये है।

# अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं वाला नया क्रिकेट स्टेडियम फरवरी 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगा : हिमंत

**गुवाहाटी, जेएनएन।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि गुवाहाटी के बाहरी इलाके अमीनगांव में अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी की सुविधाओं वाला एक नया क्रिकेट स्टेडियम अगले साल फरवरी तक बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे का निर्माण कर रही है और महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान कर रही है लेकिन यह युवाओं पर निर्भर करता है कि वे मौकों का सर्वश्रेष्ठ लाभ उठाएं। अमीनगांव क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण की समीक्षा करने के बाद शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, गुवाहाटी में पहले से ही सरुसजाई और बरसापारा में दो बड़े स्टेडियम हैं। अमीनगांव में यह स्टेडियम अगले साल फरवरी तक बनकर तैयार हो जाएगा जहां 20,000 लोग एक साथ क्रिकेट देख सकेंगे। उन्होंने कहा, यह सभी आधुनिक सुविधाओं वाला स्टेडियम है। स्टेडियम से जुड़े सभी कार्य फरवरी तक पूरे हो जाएंगेज्पर्याप्त पार्किंग सुविधाओं आदि के लिए काम चल रहा है जिससे कि भविष्य में यहां एकदिवसीय, टी20 भी आयोजित किए जा सकें। शर्मा ने कहा कि जब असम अपने अगले राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा तो पर्याप्त संख्या में स्टेडियम उपलब्ध होंगे। राज्य ने 2007 में खेलों की मेजबानी की थी। राज्य से खिलाड़ियों के उभरने की संभावना पर शर्मा ने कहा, खिलाड़ियों को खुद आगे आना होगा। हम बुनियादी ढांचा दे सकते हैं। हम 'खेल महारण' की मेजबानी कर रहे हैं। प्रतियोगिता को जमीनी स्तर पर ले जा रहे हैं। प्रयास करने का दृढ़ संकल्प खिलाड़ियों से आना चाहिए।

**भारत का पहला मैच 25 मई को चिली से होगा**

# युकी और गैलोवे बॉरडॉक्स चैलेंजर के सेमीफाइनल में

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** भारत के युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने शनिवार को क्वेंटिन हैलिस और अल्बानो ओलिवेटी की गैरवरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी को सीधे सेट में हराकर बॉरडॉक्स चैलेंजर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत और अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अपने गैरवरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों पर 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। युकी और गैलोवे सेमीफइनल में राफेल माटोस और मार्सेलो मेलो की तीसरी वरीय ब्राजीली जोड़ी से भिड़ेंगे। भारत के अन्य दावेदार टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। एन श्रीराम बालाजी और उनके मैक्सिको के जोड़ीदार मिगुएल रेयेस-वरेला युगल क्वार्टर फाइनल में हार गए,एकल ड्रॉ में सुमित नागल को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा था।



# सचिन के सम्मान में बीसीसीआई ऑफिस में बना बोर्ड रूम, मास्टर-ब्लास्टर ने किया उद्घाटन

**मुंबई, जेएनएन।** भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बीसीसीआई को मुंबई में अपने मुख्यालय में बोर्ड रूम का नाम उनके नाम पर रखने के लिए धन्यवाद दिया। मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में, तेंदुलकर ने हाल ही में सभी शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी में 'एसआरटी 100' बोर्ड रूम का उद्घाटन किया। तेंदुलकर ने कहा, सबसे पहले, रोजर बिन्नी, देवजीत सैकिया जी, राजीव शुक्ला जी और रोहन गौंस देसाई का बहुत-बहुत धन्यवाद। बीसीसीआई के सभी पदाधिकारियों और अधिकारियों का धन्यवाद। हमने कुछ समय पहले ही बात की थी कि पहला दौरा कैसा था, जहां मैं 1989 में पाकिस्तान गया था और जहां बीसीसीआई का पहला कार्यालय था। उन्होंने कहा, सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम पवेलियन के ठीक सामने एक छोटा सा कमरा था और मुझे आज भी वह जगह याद है। वहां से लेकर इस जगह तक, यह एक उल्लेखनीय परिवर्तन है। जो चीज इसे और भी खास बनाती है, वह है ये अनमोल ट्रॉफियां। तेंदुलकर ने शनिवार को बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए अपने स्पीच में कहा, यह दर्शाता है कि आधिकारिक पदाधिकारियों, बीसीसीआई पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने किस तरह से योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया- देश को यह हासिल करने में मदद की। इसलिए ये अनमोल क्षण हैं। ये ऐसे क्षण हैं जब पूरा देश एक साथ आता है और जश्न मनाता है।



**बीसीसीआई के अधिकारियों को शुक्रिया :** उन्होंने कहा, मैं उन्हें देखते हुए बड़ा हुआ हूं। वहां से लेकर 2011 तक, एक टीम के तौर पर हम जो कुछ भी हासिल कर पाए, उसके लिए मैं अधिकारियों का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने मिलकर काम किया, कुछ चीजों की योजना बनाई और योजना ऐसे कमरों में बनती है।

### समर्थन मूल्य पर तुअर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 30 मई तक

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में प्राईस स्कीम अंतर्गत तुअर उपार्जन पोर्टल पर फसल तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई से बढाकर अब 30 मई 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन 31 मई तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

### राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

# बारिश से पहले नहरों का कार्य तेजी के साथ पूर्ण करें : सांसद

### सतना और मैहर जिले की सिंचाई और जल परियोजनाओं की समीक्षा

**जागरण, सतना**

सांसद गणेश सिंह ने कहा कि आगामी बरसात से पहले सिंचाई परियोजनाओं की नहरों और जल जीवन मिशन के पाइप लेइंग का कार्य तेजी से करते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सिंचाई संबंधी कार्यों में मुख्य नहर का काम प्राथमिकता से करें। नहरों के निर्माण में भू-अर्जन की जो भी बाधायें है। उन्हें टीएल की बैठक में कलेक्टर के ध्यान में लाकर विभागों के समन्वय से तत्काल निराकृत करें। सर्किट हाउस सतना में बाण सागर नहर परियोजना, जल जीवन मिशन और भू-अर्जन, बरगी नहर परियोजना के अधिकारियों की बैठक लेकर सांसद श्री सिंह ने सिंचाई और जल परियोजनाओं की समीक्षा की। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक नागौद नागेन्द्र सिंह, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, एसडीएम मैहर विकास सिंह, भू-अर्जन अधिकारी सुधीर बेक, कार्यपालन यंत्री नागौद बरगी नहर अजय सिंह, जागृह भगत, जल जीवन मिशन के महाप्रबंधक विवेक कुमार, कार्यपालन यंत्री पीएचई डीएन कनेल, कार्यपालन यंत्री बाणसागर आरएस नट, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन राकेश कुमार



वर्मा सहित कार्यकारी एजेंसियों से संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित थे।

**सिंचित असिंचित भूमि के प्रकरणो ंको एक सप्ताह के भीतर करो निराकृत :** सांसद श्री सिंह ने कहा कि अभी किसानों के खेत खाली पडे हुए है। यही नहरों के कार्य करने का अच्छा समय है। जिन किसानों के मुआवजा के अवार्ड पारित हो गये हैं। उनके खाते में राशि पहुंचाकर कार्य प्रारंभ किये जाये। इसके साथ ही सिंचिंत, असिंचित भूमि से संबंधित लंबित प्रकरणों को राजस्व रिकार्ड से सुधार कर एक सप्ताह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन की समीक्षा में बताया गया कि सतना जिले में बाणसागर परियोजना से जल निगम द्वारा दो चरणों में मल्टी विलेज स्कीम क्रियान्वित की जा रही है। प्रथम फेज में 3 लाख 2 हजार घरों में नल जल के कनेक्शन देना है। जिसमें से अब तक 90 हजार घरों में पानी दिया जा रहा है। कुल 292 टंकियों में से 179 टंकियां का कार्य पूरा कर लिया गया है। शेष प्रगतिरत है और 38 टंकियों का कार्य शीघ्र शुरू किया जायेगा।

सांसद ने कहा कि प्रथम फेज की टंकियां का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करें और गांव की बसाहट के प्रत्येक घर में नल से जल पहुंचाना सुनिश्चित कर गांव को शत-प्रतिशत रूप से कवर करें। परियोजना के प्रथम फेज का कार्य मार्च 2026 तक पूर्ण करने की जानकारी दी गई। द्वितीय चरण के मल्टी विलेज स्कीम के बारे में बताया गया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित इस योजना में इंटेक वेल का निर्माण हो गया है तथा डब्ल्यू टीपी और एच टीपी का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना से मझगवां के 304 गांव, सोहावल के 238 और नागौद के 249 गांव को पेयजल दिया जायेगा। इसके अलावा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा इन तीन विकासखण्डों में 232 पेयजल योजनायें संचालित की जा रही है। इन परियोजनाओं के लिए भी जल जीवन मिशन के तहत दिया जायेगा। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि जल जीवन मिशन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए रेस्टोरेशन कार्य की जानकारी प्रस्तुत करें।

#### नर्मदा का पानी टनल के इस पार अक्टूबर नवम्बर में आने की उम्मीद

बरगी व्यपवर्तन परियोजना के कार्यों की समीक्षा में बताया गया कि सतना जिले में नागौद, सतना शाखा नहर, आरडी 33.30 से 131.40 कि.मी. वितरण प्रणाली सहित रीवा शाखा नहर की आंशिक लम्बाई 60 कि.मी. वितरण प्रणाली का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। इसमें सतना जिले के 99 हजार 194 हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई के लिए पानी दिया जाना प्रस्तावित है। बरगी व्यपवर्तन परियोजना में आरडी 104 कि.मी. से 116 कि.मी. स्लीमनाबाद टनल का कार्य कटनी जिले में चल रहा है। जिसकी कुल लम्बाई 11.95 कि.मी. है। अब तक 10.85 कि.मी. टनल का निर्माण हो चुका है और 1100 मीटर टनल का कार्य किया जाना शेष है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि स्लीमनाबाद में नहर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और नर्मदा का पानी टनल के इस पार अक्टूबर-नवम्बर माह तक आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसके पहले सतना जिले की शेष नहरों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाये। बैठक में सिंहपुर बांध, भैंसवार बांध सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की गई। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि सिंहपुर बांध एक्वाडट से पानी सिपेज का रोकने 9 लाख रूपये की कार्ययोजना प्रस्तावित की गई है। बाणसागर परियोजना के पथंडा, बिरसिंहपुर माइनर और माइक्रो नहर वितरण प्रणाली की जानकारी भी ली गई।

# कुख्यात पशु एवं मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

### कोठी पुलिस ने तस्कर निहाल अख्तर को किया गिरफ्तार



**जागरण, सतना।** लम्बे समय से पशु तस्करी एवं मादक पदार्थो की तस्करी में कुख्यात हो चुके आरोपी निहाल अख्तर को कोठी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश, एएसपी विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में कोठी थाना प्रभारी गिरजा शंकर बाजपेयी द्वारा की गई है। उल्लेखनीय है कि तस्कर निहाल फरार चल रहा था जिसे गिरफ्तार किया गया है।

**ये है विवरण :** बताया जाता है कि पुलिस को 7 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ट्रक क्रमांक एमपी 53 जेडबी 9185 में पशुओ की तस्करी की जा रही है। खबर लगते ही पुलिस ने उक्त वाहन को चेक कर ड्राईवर व उसके 3 सार्थियों के कब्जे से 36 सीसी प्रतिबंधित कफ सिरप और 40 नग भैस पड़ा बरामद किये ।पूछताछ में आरोपियों ने न तो प्रतिबंधित कफ सिरप के संबंध में कोई वैधानिक दस्तावेज उपलब्ध कराये और न ही मावेशियो के संबंध में । आरोपीगणों के कब्जे से 36 शीशी कोरेक्स ट्रक एवं भैंसध्पडवा कुल 31,46,120 रूपये का कीमती सामग्री जप्त कर एनडीपीएस एक्ट ड्रग कण्ट्रोल एक्ट पशु क्रूरता अधिनियम बीएनएस व मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया गया था ।इसी प्रकरण में फरार चल रहे कुख्यात पशु एवं मादक पदार्थ तस्कर निहाल अख्तर निवासी खूथी को गिरफ्तार करने में कोतवाली और कोठी की संयुक्त पुलिस टीमों द्वारा सफलता हासिल की गई है जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। ज्ञात हो की उक्त तस्कर के ऊपर एक दर्जन से ज्यादा मुक़दमे सतना के विभिन्न थानों में दर्ज है। कोतवाली की टीम से निरीक्षक रावेंद्र द्विवेदी, प्र आर रजनीश साकेत,आरक्षक सोनम वाल्मीकि गुप्ता,आर देवेश तिवारी,आर विनय प्रजापति,थाना प्रभारी निरी गिरजा शंकर बाजपेयी, सउनि अश्वनीधर द्विवेदी, सउनि आरबी सिंह प्रआर सुधीश अग्निहोत्री, महेश बंसल, प्रआरआशीष दुबे देवेन्द्र सेन प्रमोद तिवारी आर मानवेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।






# ग्रामीण जल चौपाल में सीख रहे पानी प्रबंधन के सूत्र



### जल गंगा संवर्धन अभियान से पानी बचाने और संजोने की मिल रही दिशा

**जागरण, सतना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला प्रशासन और कलेक्टर सतीश कुमार एस के दिशा निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के वालंटियर गांव-गांव पहुंचकर जल चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए उन्हें विभिन्न तकनीकों से अवगत करा रहे हैं। मझगवां जनपद के बिरसिंहपुर ग्राम पंचायत में आयोजित जल चौपाल पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. राजेश तिवारी, कृष्ण बिहारी मंदिर के महंत संतोष दास जी महाराज तथा नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामकृष्ण नामदेव उपस्थित रहे। जल चौपाल को संबोधित करते हुए डॉ. तिवारी ने बताया कि पानी बनाया नहीं जा सकता। केवल उचित प्रबंधन से हम पानी को पीने योग्य एवं अपने उपयोग हेतु प्राप्त कर सकते हैं। प्रतिवर्ष जितनी वर्षा होती है हमें केवल उसके तीन प्रतिशत जल की आवश्यकता संपूर्ण निस्तार हेतु होती है। परंतु वर्षा के जल का उचित प्रबंध न हो पाने के कारण वर्षा जल जमीन के रास्ते समुद्र में चला जाता है। ग्रीष्मकाल आने पर हमें जल संकट का सामना करना पड़ता है, अब आवश्यकता है कि समाज मिलकर पानी का उचित प्रबंध करें। हम घर का पानी घर में एवं गांव का पानी गांव में रोक कर सतही जल स्तर को बढ़ा सकते हैं, जिससे हमें वर्ष भर पानी की उपलब्धता रहेगी और तथा कृषि कार्य में पानी की कमी नहीं होगी। अतः पूरा समुदाय एक साथ जागृत होकर पानी बचाने और पानी रोकने दोनों तरीकों पर कार्य करते हुए गांव-गांव में सोखता गड्ढे, बोरी बंधान, पहाड़ों में स्ट्रैंचेज, मेढ़ बंधान आदि की व्यवस्था करनी होगी। बरसात में हम अधिक से अधिक पानी को अपने गांव में रोक कर जल स्रोतों के उचित रखरखाव से अपने गांव के पानी को उपयोगी बना सकते है। हम सभी का यह प्रयास होना चाहिए की चौमासा में जल स्रोतों के किनारे अधिक से अधिक पौधे लगाए। जिससे उनकी जड़ों के माध्यम से सभी जल स्रोतों को 12 महीने पानी उपलब्ध रहे। बूंद बूंद से घड़ा भरता है तो निश्चित रूप से सभी की सहभागिता से जल गंगा संवर्धन अभियान का लक्ष्य अवश्य पूरा होगा और हम सभी के जीवन में जल संकट दूर होगा। चौपाल के अंत में नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामकृष्ण नामदेव द्वारा सभी उपस्थित ग्रामीणों को जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

## 3 सदस्यीय जांच कमेटी करेगी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यों की जांच

**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों की जांच के लिए 3 सदस्यीय जांच समिति की गठन किया है। इस समिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग तथा जिला कोषालय अधिकारी को शामिल किया गया है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा 16 मई को ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान किये गये निरीक्षण में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के स्वीकृत कार्यों में नाला ट्रेंचिंग, नाला/स्टाप डैम की मिट्टी हटाना, गहरीकरण करना, तालाब का गहरीकरण, खोदाई कार्य में प्रथम दृष्टया अनियमितता पाई गई थी। कलेक्टर ने जांच समिति को ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत कार्यों का भौतिक, वित्तीय एवं तकनीकी मापदण्डों पर निरीक्षण करते हुए एक सप्ताह में जांच प्रतिवेदन मय साक्ष्य सहित प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।










## ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर दी हार्दिक बधाई

**सतना।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा पूज्य संत, पद्मविभूषित जगद्गुरु तुलसीपीठाधीश्वर, रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी महाराज को संस्कृत भाषा और साहित्य के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान हेतु प्रतिष्ठित 'ज्ञानपीठ पुरस्कार-2023' से सम्मानित किए जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें आत्मीय बधाई दी है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी का संपूर्ण जीवन त्याग, तपस्या, विद्वता और करुणा का अनुपम संगम है। उन्होंने शारीरिक सीमाओं के बावजूद ज्ञान, संस्कृति और संस्कृत साहित्य के संवर्धन हेतु जो कार्य किया है, वह समूचे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका यह सम्मान वास्तव में उस सनातन चेतना का सम्मान है, जो भारत की आत्मा में प्रवाहित होती है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संस्कृत भाषा और दर्शन को जन-जन तक पहुँचाने के लिए जगद्गुरु जी ने जो अनथक साधना की है, वह एक युगद्रष्टा संत की पहचान है। ज्ञानपीठ जैसा सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान उनके तप और कर्म की स्वीकृति है। यह केवल एक संत का नहीं, अपितु सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति और परंपरा का गौरव है। उल्लेखनीय है कि जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी जन्म से दृष्टिबाधित होने के बावजूद रामायण, महाभारत, वेद, उपनिषद, दर्शन और संस्कृत साहित्य में अप्रतिम विद्वान हैं। वे अनेक भाषाओं में निपुण हैं और उन्होंने दर्जनों ग्रंथों की रचना की है। वे तुलसीपीठ, चित्रकूट के अधिष्ठाता हैं और शिक्षा, दिव्यांगजन सेवा व धर्म के क्षेत्र में अनेक संस्थाओं के माध्यम से कार्य कर रहे हैं।











जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com